स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, बृहस्पतिवार
1 मई, 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष 4
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक -249 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

नवाज शरीफ की बेटी मरियम की गीदड़ भभकी

(पेज 12)



## आईएससीई-आईएससी परिणाम : लड़कियों ने फिर मारी बाजी



**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (CISCE) ने कक्षा 10 (आईएससीई) और कक्षा 12 (आईएससी) का रिजल्ट जारी कर दिया। इस परीक्षा के लिए शामिल होने वाले सभी छात्र सीआईसीई की आधिकारिक वेबसाइटों के जरिए अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। सीआईएससीई की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा के नतीजों में लड़किया लड़कियां एक बार से फिर से आगे रहीं। कक्षा 10वीं की परीक्षा में लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 99.45 और लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 98.64 है।

इसी तरह 12वीं कक्षा में भी लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया, जिसमें लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 99.45 और लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 98.64 है। आईसीएसई परीक्षा (कक्षा 10) 67 लिखित विषयों में आयोजित की गई थी, जिनमें से 20 भारतीय भाषाएं और 14 विदेशी भाषाएं थीं और एक शास्त्रीय भाषा थी। आईएससी परीक्षा (कक्षा 12) 47 लिखित विषयों में आयोजित की गई थी, जिनमें से 12 भारतीय भाषाएं, चार विदेशी भाषाएं और दो शास्त्रीय भाषाएं थीं। मुख्य कार्यकारी जोसफ इमैनुएल ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'उम्मीदवार और पक्षकार सीआईएससीई वेबसाइट या बोर्ड के करियर पोर्टल पर परिणाम देख सकते हैं। परिणाम डिजिलॉकर के माध्यम से भी देखे जा सकते हैं।' कक्षा 10 (आईसीएसई) और कक्षा 12 (आईएससी) के लिए सुधार परीक्षा जुलाई में आयोजित की जाएगी।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लिए कई महत्वपूर्ण फैसले


# देश में होगी जाति जनगणना

**नई दिल्ली।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने जातिगत जनगणना को लेकर बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का एलान कर दिया है। यह जनगणना मूल जनगणना के साथ ही कराई जाएगी। कैबिनेट की बैठक के बाद

**मूल जनगणना के साथ ही होगी यह जनगणना**

**गन्ने की एफआरपी बढ़ाई गई**

मंत्रिमंडल के फैसलों पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति ने आज फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कर पूर्ववर्ती सरकारों ने हमेशा से ही जातिगत जनगणना का विरोध किया है। आजादी के बाद से ही जाति को जनगणना की किसी भी प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया। 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री दिवंगत मनमोहन सिंह ने लोकसभा में आश्वासन दिया कि जातिगत जनगणना को कैबिनेट के सामने रखा जाएगा। इसेक बाद एक मंत्रीमंडल समूह का गठन किया गया। इसमें ज्यादातर राजनीतिक दलों ने जातिगत जनगणना की संस्तुति की। इसके बावजूद भी कांग्रेस ने महज खानापूर्ति का ही काम किया। उसने महज सर्वे कराना ही उचित समझा।




केंद्रीय मंत्री ने कहा, यह अच्छी तरह से समझा जा सकता है कि कांग्रेस और उसके इंडी गठबंधन के सहयोगियों ने जाति जनगणना को केवल एक राजनीतिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया है। जनगणना का विषय संविधान के अनुच्छेद 246 की केंद्रीय सूची की क्रम संख्या 69 पर अंकित है। यह केंद्र का विषय है। हालांकि, कुछ राज्यों ने जातियों की गणना के लिए सर्वेक्षण सुचारू रूप से किया है, जबकि राजनीतिक दृष्टिकोण से गैर-पारदर्शी तरीके से ऐसे सर्वेक्षण किए हैं। ऐसे सर्वेक्षणों ने समाज में भ्रांति फैली है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारा सामाजिक ताना-बाना राजनीति के दबाव में न आए। हमें जाति जनगणना के लिए एक मंच तैयार करना चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि समाज आर्थिक और समाजिक दृष्टि से मजबूत होगा और देश का विकास भी निर्बाध रूप से चलती रहेगी। केंद्र सरकार की कैबिनेट की बैठक में बुधवार को कई अहम फैसले लिए गए हैं। इनमें गन्ने के एफआरपी को बढ़ाने का एलान किया गया है। गन्ने की नई एफआरपी 355 रुपए प्रति कुंटल की गई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, चीनी सीजन 2025-26 के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 355 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। यह बेंचमार्क मूल्य है, जिससे नीचे इसे नहीं खरीदा जा सकता है। सरकार ने असम और मेघालय के बीच नए हाईवे के निर्माण को मंजूरी दी है। यह हाईवे सिल्चर से शिलॉन्ग तक बनेगा। इसका निर्माण नॉर्थ ईस्ट कॉरिडोर के तहत किया जा रहा है।



### आज का मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | - $35^0$ |
| न्यूनतम तापमान | - $25^0$ |
| सूर्योदय | - 05:28 |
| सूर्यास्त | - 06:38 |

आसमान साफ रहेगा।

## राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड पुनर्गठित

**नई दिल्ली।** सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन किया है। पूर्व रॉ प्रमुख आलोक जोशी को इसका अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पूर्व पश्चिमी एयर कमांडर एयर

**पूर्व रॉ प्रमुख बने अध्यक्ष**

मार्शल पीएम सिन्हा, पूर्व दक्षिणी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह और रियर एडमिरल मोंटी खन्ना सैन्य सेवाओं से सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। राजीव रंजन वर्मा और मनमोहन सिंह भारतीय पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त दो सदस्य हैं। सात सदस्यीय बोर्ड में बी वेंकटेश वर्मा सेवानिवृत्त आईएफएस हैं।



पुनर्गठन को सरकार द्वारा रणनीतिक निगरानी और सलाहकार तंत्र को मजबूत करने के लिए एक सक्रिय कदम के रूप में देखा जाता है, क्योंकि पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में पाकिस्तान की कथित संलिप्तता को लेकर उसके साथ तनाव बढ़ गया है। इस हमले ने आतंकवाद विरोधी अभियानों की एक श्रृंखला को बढ़ावा दिया है और सीमा पर सुरक्षा तैयारियों को बढ़ा दिया है। एनएसएबी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (एनएससीएस) के तत्वावधान में कार्य करता है और राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेशी मामलों से संबंधित मुद्दों पर सरकार को दीर्घकालिक रणनीतिक विश्लेषण और नीति सिफारिशें प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## मध्यस्थता फैसले संशोधित कर सकती हैं अदालतें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने यह तय करने के लिए बुधवार को फैसला सुनाया कि क्या अदालतें 1996 के मध्यस्थता

**सुप्रीम कोर्ट ने बहुमत से दिया फैसला**

और सुलह कानून के तहत मध्यस्थ फैसलों में संशोधन कर सकती हैं या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने 4:1 के बहुमत से फैसला सुनाया कि अदालतें मध्यस्थता और सुलह पर 1996 के कानून के तहत मध्यस्थता फैसलों को संशोधित



कर सकती हैं। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की ओर से बहुमत से लिए गए फैसले में कहा गया है कि ऐसे फैसलों को संशोधित करने की शक्ति का प्रयोग अदालतों की ओर से सावधानी के साथ किया जाना चाहिए।

### मुख्तार अंसारी की मौत पर याचिका सुनने से इंकार

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मृत माफिया मुख्तार अंसारी की मौत को लेकर दायर की गई याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। यह याचिका मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी की ओर से दायर की गई थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि चूंकि याचिका मूल रूप से मुख्तार अंसारी के जीवित रहते दायर की गई थी, इसलिए उनकी मृत्यु के बाद कार्यवाही जारी रखने का कोई आधार नहीं है। अदालत ने उमर अंसारी को सलाह दी कि वह आगे कोई कानूनी कार्रवाई करने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाए।

### दिव्यांगों को भी सुलभ हो ई-केवाईसी सुविधा

ई-केवाईसी (डिजिटल नो योर कस्टमर) प्रक्रिया को दिव्यांग व्यक्तियों के लिए भी सुलभ बनाया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की है। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने एसिड अटैक पीड़िता और दृष्टिहीन या दृष्टि बाधित लोगों को ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करने में आने वाली समस्याओं के संबंध में जनहित याचिका पर फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि डिजिटल पहुंच का अधिकार भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का अभिन्न अंग है।

## कानपुर में शुभम के परिवार से मिले राहुल

**कानपुर।** लोकसभा नेता एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले में मारे गए कानपुर निवासी शुभम द्विवेदी के परिवार से मुलाकात की। इस

**कहा आतंक का करारा जवाब देना होगा**

दौरान राहुल गांधी ने पीड़ित परिवार का ढाढ़स बंधाया। कांग्रेस ने एक्स पर लिखा कि पहलगाम में हुआ हमला देश के भाईचारे और सद्भाव पर गहरी चोट है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। हमें एकजुट होकर आतंक को करारा जवाब देना होगा। राहुल ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वालों के लिए एक विशेष संसद सत्र रखा जाए, जिसमें इस गंभीर मामले से जुड़ी चर्चा हो। राहुल ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। शुभम की पत्नी ऐशन्या राहुल को



देखकर रोने लगीं। ऐशन्या ने राहुल को घटना के बारे में सबकुछ बताया। शुभम के घर राहुल करीब 28 मिनट रुके। मृतक शुभम द्विवेदी के पिता संजय द्विवेदी ने कहा कि मेरी मांग है कि शुभम को शहीद का दर्जा दिया जाए। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने संसद में विशेष सत्र के लिए पीएम को पत्र लिखा है। प्रियंका गांधी ने मुझसे बात की और कहा कि मेरी मांगें सही हैं। उन्होंने कहा- मैं सरकार पर दबाव बनाऊंगी और अपने स्तर पर शुभम को शहीद का दर्जा देने के लिए उनसे बात करूंगी।

### सिसोदिया और सत्येंद्र जैन पर एफआईआर

**नई दिल्ली।** भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने आप नेताओं और दिल्ली के पूर्व मंत्रियों मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ राजधानी भर के सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के एक बड़े घोटाले के सिलसिले में मामला दर्ज किया है। एसीबी के अनुसार, यह घोटाला करीब 2,000 करोड़ रुपये का है, जो आप सरकार के कार्यकाल के दौरान 12,748 कक्षाओं और संबंधित इमारतों के निर्माण से जुड़ा है। सक्षम प्राधिकारी से भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17-ए के तहत आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद एसीबी ने मामला दर्ज किया।

### देवेन भारती होंगे मुंबई के नए पुलिस कमिश्नर

**मुंबई।** मुंबई के नए पुलिस कमिश्नर के रूप में देवेन भारती जिम्मेदारी संभालेंगे। वह विवेक फनसालकर के सेवानिवृत्त होने के बाद कार्यभार संभालेंगे। विवेक आज सेवानिवृत्त हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी देवेन भारती को मुंबई पुलिस का नया आयुक्त नियुक्त किया गया है। भारती ने शाम को विवेक फनसालकर से शहर के शीर्ष पुलिस आयुक्त का पदभार ग्रहण किया जो 35 साल तक पुलिस बल में सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए।

### कोलकाता के होटल में आग से 15 मरे

**कोलकाता।** कोलकाता के बड़ाबाजार के मेचुआ फलपट्टी स्थित एक होटल में लगी आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। मृतकों में 11 पुरुष, एक महिला और दो बच्चे शामिल हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार 14 में से 8 लोगों के शवों की पहचान हो गई है। बाकी लोगों की पहचान करने का काम चल रहा है। इस घटना में घायलों की संख्या 13 है। इनमें से 12 को प्रारंभिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। एक व्यक्ति अस्पताल में भर्ती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मृतकों के लिए 2 लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की है। घायलों को मुआवजे के रूप में 50,000 टका दिया जाएगा।

## केंद्र ने की कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर समीक्षा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक हुई। इस बैठक में पहलगाम आतंकवादी हमले के संदर्भ में जम्मू-कश्मीर की मौजूदा सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की गई। सीसीएस की बैठक प्रधानमंत्री के लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर हुई। इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर शामिल हुए। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में प्रमुख पर्यटन स्थल पर 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। सीसीएस की बैठक को लेकर हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। पहलगाम हमले के बाद सीसीएस की यह दूसरी बैठक है। सीसीएस की 23 अप्रैल को हुई पहली बैठक में पाकिस्तान के खिलाफ कई कदम उठाये जाने का निर्णय लिया गया था, जिसमें सिंधु जल संधि को स्थगित करना, अटारी सीमा चौकी को बंद करना और हमले के सीमा पार संबंधों के मद्देनजर राजनयिक संबंधों को कमतर करना शामिल था। जवाब में पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था और तीसरे देशों के माध्यम से होने वाले व्यापार समेत भारत के साथ सभी तरह के व्यापार पर रोक लगा दी थी।

### पाक ने एलओसी पर पांचवें दिन भी की गोलीबारी

**श्रीनगर।** पाकिस्तानी सेना ने लगातार पांचवें दिन मंगलवार रात को भी जम्मू-कश्मीर के नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों में नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। सेना के प्रवक्ता ने बुधवार सुबह बताया कि इसके अलावा पाकिस्तानी सेना की चौकियों से बारामुला और कुपवाड़ा जिलों में नियंत्रण रेखा के पार से और परगवाल सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार से भी बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की गई। भारतीय सेना के जवानों ने तेजी से और आनुपातिक रूप से इसका उचित जवाब दिया। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तानी सेना पिछले पांच दिन से नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के गोलीबारी कर रही है, जिसका करारा जवाब दिया जा रहा है। भारतीय सेना की ओर से कहा गया, 29-30 अप्रैल की रात को, पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने जम्मू और कश्मीर के केंद्र शासित प्रदेश में नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों के सामने नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी शुरू कर दी।

## बांग्लादेश में चिन्मय दास को राजद्रोह केस में मिली जमानत

**ढाका।** बांग्लादेश की एक अदालत ने आज देशद्रोह के एक मामले में पूर्व इस्कॉन नेता चिन्मय कृष्ण दास को जमानत दे दी। बांग्लादेश में इस्कॉन के संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। सत्ता परिवर्तन के बाद से वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हुई हिंसा के खिलाफ चिन्मय एक प्रमुख आवाज बनकर उभरे थे। चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद उनके अनुयायी सड़क पर उतर आए थे। भारत ने भी मामले को लेकर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के लिए चिंता व्यक्त की थी। चंदन




कुमार धर, जिन्हें चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी के नाम से भी जाना जाता है, सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता और चटगांव इस्कॉन के नेता हैं। वहे अपने धार्मिक भाषणों के लिए जाने जाते हैं।

## मेहुल चोकसी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने ऋण धोखाधड़ी मामले में हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। करोड़ों डॉलर के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) धोखाधड़ी के मुख्य आरोपी चोकसी को भारतीय जांच एजेंसियों की ओर से प्रत्यर्पण अनुरोध के बाद 12 अप्रैल को बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया था। उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट हाल ही में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एस्प्लेनेड कोर्ट) आर बी ठाकुर द्वारा जारी किया गया था।

## अध्ययन : तापमान में अचानक उतार-चढ़ाव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक



**नई दिल्ली।** विश्वभर में जलवायु परिवर्तन का असर अब केवल तापमान वृद्धि तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अब मौसम में तेजी से होने वाले अप्रत्याशित बदलाव इसके नए रूप में सामने आ रहे हैं। तापमान में अचानक भारी उतार-चढ़ाव अब दुनिया के सामने एक नई चुनौती के रूप में उभर रहा है। वर्ष 1961 से 2023 तक के आंकड़ों पर आधारित

**बेकाबू उत्सर्जन से बढ़ेगा खतरा**

एक वैश्विक अध्ययन से यह सामने आया है कि पिछले छह दशकों में पृथ्वी के 60 फीसदी से अधिक हिस्सों में गर्मी और सर्दी के बीच तापमान में अचानक उतार चढ़ाव बढ़ा है। चीन, अमेरिका व कनाडा के विभिन्न शोध संस्थानों के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार तापमान में अचानक भारी बदलाव जिसे वैज्ञानिकों ने रैपिड टेम्परेचर फ्लिप्स कहा है, न केवल मानव स्वास्थ्य के लिए बल्कि कृषि, पारिस्थितिकी तंत्र और अवसंरचनात्मक (इंफ्रास्ट्रक्चरल) ढांचे के लिए भी एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय जर्नल नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित इस अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि यदि वैश्विक तापमान वृद्धि को नियंत्रित नहीं किया गया तो सदी के अंत तक इस तरह के मौसमी झटकों की आवृत्ति और तीव्रता विशेष रूप से विकासशील और कमजोर देशों में बहुत अधिक बढ़ जाएगी। वैज्ञानिकों के अनुसार जब तापमान थोड़े समय में अत्यधिक गर्मी से बेहद सर्दी या फिर सर्दी से गर्मी में बदलता है तो जीव-जंतुओं और मनुष्यों के लिए अनुकूलन करना बेहद कठिन हो जाता है।

## गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के कपाट खुले

**उत्तरकाशी।** अक्षय तृतीय के पावन पर्व पर गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही आज उत्तराखंड में चारधाम यात्रा का आगाज हो गया है। कपाटोद्घाटन के सैकड़ों लोग साक्षी बने। इस दौरान हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। पीएम मोदी के नाम से धामों में पहली पूजा हुई। अब निरंतर छह माह तक गंगोत्री धाम मां गंगा के दर्शन करेंगे। बुधवार सुबह 10 बजकर 30 मिनट के अभिजीत मुहूर्त पर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए गंगोत्री धाम के कपाट खोले गए। कपाटोद्धघाटन मौके पर समूचा गंगोत्री धाम मां गंगे के जयकारो से गूंज उठा। कपाटोद्धघाटन के मौके पर मां गंगा के दर्शन के लिए देश के विभिन्न प्रांतों से श्रद्धालु गंगोत्री धाम पहुंचे।

## पीएम मोदी का रूस दौरा स्थगित

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना रूस दौरा स्थगित कर दिया है। प्रधानमंत्री 9 मई को मॉस्को में होने वाली विजय दिवस परेड में शामिल नहीं होंगे। पीएम मोदी को विजय दिवस परेड के लिए रूस ने आमंत्रित किया था। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी अगले महीने मॉस्को में आयोजित होने वाले विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ समारोह में शामिल नहीं होंगे। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार 9 मई के कार्यक्रम में पीएम मोदी की जगह भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह प्रतिनिधित्व कर सकते हैं।

## अब डिजिटल प्लेटफॉर्म लांच करेंगे सिद्धू

**अमृतसर।** पूर्व क्रिकेटर और राजनेता नवजोत सिंह सिद्धू ने आधिकारिक तौर पर अपने जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत की घोषणा की है। अमृतसर में पत्रकारों से बात करते हुए सिद्धू ने कहा, मैं स्वतंत्र हूं, इस चैनल पर मुझ पर कोई प्रतिबंध नहीं है। उन्होंने खुलासा किया कि वह जनता से सीधे जुड़ने के लिए अपना खुद का डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च कर रहे हैं। सिद्धू ने अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल - नवजोत सिद्धू ऑफिशियल के लॉन्च की घोषणा की, जिसके माध्यम से वह प्रेरक सामग्री साझा करने और लोगों से उनके लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर जुड़ने की योजना बना रहे हैं।

### जनता दरबार में सीएम योगी का अधिकारियों को सख्त निर्देश

# जनसमस्या का पूर्ण समाधान कराएं अधिकारी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मगलवार को दो दिन के दौरे पर गोरखपुर पहुंचे। जहां उन्होंने बुधवार को गोरखनाथ मंदिर की पूजा अर्चना की। इसके बाद उन्होंने महंत दिग्विजय नाथ स्मृति सभागार में जनता दरबार लगाया। इस दौरान सीएम ने 200 लगा की समस्या सुनी और उनके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि गरीब और कमजोर वर्ग की जमीनों पर कब्जा करने वाले



दबंगों को कड़ा सबक सिखाया जाये और जमीन को कब्जा मुक्त करायें। बता दें कि मुख्यमंत्री ने बुधवार को यहां गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गरीबों की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है तो तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को सबक सिखाया जाए। किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कानून सम्मत सख्त एक्शन लिया जाए। उन्होंने आगे कहा कि सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। जनता दर्शन के दौरान एक महिला ने जमीनी विवाद से जुड़ी समस्या मुख्यमंत्री को बताई।

# पड़ोसी पर पुत्री का जबरन अंतिम संस्कार का आरोप

## रविवार को घर में घुसकर पुत्री के साथ की थी मारपीट

**रोजा-शाहजहांपुर।** रोजा के मठिया कालोनी की एक बेबा ने पड़ोसी पर घर में घुस कर नाबालिग पुत्री के साथ मारपीट करने व हत्या कर डरा धमकाकर जबरन अंतिम संस्कार करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी हैं थाना प्रभारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिये हैं।

थाना रोजा के मठिया कालोनी निवासी मनोज कुमार की बेबा पुनीता ने पुलिस को बताया कि मोहल्ले के ही शिवसागर गुप्ता व उनके परिवार वाले रविवार को घर में जबरन घुस आये और उसकी पुत्री शिवानी (16) के साथ मारपीट की और धमकी दी कि यदि पुलिस में शिकायत की तो पूरे परिवार को जान मार देंगे। सोमवार को वह बच्चों के सा प्रसाद चढ़ाने गई हुई थी, घर में उसकी पुत्री



शिवानी अकेली थी। जब लौट कर घर आई तो देखा उसकी पुत्री कमरे के फांसी के फंदे से झूल रही थी। शोर मचाने पर पड़ोसी आ गये। तभी शिवसागर गुप्ता और उसके परिवार वाले भी पहुंच गए। आरोप है कि शिवसागर गुप्ता बेटी के अंतिम संकार के लिये जल्दबाजी करने लगा, जब उसने कहा कि उसके दो बेटे बाहर हैं उनके आने पर ही अंतिम संस्कार करेगी तो शिवसागर गुप्ता धमकी देने लगा। आरोप है कि बाद में शिवसागर गुप्ता और उसके परिजन ने जबरन उसकी बेटी का अंतिम संस्कार कर दिया। पुनीता ने पुलिस को बताया कि शिवसागर ने उसे और बच्चों को धमकी दी कि पुलिस से शिकायत की तो पूरे परिवार को जान से मार देगा। दूसरी ओर मोहल्ले में चर्चा हैं कि अंतिम संस्कार में परिवार का कोई व्यक्ति शामिल नहीं था। दूसरा प्रश्न ये उठता हैं कि नाबालिग बच्ची का दाह संस्कार क्यों किया उसे तो दफना चाहिये कहीं ऐसा तो नहीं कि सबूत मिटाने के लिये दाह संस्कार किया गया हो ? वही थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि महिला ने थाने पर आकर लिखित में शिकायत की है, मामला गंभीर हैं, जांच की जा रही हैं। जांच के बाद दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। वही पुलिस ने आरोपियों की तलाश में दविश दी तो आरोपी फरार हो गये।

# भगवान परशुराम जयंती पर निकली विशाल शोभायात्रा



**पुवायां-शाहजहांपुर।** भगवान परशुराम जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। डॉक बंगला स्थित सिद्धेश्वर नाथ मंदिर पर बड़ी संख्या में परशुराम सैनिक एवं हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता एकत्रित हुए। नगर में जगह जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

बुधवार को ब्राह्मण महासभा (रा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश शुक्ला के आयोजन में भगवान परशुराम जी महाराज की जयंती के अवसर पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया। नगर के डॉकबंगला स्थित सिद्धेश्वर नाथ मंदिर परिसर में सैकड़ों परशुराम सैनिक एवं हिंदू संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता एकत्रित हुए। सिद्धेश्वर नाथ मंदिर पर आचार्य दीनबंधु बाजपेई द्वारा हवन पूजन किया गया। जिसके बाद शोभायात्रा को रवाना किया। शोभायात्रा ढोल नगाड़ों के साथ सिद्धेश्वर नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर खुटार रोड से होते हुए नगर के मुख्य चौराहे राजीव चौक पहुंची। इस दौरान केमिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष संचित सिंह एवं महामंत्री रोहित वैश्य ने यात्रा में शामिल लोगों को जलपान कराया। जिसके बाद यात्रा राजीव चौक से राजा मार्केट होते हुए गढ़ी पहुंची जहां यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। जहां से यात्रा तिराहा बाजार से होते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा मार्ग से होते हुए सेंट्रल चौराहे से पुनः सिद्धेश्वर नाथ मंदिर पर पहुंच कर संपन्न हुई। इस दौरान ब्राह्मण महासभा (रा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश शुक्ला ने कहा कि परशुराम जी महाराज भगवान विष्णु का छठा अवतार माने जाते हैं। जिनकी कथाएं सतयुग से कलयुग तक मिलती हैं। मान्यता है कि भगवान परशुराम जी 8 चिरंजीवी में से एक है जो कलयुग में भी धरती पर विद्यमान है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम जी महाराज एक ऋषि योद्धा थे। जो अपने धर्म के प्रति प्रतिबद्ध थे। इस दौरान ब्राह्मण महासभा रा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश शुक्ला, राकेश मिश्रा अनावा, डॉ सोम शेखर दीक्षित, वेद प्रकाश पांडे, ब्रह्मानंद मिश्रा, संजीव मिश्रा, आर एस एस के राकेश मिश्रा, जितेंद्र तिवारी, डॉ विजय पाठक , गंगाराम मिश्रा, कपिल अग्निहोत्री, गोपाल अग्निहोत्री, पुनीत शर्मा, विपिन शुक्ला, नरेंद्र शुक्ला , धीरज शर्मा उर्फ राजा नंदा, मनोज मिश्रा, डॉ पंकज मिश्रा, कुशाग्र मिश्रा, आशीष तिवारी, प्रखर मिश्रा, राम भईया, दीपक त्रिवेदी, रमाकांत मिश्रा, गौरव त्रिवेदी, जीत त्रिवेदी, गोविंद त्रिवेदी, विपिन शर्मा, जय प्रकाश पांडे, पूरन मिश्रा, पवन कश्यप, विवेक अवस्थी, अतुल अवस्थी, विपिन मिश्रा, प्रशांत मिश्रा, राजन त्रिवेदी, नीतू दीक्षित, अवनीश मिश्रा, अवधेश मिश्रा, विशाल शुक्ला, रवि पंडित,बबलू पांडे, राजू दीक्षित आदि मौजूद रहे।

**जगह जगह शोभायात्रा का स्वागत**

भगवान परशुराम जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में निकाली गई भव्य शोभायात्रा का नगर में जगह जगह स्वागत किया गया। समाज सेवियों ने घरों व दुकानों की छतो से यात्रा में शामिल लोगों पर पुष्प वर्षा की। केमिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष संचित सिंह एवं महामंत्री रोहित वैश्य ने यात्रा में शामिल लोगों को जलपान कराया तथा पुष्प वर्षा की। जिसके बाद अनेकों जगह शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा की गई और लोगों को जलपान कराया गया। इस दौरान भगवान परशुराम जी महाराज के जय कारे के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान हो गया।

# तनावमुक्त होकर करें पढाई मिलेगी सफलता

**शाहजहांपुर।** होली एंजेल्स स्कूल चिनौर की कक्षा दसवी की छात्रा हर्षी सक्सेना ने बोर्ड परीक्षा में 86.20 फीसदी अंक पाकर खुशी जाहिर करते हुए शिक्षकों व अभिभावकों का धन्यवाद बोला। हर्षी का कहना है कि प?ाई को हमेशा तनावमुक्त होकर करे, इससे आप अच्छे अंक पाए जा सकते हैं। 6-7 घंटे जो भी पढाई की, वह पूरी एकाग्रता व बिना किसी दबाब की है। पिता विशाल सक्सेना पैना हाईडिल में आफिस अस्स्टिटेंट पद पर कार्यरत है और माता संगीता सक्सेना चिनौर में ही बुटिक सेंटर चलाकर लडकियों को



प्रशिक्षित करती हैं। हर्षी ने सफलता के पीछे अपनी बडी बहन शिवांगी सक्सेना जोकि नोयडा में एमबीए कर रही हैं, उनका मार्गदर्शन व शिक्षक्क का सपोर्ट बताया। बेटी की सफलता पर परिजनों ने खुशी जाहिर स्कूल प्रबंधन का धन्यवाद जताया।

# असंगठित मजदूर यूनियन की रैली आज

**शाहजहांपुर।** गत वर्षों की भाति इस वर्ष भी 1 मई अन्तर्राष्टीय श्रमिक दिवस के अवसर पर प्रातः 11 बजे से असंगठित मजदूर यूनियन उत्तर प्रदेश शाहजहाँपुर के असंगठित श्रमिकों का एक जुलूस ,रैली गर्रा पुल गांधी पार्क में एकत्र होगे तथा राष्टपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरान्त गर्रा पुल से प्रारम्भ होकर चार खम्बा रोड से चौक मण्डी होते हुये कच्चा कटरा मोड से घंटाघर से रैली मशीनरी मार्केट बहादुरगंज सदर बाजार चौराहा होते हुये कलेक्ट्रेट पहुँचेगा तथा प्रधानमंत्री भारत सरकार व मुख्यमंत्री उत्तर सरकार के नाम दो ज्ञापन जिलाधिकारी को देकर जुलूस का समापन ज्ञापन देने के उपरान्त होगा। जिसमे मुख्य रूप में यूनियन संरक्षक सुबोध रावत व प्रदेश अध्यक्ष मो खुर्शीद रहेगें।

# लेखपाल व ग्राम प्रधान अवैध पट्टे कराने की कर रहे कोशिश

**पुवायां-शाहजहांपुर।** सिधौली की ग्राम पंचायत कलुआपुर में इन दोनों अवैध पट्टों का मामला काफी दिन से चर्चा में है बताया जा रहा है कि यह मामला सभी अधिकारियों में चर्चा का विषय बना हुआ है सिंधौली ब्लॉक की ग्राम पंचायत कलुआपुर में ग्रामीणों ने लेखपाल वीरेश सिंह व ग्राम प्रधान गायत्री वर्मा पर आरोप लगाते हुए उप जिलाधिकारी पुवायां को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि हमारी ग्राम पंचायत कलुआपुर में अपात्रों को ग्राम प्रधान व लेखपाल मिलकर पट्टे कराने की कोशिश कर रहे हैं ग्रामीणों का कहना है कि जो लोग भूमिहीन है उनके ही पट्टे किए जाएं वहीं ग्राम प्रधान गायत्री वर्मा व लेखपाल वीरेश सिंह जिनके पास जमीन है उनके पट्टे करने पर तुले हुए हैं,ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे लेखपाल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और साथ ही इसका हल्का भी चेंज किया जाए और जो भूमिहीन व्यक्ति हैं उनके ही पट्टे किए जाएं वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह पता चला है कि लेखपाल वीरेश सिंह व ग्राम प्रधान पति दिनेश वर्मा द्वारा फर्जी शपथ पत्र बनवाकर जिन लोगों के नाम पर काफी जमीन है उनको भूमिहीन दिखाकर पट्टे आवंटित करने की प्रक्रिया को पूरा किया गया है। इस बीच मौजूद रहे जयचंद ,फूलचंद, राम सिंह कुशवाहा, कालीचरण, शिवरतन रामकिशोर ,महेंद्र पाल आदि।

# मरीज की मौत, परिजनों का डाक्टर पर लापरवाही का आरोप

**तिलहर( स्वतंत्र भारत )। कटरा** नगर के एक प्राइवेट अस्पताल में एक मरीज की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया। मोहल्ला इस्लामनगर के निवासी याकूब मसूरी 55 वर्ष को बुधवार शाम 9 बजे सिर में दर्द और चक्कर आने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि सुबह 6 बजे मरीज की तबीयत बिगड़ने पर डॉक्टर और स्टाफ को कई बार बुलाने पर कोई ध्यान नहीं दिया। इस लापरवाही के कारण मरीज की मौत हो गई। इसके बाद परिजनो ने थाने के गेट पर मृतक का शव रखकर सैकड़ो लोगों ने हंगामा काटा। डॉक्टर एवं अस्पताल स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष जुगल किशोर पाल पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने



प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर हाईवे से हटाया। इसके बाद यातायात सामान्य हो गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों से तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। बतादें कि परिजनों ने आरोप लगाया कि उनका मरीज बीमार था जिसे डाक्टरों की लापरवाही के कारण मौत हो गयी परिजनों के हगांमा काटा, इसके बाद मौके पर लोग जमा हो गए। इसके बाद लोगों ने जमकर हंगामा काटा। मौके पर पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शात किया। इसके बाद परिजन पुलिस के आश्वासन के बाद शांत हुए। पुलिस ने बताया तहरीर पर कार्रवाई होगी।

# अग्नि पीडितों को विधायक ने दिए चेक



**जैतीपुर-शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री खेत खलिहान अग्निकांड दुर्घटना योजना के अंतर्गत क्षेत्रीय विधायक डा वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने अग्निकांड पीड़ितों को तीस तीस हजार रुपए सहायता धनराशि का चेक दिया है इसके पश्चात उन्होंने बताया कि आग की चपेट में आकर जिसकी भी फसल बर्बाद हुई है उन्हें सरकार की तरफ से हर तरह से नष्ट फसल का मुआवजा दिया जा रहा है। क्षेत्र के गांव शंकरपुर पिटरहाई के अरविंद कुमार की फसल अचानक आग लगने से नष्ट हो गई थी तथा मोहल्ला आतिशबाजान कस्बा कटरा की रेशमा बेगम की फसल बिजली के तारों से शार्ट सर्किट होने से आग से फसल नष्ट हो गई थी विधायक ने दोनों अग्निकांड पीड़ितों को तीस तीस हजार रुपये की सहायता धनराशि का चेक दिया है।

# आग लगने से कृषकों को हुआ हजारों का नुकसान,

**सिंधौली।** मुड़िया मोड़ स्थित सद्दीक अली के खेत में 11 हजार की जर्जर विद्युत लाइन के तार से आग लग गई जिसमें खेत की पराली एवं एक भूसे का बड़ा गूंगा आग की चपेट में आ गया और जल गया। डेढ़ घंटे से लगी आग को बुझाने के लिए ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत की आस पड़ोस से पानी इकट्ठा करके आग को बुझाने का प्रयास किया गया इसके बाद अग्निशमन विभाग को फोन किया गया मौके पर पहुंची अग्नि शमन की टीम ने लगी आग पर काबू पाया मुड़िया मोड़ निवासी मुजीम अली मंसूरी की पानी की मशीन स्प्रे करने वाली ट्रैक्टर से बुझाई गई तब क्षेत्रीय ग्रामीणों ने राहत की सांस ली अग्नि शमन टीम में रवि चौहान, पंकज कुमार शर्मा, फायरमैन अतुल शाक्य व कुलदीप कुमार आदि मौजूद रहे। मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने बताया की खेत के करीब बिजली लाइन गुजर रही थी जिस पर चिड़िया आदि के बैठ जाने से लाइन से चिंगारी खेत से होती हुई गूंगे तक पहुंच गई ग्रामीण एवं अन्य सहयोगियों के साथ में अग्नि शमन विभाग ने आग पर काबू पा लिया।

# सहकार भारती के पदाधिकारियों ने प्रकट किया शोक

**पुवायां।** विकासखंड सिंधौली से जिला पंचायत सदस्य गीता सिंह पत्नी बलवीर सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा का लंबी बीमारी के चलते दिल्ली में निधन होने पर बुधवार को बृज किशोर कटियार की दुकान पर सहकार भारती के पदाधिकारियो ने शोक संवेदना प्रकट की। उन्होंने दिवंग आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। जिसमें सहकार भारती के जिला अध्यक्ष सर्वेश कुमार त्रिवेदी एवं जिला उपाध्यक्ष रामकिशोर तिवारी, अशोक सिंह फौजी, रितेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर कटरा में लगेगा श्रमिक जागरूकता एवं पंजीकरण शिविर

**शाहजहांपुर।** अन्तर्राष्टीय श्रमिक दिवस 1 मई के उपलक्ष्य पर श्रग विभाग शाहजहांपुर द्वारा श्रमिक जागरूकता एवं पंजीकरण शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे स्थान निर्माणाधीन अल्ट्राटेक सीमेण्ट लिमिटेड कारखाना, कसरक, कटरा आयोजित होगा। जिसमे मुख्य अतिथि डा वीर विक्रम सिंह प्रिंस विधायक द्वारा किया जाएगा। शिविर में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत मजदूरों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। जिनका उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा असंगठित क्षेत्र के 41 निर्माण श्रेणियों में कामगार के रूप में कार्यरत निर्माण मजदूरों के उत्थान के लिए उनका बोर्ड के अन्तर्गत पंजीयन तथा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना और लघु व्यापारियों के लिए नेशनल पेंशन योजना ट्रेडर्स में पंजीकरण किया जाएगा पंजीयन की गत 12 माह में न्यूनतम ९० दिन निर्माण श्रमिक यथा राजमिस्त्री, बेलदार, प्लम्बर, इलैक्ट्रीशियन, टायल्स पत्थर कारीगर मजदूर, पुताई कार्य, मनरेगा कार्य, ईट भट्ठा मजदूर व अन्य निर्माण मजदूर के रूप में कार्य किये जाने का सेवायोजक द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र अथवा स्वः घोषणा पत्र, निर्माण श्रमिक का आधार कार्ड, परिवार का आधार के अनुसार विवरण, बैंक खाता व एक नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, पंजीयन शुल्क ४० (रू0 २०/ पंजीयन शुल्क रू0 २० अंशदान शुल्क), निर्माण श्रमिक की आयु सीमा 18 वर्ष से अधिक व 60 वर्ष पूर्ण न की हो। बोर्ड की संचालित विभिन्न योजनाओं को प्राप्त करने हेतु प्रत्येक वर्ष रू0 २० अंशदान जमा कर पंजीयन कार्ड की निरन्तरता बनाये रखना आवश्यक है। पूर्वोक्त अंशदान अधिकतम ०३ वर्ष की अवधि के लिये एक बार जमा किया जा सकता है। उत्त पंजीयन नजदीकी जन सेवा केन्द्र द्वारा अथवा बोर्ड की ओपन साइट पर निर्माण श्रमिक स्वयं अपना श्रमिक पंजीयन कर सकता है। बोर्ड द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितार्थ विभिन्न हितकारी योजनाएं संचालित है। मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना , प्रथम प्रसव व द्वितीय प्रसव उपरान्त में पुत्र होने पर २००००/- पुत्री होने पर २५०००/- एकमुश्त देय। महिला कर्मकार को संस्थागत प्रसव की स्थिति में 3 नाह के न्यूनतम वेतन के समतुल्य धनराशि पुरूष श्रमिक होने की दशा में संस्थागत प्रसव होने की दशा में छह हजार मातृत्व हित लाभ देय। बालिका मदद योजना पहली कन्या सन्तान एवं दूसरी सन्तान भी बालिका होने पर हितलाभ देय। निःसंन्तान दम्पत्ति में कानूनी रूप से गोद ली गयी बालिका को भी देय। उक्त लाभ जन्म होने पर एक मुश्त **२५ हजार** सावधि जमा जो 18 वर्ष के लिए होगा, के माध्यम से देय। कन्या विवाह सहायता योजना पंजीकृत निर्माण श्रमिक की दो पुत्रियों तक विवाह हेतु हितलाभ रू0 **55 हजार**, मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना पंजीकृत निर्माण श्रमिक की सामान्य मृत्यु होने की दशा में उसके आश्रित को **दो लाख देय** एवं अन्तेष्टि हेतु **25 हजार** एकमुश्त देय। दुर्घटना में मृत्यु होने की दशा में **रू० ५ लाख** एवं अन्तेष्टि हेतु 25 हजार एकमुश्त देय। उक्त ईश्रम पंजीकरण उपरान्त श्रमिकों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत पंजीकृत कामगारों एवम् उनके परिवारजनों के रूपय 5 लाख तक कैशलैश इलाज की निःशुल्क सुविधा एवं मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना के अन्तर्गत पंजीकृत कामगार की दुर्घटनावश मृत्यु होने पर उसके वारिसों को तथा दिव्यांगता होने पर मृत्यु/दिव्यांगता की छः श्रेणिगयों में अधिकतम 12 लाख की आर्थिक सहायता का लाभ उठा सकेंगे। एतदद्वारा जनपद के समस्त श्रमिक/कर्मकार/व्यापारी, दुकानदारों, खुदरा व्यापारियों, राइस, तेल मिल, कारखाना मालिकों, कमीशन एजेण्टों, छोटे होटल/रेस्टोरेन्ट आदि के स्वामियों से अपील की जाती है कि यह निकटतम जनसुविधा केन्द्रों पर, सम्पर्क करते हुए अधिकाधिक संख्या में श्रमिकों का पंजीकरण कराते हुए हितकारी योजनाओं का लाभ उठायें।

# डॉ अनुराग वियतनाम के शैक्षिक भ्रमण से लौटे



**शाहजहांपुर।** एस.एस. कॉलेज वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ अनुराग अग्रवाल वियतनाम की नौ दिवसीय शैक्षिक यात्रा पूर्ण करके स्वदेश लौट आए हैं। उन्होंने वर्ल्ड आयुष फाउंडेशन और विश्व हिंदी मंच के संयुक्त तत्वाधान में हो ची मिन्ह में आयोजित अंतरराष्टीय सेमिनार में भी सहभागिता की। डॉ अग्रवाल ने आर्थिक परिवेश पर जी-20 के प्रभाव, शीर्षक से शोध पत्र पढ़ते हुए कहा कि भारत ने अपनी अध्यक्षता में जी-20 सम्मेलन आयोजित करके विश्व का नेतृत्व किया है। इस सम्मेलन के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला, महंगाई, ब्याज दरें, स्टार्टअप, नवाचार, निवेश आदि के क्षेत्र में अनेक सकारात्मक परिवर्तन आए हैं । डिजिटल लेन-देन पर्यावरण तथा हरित वित्त के क्षेत्र में बनाई गई रणनीतियां इस सम्मेलन की विशिष्ट उपलब्धि रही हैं जो आने वाले समय में विश्व अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा प्रदान करेंगी। डॉ अग्रवाल को उनके शोध पत्र हेतु वर्ल्ड आयुष फाउंडेशन के अंतर्राष्टीय अध्यक्ष डॉक्टर यू.के. निगम ने प्रशस्ति प्रपत्र देकर सम्मानित किया। डॉ अग्रवाल ने भी भारतीय दल की ओर से वियतनाम के शोध छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रमाण पत्र प्रदान किया। वियतनाम के शैक्षिक भ्रमण में संपूर्ण भारत से 55 विद्वानों ने भाग लिया। सफल शैक्षिक भ्रमण हेतु महाविद्यालय के सचिव डॉ ए.के. मिश्रा, प्राचार्य डॉआर.के. आजाद, डॉ प्रभात शुक्ला, डॉ देवेंद्र सिंह, डॉआलोक सिंह, डॉ कमलेश गौतम, चंद्रभान त्रिपाठी, रवि सिंह आदि ने डॉ अनुराग को बधाई दी।

## अवैध शराब पकडी

**सिंधौली।** पुलिस ने गांव कोटाबारी से रधोला की ओर जा रहे थे कि पीपल के पेड़ के पास एक व्यक्ति कच्ची देसी शराब बिक्री कर रहा था पुलिस ने उसको पकड़ लिया उसके पास से 5 लीटर कच्ची देसी शराब बरामद हुई पूछने पर उसने अपना नाम अशोक पुत्र लालजीत निवासी गांव लधोला थाना सिधौली बताया।

# दुर्घटना में दंपति घायल

**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** मंगलवार देर रात दंपति परिवार सड़क दुर्घटना में घायल हो गए उपचार के दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हरदोई थाना मझिला गांव आदमपुर निवासी पवन बहन अनुपमा मां अनीता सहित दंपति परिवार के साथ के साथ बाइक से जा रहे थे। जैतीपुर मार्ग गांव भुडेली के पास देर रात अज्ञात बाहन की टक्कर हो गई।जिससे दंपति परिवार को घायल अवस्था में इलाज को एंबुलेंस सेवा की मदद से सीएचसी पहुंचाया उपचार के दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# महात्मा रामचंद्र जी महाराज का १२५वां जन्मोत्सव मनाया

**शाहजहांपुर।** श्री रामचन्द्र मिशन के संस्थापक महात्मा रामचंद्र जी महाराज का 125 वां जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति एंव उल्लास के साथ मनाया गया। मिशन के अनुयायियों ने ध्यान साधना कर आध्यात्मिक उन्नति की कामना की तथा महात्मा रामचन्द्र जी महाराज की समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर गुरूसता को प्रणाम किया। मुख्य आयोजन मिशन के विश्व मुख्यालय कान्हा शांतिवनम हैदराबाद में आयोजित किया गया। आश्रम में सुबह ध्यान के बाद सभी अभ्यासियों ने अजीज गंज स्थित सहज मार्ग जंक्शन पर बाबूजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।आज मिश्रीपुर स्थित श्री राम चन्द्र मिशन का माहौल श्रद्धा एंव भक्ति पूर्ण था मुख्य उत्सव के दिन आश्रम आध्यात्मिक चेतना का केन्द्र बन गया। जन्मोत्सव का शुभारम्भ मिशन के अनुयायिओं की ओर से पूज्य बाबू जी महाराज के समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके उपरान्त सभी अभ्यासियो ने ध्यान कर आत्मोत्थान, मानव कल्याण व विश्व बंधुत्व की कामना की।इस मौके पर अभ्यासियों को सम्बोधित करते हुए मिशन के जोन प्रभारी दीपक त्यागी ने कहा कि गृहस्थ जीवन में रहकर ईश्वर प्राप्ति का इस पद्धति जैसा कोई दूसरा माध्यम नहीं है। आज विश्व के 165 से अधिक देशों में इस सहज मार्ग साधना पद्धति से जुडकर आध्यात्मिक लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा मिशन के अभ्यासी को मिशन के उत्थान के लिए तन, मन, धन से समर्पित होना चाहिए। प्रशिक्षक श्री गोपाल अग्रवाल ने कहा कि राम चन्द्र जी महाराज नें राजयोग की जो सरल साधना पद्धति लोगो को उपलब्ध करायी वह सम्पूर्ण ब्रहमाण्ड में अद्वितीय है। वर्तमान में गुरूदेव पूज्य श्री कमलेश पटेल दाजी इसको जन जन तक पहुचाने का काम कर रहे है। इस मौके पर अभ्यासियों ने गीत भजन व वार्ता प्रस्तुत की । इस दौरान प्रशिक्षक कैलाश अग्रवाल, आनंद बाबू मिश्रा, ललिता त्यागी, कृष्णा भारद्वाज,सुयश सिन्हा, ब्रह्माशंकर शर्मा, अजीत श्रीवास्तव, सुनील अग्रवाल, सुनीता सिन्हा, राकेश भारद्वाज, वैभव टंडन सहित मिशन के सैकडो अभ्यासी मौजूद रहे।

# दुर्घटना में दो सगे भाईयों की मौत

## शादी की खुशियां मातम में बदली, परिवार में मचा कोहराम

**अल्हागंज-शाहजहांपुर।** एक माह की बच्ची के निधन के बाद जल प्रवाह करने स्कूटी पर सवार होकर जा रहे, दो भाइयों को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें एक की मौके पर हुई मौत वही उपचार के दौरान दूसरे की मौत हो गयी। मृतक रामनिवास की पुत्री का बुधवार की शाम को तिलक जाना था रिश्ते नातेदार भी घर आना शुरू हो चुके थे। मृतक के परिजनों का रो-रो कर हुआ बुरा हाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम है जिला मुख्यालय भेजा। बताया गया है कि अल्हागंज थाना क्षेत्र की ग्राम सभा समापुर मजरा गुलाब मड़िया निवासी निलेश की एक माह की पुत्री का निधन बुधवार सुबह हो गया था। जिसको जल में प्रवाहित करने के लिए गांव से रिश्ते में मृतक बच्ची के दादा रामनिवास एवं रविकेश वर्मा पुत्र रामस्वरूप वर्मा घर से एक साथ मोपेड स्कूटी पर सवार होकर निकले थे बरेली फर्रुखाबाद हाईवे पर स्थित रामगंगा नदी सेतु से चंद कदम पहले



फर्रुखाबाद की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने स्कूटी सवार दोनों भाइयों को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें दोनों भाई काफी दूर उछल कर जा गिरे, आसपास मौजूद लोग इस भिड़ंत की आप आवाज सुनकर दुर्घटना स्थल की ओर दौड़कर पहुंचे और जब तक वह लोग कुछ समझ पाए रामनिवास ने अपना दम तोड़ दिया। वहीं घायल रविकेश वर्मा को स्थानीय लोगों की सहायता से एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल शाहजहांपुर पहुंचाया गया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल रविकेश वर्मा का उपचार के दौरान जिला चिकित्सालय में निधन हो गया।

### मृतक की पुत्री का शाम को था तिलक

मृतक रामनिवास की पुत्री की शादी ग्राम नवदिया ब्लाक ददरौल शाहजहांपुर से तय हुई थी। 30 अप्रैल को तिलक एवं 06 मई को शादी थी। घर पर रिश्तेदारों का भी आना शुरू हो चुका था बुधवार को ही तिलक भी जाना था सारी तैयारियां भी पूर्ण हो चुकी थी, रामनिवास घर से निकलते समय परिजनों से बोलकर गए थे कि सारी तैयारियां करके रखना वापस आते ही पुत्री का तिलक लेकर जाना है लड़के के यहाँ सारी तैयारियां हो चुकी है घर से निकलने के बाद रामनिवास और रविकेश वर्मा दोनों एक स्कुटी पर सवार होकर गए थे, परिवार मे पुत्री की शादी का खुशी का माहौल था सड़क दुर्घटना में दोनों भाईयों के निधन से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पडा है परिजनों का रो रो कर बूरा हाल है शादी के घर में खुशी का माहौल मातम मे बदल चुका है गांव में शोक की लहर फैल गई।

# सपाइयों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से भारतीय जनता पार्टी के कई लोग जलालाबाद व इनके अन्य कुछ साथी कई दिनों से सपा के राष्टीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेताओं व कार्यकर्ताओं के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे हैं और 28 अप्रैल को रात में एसडीएम कोर्ट के सामने थाना प्रभारी जलालाबाद व काफी पुलिस बल की मौजूदगी में सपा जलालाबाद विधानसभा अध्यक्ष सूरजपाल यादव को 20 से 25 भारतीय जनता पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बीच में घेर लिया और अभद्र भाषा का प्रयोग कर डराया धमकाया और इस चीज की अपनी फेसबुक आईडी पर समाजवादी पार्टी की छवि धूमिल करने की नीयत से पोस्ट भी डाली। इसी को लेकर सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी से मिला और पूरी घटना बताकर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा। और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान को आश्वासन दिया की जांच करवा कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कुछ लोग जनपद शाहजहांपुर का माहौल खराब करना चाहते हैं लेकिन समाजवादी पार्टी जनपद शाहजहांपुर में अमन चैन और भाईचारा कायम रखेगी।

# प्रेमी के तिलक के एक दिन पहले प्रेमिका ने की खुदकुशी

## २९ अप्रैल को प्रेमिका होना था तिलक, २८ अप्रैल की रात प्रेमिका ने फांसी के फंदे पर झूल कर दे दी जान

**खुटार।** प्रेमी के तिलक की रस्म पूरी होने से एक दिन पहले प्रेमिका ने अपने घर में फांसी के फंदे पर झूल कर अपनी जान दे दी। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया, तो वही प्रेमिका की मौत के बाद प्रेमी ने भी गमगीन माहौल में अपने तिलक की रस्म पूरी कराई। मामला खुटार थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाले एक 20 वर्षीय युवक का गांव में ही रहने वाली दूसरी बिरादरी की एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों के बीच पिछले 7 महीना से बातचीत होने के साथ ही मिलना जुलना हो गया था। इसकी भनक जब दोनों के परिवार के लोगों को हुई, तो उन्होंने दोनों पर पाबंदी से लगानी शुरू कर दी। लेकिन प्रेमी प्रेमिका एक दूसरे से शादी करने की जिद पर अड गए थे। इसी बीच युवक के घर वालों ने उसका रिश्ता तय कर दिया और रोक की रस्म पूरी करने के साथ ही 29 अप्रैल को तिलक की रस्म का कार्यक्रम तय कर दिया। इसकी जानकारी प्रेमी ने अपनी प्रेमिका को दी और परिवार के दबाव की वजह से शादी करने का कारण बताया। जिस पर प्रेमिका टूट गई और अपने प्रेमी से जुदाई बर्दाश्त नहीं कर पाई। 28 अप्रैल को युवती ने अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर खाना खाया और अपने कमरे में सोने के लिए चली गई। परिवार के लोग जब सो गए, तभी किसी समय प्रेमिका ने कमरे में दुपट्टे से पंखे के कुंडे से फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह परिवार के लोगों को जब इसकी भनक लगी, तो उनके पैरों तले से जमीन खिसक गई और उन्होंने आनन फानन में शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दिए बगैर ही शव का अंतिम संस्कार का दिया। प्रेमिका के फांसी लगाकर खुदकुशी किए जाने की खबर जब प्रेमी को हुई, तो पहले उसने तिलक की रस्म पूरी करने से इंकार कर दिया। लेकिन बाद में परिवार के दबाव की वजह से गमगीन माहौल में तिलक की रस्म पूरी की गई। घटना को लेकर क्षेत्र में की चर्चाएं हो रही।

# भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर निकाली भव्य शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

## एकता का दिया परिचय, गांधी भवन में हुआ विशाल भोजन भंडारा



**शाहजहांपुर।** अक्षय तृतीय के पावन अवसर पर भगवान श्री विष्णु के छठवें अवतार भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में परशुराम धाम विसरात पर हवन पूजन कर वेदपाठी ब्राह्मणों की गोष्ठी कर केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद द्वारा अखंड ज्योति को प्रज्वलित किया गया जिसके बाद अखंड ज्योति को परशुराम धाम से उदासीन अखाड़ा सीता की मठिया चौक लाया गया वहां से अखंड ज्योति के साथ भव्य शोभायात्रा विश्वनाथ मंदिर टाउन हॉल की ओर निकाली गई गई। जिसमे दिल्ली से आए १०१ डमरू वादक 151 फरसा धारी वेदपाठी ब्राह्मणों, १०१ शंख वादको के साथ सुंदर भगवान के स्वरूपों की झांकियां जिसमें भगवान श्री हनुमान का स्वरूप श्री शिव परिवार का स्वरूप श्री राम जी का स्वरूप आदि मनमोहक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। शोभा यात्रा का रास्ते में कई जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत हुआ यात्रा पश्चात गांधी भवन प्रेक्षा ग्रह में श्रीधाम वृंदावन से पधारे प्रशांत प्रभु जी महाराज ने ब्राह्मण समाज के साथ सभी हिंदू समाज को एक होने का संदेश दिया इसके उपरांत भंडारा प्रसाद पाकर कार्यक्रम समाप्त हुआ। कार्यक्रम में पधारे समाज के लोग श्री प्रशांत प्रभु जी महाराज, पंडित केशव मिश्र, पंडित सत्यप्रकाश मिश्रा, पंडित आनंद प्रकाश मिश्रा पंडित डॉ. विजय पाठक पंडित डॉ. राकेश दीक्षित पंडित दीपक शर्मा पंडित हरि शरण बाजपेई पंडित नीरज बाजपेई पंडित सर्वेश मिश्रा धातु पंडित जेपी मिश्रा पंडित क शुक्ला पंडित नरेंद्र मिश्रा पंडित आरेंद्र मिश्र दीपा दीक्षित अनुराधा पाठक जितेंद्र नाथ तिवारी हरिकेश शुक्ला राजकमल बाजपेई मनुज दीक्षित श्री दत्त शुक्ला गौरव मिश्रा निर्विकल्प द्विवेदी वरुण शुक्ला दिव्यांशु पांडे संजय मिश्रा दीपक मिश्रा रेनू मिश्रा ज्ञानेश बाजपेई उदित मिश्रा अभिषेक शुक्ला पंकज मिश्रा सेवा मिश्रा मनोज डॉ संजय पाठक अमित शर्मा विपुल त्रिवेदी अमित मिश्रा ममता पाठक आलोक मिश्रा राहुल मिश्रा रवि मिश्रा अश्वनी शुक्ला अंकुर मिश्रा मोहित मिश्रा लवकुश मिश्रा आशीष मिश्रा रोहित पांडे आशीष पांडे विनायक मिश्रा अनिल मिश्रा अजय मिश्रा संजय मिश्रा प्रियम पांडे नामित दीक्षित विनय शर्मा विनोद, अभिषेक मिश्रा, अवस्थी नवनीत पाठक दीपा दीक्षित राकेश पांडे ममता तिवारी डॉक्टर सोम शेखर दीक्षित हरि सुमिरन दीक्षित पुल्लू दीक्षित विश्वदीप अवस्थी सुशील दीक्षित विश्वनाथ त्रिवेदी डॉ संजय अवस्थी कनुप्रिया आदि लोग मौजूद रहे।

### छात्राओं को आत्मनिर्भर-शिक्षित होना समाज के लिए जरूरी

**शाहजहांपुर।** अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह कुप्रथा विरुद्ध जनजागरूकता को विशेष अभियान चलाया गया। उक्त अभियान सीडीओ डा.अपराजिता सिंह के निर्देशन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित किया गया।

मदरसा नुरुल हुदा में जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने, शिक्षित होने एवं अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए इसे सामाजिक बुराई बताया, जिसे जड़ से समाप्त करने की आवश्यकता है। दोषी को दो वर्ष की सजा व 1,00,000 जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं। विद्यार्थियों को बाल विवाह न करने एवं न होने देने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। इसके अलावा योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान महेंद्र कुमार, राजीव श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार, प्रेमशंकर आदि मौजूद रहे।

# बंदरों से परेशान व्यापारी एसडीएम से मिले

## व्यापारियों में पत्र देकर की बंदरों को पकड़वाए जाने की मांग



**खुटार।** बंदरों के आतंक से परेशान रामपुर कला के व्यापारियों ने ग्राम प्रधान के नेतृत्व में एसडीएम पुवायां को पत्र देकर बंदरो को पकड़वाकर जंगल में छुड़वाए जाने की मांग की है। गुरुवार को रामपुर कलां के प्रधान ने तमाम व्यापारियों के साथ पुवायां एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया है और बंदरों से छुटकारा दिलाने की मांग की है। पत्र में बताया गया कि भारी संख्या में बंदरों का झुंड गांव और आसपास क्षेत्र में घूम रहा है। बंदरों के इस आतंक से लोग भयभीत हैं। खेत में फसलों को क्षति पहुंचाने का काम करते है। इससे काफी नुकसान होने की संभावना रहती है। बंदरो के झुंड को भागने पर उल्टा हावी हो जाते है। जरा सी चूक जाने पर जान का खतरा बन सकते है। जबकि घर में महिलाओं को खाना बनाने, क्षतों पर कप? सुखाने के दौरान के दौरान बंदरो का झुंड दौ? प?ता है। सतर्कता बरतने पर बंदर से बचते रहते है। इसके अलावा बच्चों को स्कूल जाने और छोड़ने के समय यह समस्या से जूझना पड़ता है। साथ ही दुकानों में रखी चीजों को बंदरो से बचाना प?ता है। ध्यान इधर उधर हो जाने पर खाने वाली चीजों को बंदर उठा ले जाते है। जिससे नुकसान होता है। गुरुवार को व्यापारियों ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर बंदरो को पक?वाने की मांग की है। इससे बंदरों के आतंक से छुटकारा मिल सके। प्रार्थना पत्र देने में प्रधान विजय वर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष मंजीत सिंह उर्फ मल्ली, दलजीत सिंह, जसवीर सिंह, आशुतोष शुक्ला तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर बनी हवाई पट्टी का डीएम ने किया निरीक्षण

## अधिकारियों के पेंच भी कसे, कहा किसी भी कीमत पर मवेशी क्षेत्र में नजर नहीं आयेगा

जलालाबाद-शाहजहाँपुर (स्वतंत्र भारत)। हवाई पट्टी का निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने अधीनस्थों को खड़े निर्देश दिए हैं उन्होंने कहा कि 2 व 3 में को किसी भी तरह की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी पूरे क्षेत्र को निगरानी में रखा जाएगा। ड्रोन कैमरों से इलाके की निगरानी की जाएगी इस दौरान मवेशियों को परिसर में बिल्कुल भी आने नहीं दिया जाएगा। इस दौरान जिले के तमाम अधिकारी गण मौजूद रहे उन्होंने कहा गंगा एक्सप्रेस-वे का 5 किलोमीटर रक्बा पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा हवाई पट्टी पर प्रकाश व्यवस्था का विशेष प्रबंध किया गया है।

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने खंड विकास अधिकारी मदनापुर की जमकर लताड़ लगाई उन्होंने कहा कि हवाई पट्टी के परिसर में कोई भी मवेशी नजर नहीं आएगा इनको नियंत्रित करने के लिए 10 टीमों का गठन किया गया है जो निरंतर निगरानी रखेंगी और मवेशियों को किसी भी तरह गंगा एक्सप्रेस-वे के परिसर में नहीं आने देंगी। दो व 3 मई को जलालाबाद के पीरु गांव में गंगा एक्सप्रेसवे पर बनी हवाई पट्टी पर मिराज, सुखोई और राफेल जैसे लड़ाकू विमान अपने करतब दिखाएंगे। इस दौरान 5 किलोमीटर के दायरे में आम लोगों का प्रवेश वर्जित होगा। एसपी, डीएम, एसडीएम, सीडीओ, वीडीओ सहित तमाम अधिकारी गण मौके पर मौजूद रहे तथा पशुपालन विभाग और पशु चिकित्सा अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं। सोमवार मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने पहुंचकर निर्माण कंपनी के प्रतिनिधियों के अलावा प्रशासनिक व वायुसेना के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक के दौरान स्थानीय प्रशासन को हिदायत दी थी इसके अनुरूप सीसीटीवी कैमरे व तार बाड़ लगाने के साथ विद्युत आपूर्ति व सफाई व्यवस्था से जुड़े सभी कामों को समय अवधि में पूर्ण



करने के निर्देश दिए थे। वायुसेना के अधिकारी व जवान तकनीकी कार्य पूरे करने के लिए हवाई पट्टी पर मौजूद रहे व शासन स्तर से भी तमाम तैयारियों का विधिवत रूप से जायजा लिया जा रहा है। विकास खंड जलालाबाद व मदनापुर के ग्राम पंचायत अधिकारी एवं विकास अधिकारियों को इस परिसर में व्यवस्थाएं करने के दायित्वों पर लगाया है। सबसे मुख्य काम क्षेत्र में कड़ी निगरानी रखना बताया गया है। सुरक्षा से जुड़े किसी भी पहलू को नज़रन्दाज न किए जाने की हिदायत दी गई है। जिले के तमाम विभागाध्यक्षों को आज डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने गंगा एक्सप्रेस-वे पर बुलाकर समीक्षा की व स्थिति का जायजा लिया। यहां पर तेजी से पंडाल बनाने का कार्य भी किया जा रहा है जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व आने वाले मेहमानों को बैठने की व्यवस्था है। इसके अलावा क्षेत्र के नागरिकों व स्कूली बच्चों को भी विमान के करतब देखने को मिल सकेंगे।

### कच्ची शराब में आरोपी को पकडा

**सिधौली।** मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने प्लास्टिक की पिपिया से कच्ची देसी शराब के साथ एक को पकड़ा। मुखबिर की सूचना पर कटिया बुजुर्ग चौराहे से भड़ेरी जाने वाले कच्चे मार्ग पर एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया। पुलिस ने उससे उसका नाम पूछा तो वह सकपक्का गया जामा तलाशी लेने पर उसके पास प्लास्टिक की पिपिया में कच्ची देसी शराब बरामद हुई पूछने पर उसने अपना नाम मोहित पुत्र रामस्वरूप निवासी गांव भडेरी थाना सिंधौली बताया पुलिस ने उत्तर प्रदेश उत्पाद शुल्क/ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज का विधिक कार्रवाई की हेड कांस्टेबल शाहनवाज आलम राहुल बैंसला आदि मौजूद रहे। पुलिस ने बताया कच्वे शराब को अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। अवैध शराब बनाने वाले कमर कार्रवाई की

# आधार संशोधन के नाम पर अवैध वसूली

## कई मामले प्रकाश में आए परंतु नहीं हुई कोई ठोस कार्रवाई

**अल्हागंज-शाहजहांपुर।** क्षेत्र में अवैध रूप से जन सेवा केंद्र संचालक बना रहा आधार कार्ड एवं संशोधन के नाम पर कर रहा अवैध वसूली परंतु जिम्मेदार अधिकारियों के संज्ञान में होने के बावजूद नहीं हो रही कार्यवाही क्षेत्र की जनता से आधार संशोधन एवं नए आधार बनाने के नाम पर दो सौ से चार सौ रुपए तक अवैध वसूली जिम्मेदार मौन। अल्हागंज क्षेत्र में जनसेवा केन्द्रो की भरमार आपको गली-गली देखने को मिलेगी परंतु अधिकांश के पास जन सेवा का वैध दस्तावेज मौजूद नहीं है एक दूसरे से सांठगांठ कर के सरकार द्वारा निर्धारित दरों से कई गुना ज्यादा पैसों की वसूली राशन कार्ड,आय प्रमाण पत्र,जाति प्रमाण पत्र आदि के नाम पर की जा रही है विगत दिनो एक जन सेवा केंद्र संचालक का मामला प्रकाशन में आया था की क्षेत्र के कई किसानों को केंद्र सरकार के द्वारा दी जाने वाली किसान सम्मान निधि का पैसा एक जन सेवा केंद्र संचालक लाभार्थियों का अंगूठा लगवा कर एयरटेल पेमेंट बैंक में अपने मित्रों का मोबाइल नंबर लगाकर खाता खोल लिया था जिससे किसान सम्मान निधि के पैसा जन सेवा जनसेवा संचालक के खाते जाने लगे थे और वह पैसा जन सेवा केंद्र संचालक के द्वारा मित्रों के मोबाइल नंबर से बनाए गए एयरटेल पेमेंट बैंक से निकाल लिया गया था पीड़ितों के द्वारा थाना अल्हागंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी परंतु जन सेवा संचालक के विरुद्ध कोई कार्यवाही प्रकाश में नहीं आ सकी थी। इसी तरह एक फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जन सेवा केंद्र संचालक द्वारा बनाने का मामला प्रकाश में आया था जिसमें जनसेवा संचालक द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अल्हागंज के फर्जी हस्ताक्षर लगाकर जन्म प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया था इस मामले में भी प्रशासन के द्वारा कोई ठोस कार्यवाही की जानकारी प्रकाश में नहीं आ सकती संभवतः मामले को दबा दिया गया। इसी प्रकार का बुधवार को एक वीडियो प्रकाश में आया जिसमें एक युवक ने आरोप लगाया कि अल्हागंज थाना क्षेत्र के साहबगंज तिराहे स्थित जन सेवा पर आधार में जन्मतिथि संशोधन करने गया था जिसमें जनसेवा केन्द्र संचालक के द्वारा तीन सौ रूपये ले लिए गए युवक को जब जानकारी हुई कि संशोधन की मात्र पचास रूपये फीस है तो वह जनसेवा पर जा पहुंचा और गुमराह करके लिए गए पैसों पर आपत्ति की।तो संचालक के द्वारा बताया गया कि किसी अन्य व्यक्ति की आईडी से काम रहा हूं उनको भी पैसा देना होता है। इस तरह कई जन सेवा केन्द्र संचालक अवैध रूप से आधार कार्ड बनाने एवं संशोधित करने का काम कर रहे हैं जिनके अपने वैध दस्तावेज नहीं उपलब्ध हैं परंतु आम जनमानस का शोषण करने में बिल्कुल कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे। और करें भी क्यों न जब मामला प्रकाश में आने के बाद भी कोई ठोस कार्यवाही प्रशासन के द्वारा नहीं की जाती है।

# परशुराम जन्मोत्सव की दिनभर रही धूम, संकीर्तन पदयात्रा निकली

## नगर में शोभा यात्रा निकाली, मन्त्री जितिन प्रसाद ने किये भगवान परशुराम के दर्शन

जलालाबाद-शाहजहाँपुर (स्वतंत्र भारत)। आज अक्षय तृतीया के अवसर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनया गया। मोहल्ला खेड़ा स्थित भगवान परशुराम मंदिर पर दिनभर कार्यक्रम आयोजित होते रहे। तड़के प्रातः संकीर्तन परिक्रमा पदयात्रा निकली गई जिसमें नगर के बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष व बच्चों ने प्रतिभाग किया। सुबह दस बजे जलालाबाद मंदिर पर भगवान परशुराम के दर्शन करने पहुंचे मन्त्री जितिन प्रसाद ने दरबार में माथा टेंका इससे पूर्व समिति के पदाधिकारियों ने उनका अंगवस्त्र व पटका



पहनाकर जोरदार स्वागत किया। भगवान परशुराम मंदिर पर कई दिनों से चल रही जन्मोत्सव की तैयारियों को आज विराम लग गया है आज भगवान परशुराम के जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर सुबह से ही मंदिर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने लगी। परशुराम मंदिर के महंत सत्यदेव पांडे के नेतृत्व में जलाभिषेक कार्यक्रम संपन्न हुआ। तत्पश्चात हवन पूजन हुआ नगर व आसपास से आए सैकड़ों भक्तों ने मंदिर पर माथा टेंका व भगवान परशुराम के प्रति गहरी आस्था का प्रमाण प्रस्तुत किया। लोगों का विश्वास है कि बाबा के दरबार में आने पर भक्तों की हर मुराद पूरी होती है इस आशय से मंदिर परिसर में लोगों की भारी भीड़ प्रातः काल से सायं काल तक लगी रही। सायं काल मंगला आरती का आयोजन हुआ। महंत सत्यदेव पांडे दोपहर भगवान परशुराम को रवाना किया, शोभा यात्रा नगर भ्रमण करने के बाद पुनः परशुराम मंदिर में संपन्न हो गयी। इसके बाद मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया दोपहर 2:00 बजे से लेकर रात्रि कालीन तक प्रसाद ग्रहण कार्यक्रम चला। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जन्मभूमि प्रबंध समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद चंद्र शर्मा, प्रबंधक मनोज अग्निहोत्री, मनमोहन द्विवेदी, रोहित अग्निहोत्री, जितेंद्र मिश्रा, पुनीत मिश्रा, सर्वेश दीक्षित, प्रदीप मिश्रा, राजीव द्विवेदी, अशोक द्विवेदी, आदि तमाम लोगों का व्यवस्था दुरुस्त करने में महत्वपूर्ण और सराहनीय योगदान रहा। इस दौरान आलोक प्रताप सिंह, गोपाल मिश्रा, विजय मिश्रा गांधी, दिलीप अग्नीहोत्री, रामू, पप्पू पांड़े, विक्कू, अतुल द्विवेदी, विवेक पांडे, मुकेश दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# घर में व पेड़ पौधों पर पक्षियों के लिए रख रहे दाना-पानी : वैभव

**शाहजहांपुर।** अभाविप शाहजहांपुर महानगर के विभिन्न स्थानों पर जाकर के पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था के लिए से सकोरे रखे।जिला स्वस्थ संयोजक वैभव सक्सैना ने बताया एबीवीपी के इस अभियान में छात्रों एवं युवाओं के साथ-साथ सामाजिक लोग भी भरपूर सहभागिता निभा रहे हैं। सकोरा में चि?ियों के लिए पानी भरने व दाना रख रहे हैं। यह अभियान पूरे ग्रीष्मकाल तक निरंतर जारी रखने की अपील भी कर रहे हैं। अभाविप महानगर सह मंत्री आयुष श्रीवास्तव ने बताया की एबीवीपी के प्रकल्प स्वस्थ स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट (विकासर्थ विद्यार्थी) के द्वारा वर्तमान समय भीषण गर्मी से गुजर रहा है। जिसका अनुभव पूरा समाज कर रहा है। इस समय छोटे जल स्त्रोत सूख गए हैं। पक्षियों को पीने के पानी के लिए संघर्ष करना प?ता है। इसीको दृष्टिगत रखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पहल शुरू की है। इसमें छात्रों युवाओं व सामाजिक लोगों के बीच पक्षी बचाओ अभियान शुरू किया है। इस अभियान के माध्यम से लोग अपने घरों में व अन्य स्थानों पर जहां पर आवश्यकता है वहा मटके फो?कर या पुराने बर्तनों का उपयोग कर सकोरा बनाकर अपने घरों के छतों पर रख रहे हैं। लोगों द्वारा घरों के आसपास स्थित पेड़ों पर भी इसी प्रकार की व्यवस्था की जा रही है, ताकि पक्षियों की प्यास आसानी से बुझ सके और उन्हें जहां-तहां भटकना न पड़े। सकोरा अभियान में मुख्य रूप से विस्तारक संदीप सागर, आयुष श्रीवास्तव, वैभव सक्सेना, भानु प्रताप, अभिनाश, शिवम, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लापता वृद्ध का नहर किनारे मिला शव

**बंडा-शाहजहांपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर निवासी नन्हेंलाल पुत्र सुमेर लाल (६०) बर्ष मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। वह घुंघचाई क्षेत्र के टूटा पुल के पास एक सिख फार्मर के यहां मजदूरी करता था। 25 अप्रैल को वह साईकिल से गांव के कुछ लोगों के साथ सिख फार्मर के यहां धान की पौध उखाडने गया हुआ था। उसके साथी लोग वापस घर आ गए। लेकिन नन्हेंलाल देर रात तक घर नहीं पहुंचा। जिससे परिजनों में खलवली मच गई। परिजनों ने काफी तलाश किया। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। 26 अप्रैल को मृतक नन्हेलाल के पुत्र शिव कुमार ने घुंघचाई थाने में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। परिवार के लोग उनकी लगातार तलाश कर रहे थे। दूर दराज के अलावा आस पड़ोस के जगह पर भी तलाश किया। लेकिन नहीं मिल सके,लापता होने के पांच दिन बाद बुधवार को नन्हेलाल का शब हरदोई ब्रांच नहर के अंतर्गत आने वाले बंडा थाना क्षेत्र में स्थित भांवी पुल के पास नहर में देखा गया। इधर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। शव मिलने की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे,उन्होंने शव की शिनाख्त नन्हेलाल के रूप में की। शब को देख परिजनों में चीत्कार मच गई। आस पड़ोस के भारी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। मामले की सूचना बंडा थाना पुलिस को दी गई। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दिया। मृतक के पुत्र शिव कुमार ने बताया कि मृतक के सीने में चोटों के निशान थे। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के दो पुत्र हैं। जिसमें बडा पुत्र शिवकुमार - और छोटा पुत्र रामवीर है। उनकी पत्नी राजेश्वरी देवी है। आर्थिक स्थिति ठीक न होने पर तीनों पिता पुत्र मेहनत मजदूरी कर अपना परिवार चलाते थे।

## आज से होगी श्रीमद्भागवत कथा

**खुटार।** गांव चांदपुर में होली चौराहा के समीप एक मई से श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हो रहा है। साथ ही उसी दिन बृहस्पतिवार को कलश यात्रा निकाली जाएगी। तमाम श्रोता कथा का श्रवण सात मई तक करते रहेंगे। इसके अलावा गांव में स्थित भगवान महेश बाबा स्थान (शिव-पार्वती मंदिर) पर हवन यज्ञ आयोजित होगा। जिसमें कई यजमान यज्ञ में हिस्सा ले सकेंगे। गांव चांदपुर के लोगों ने बताया कि इस वर्ष श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है। नेमिषारण्य के आचार्य सौर्य दीक्षित वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ कराए गए। जिसमें यजमान यज्ञ में आहुति देंगे। बाद में गांव में शोभायात्रा के साथ ट्रैक्टर ट्राली से महिलाएं और पुरूष कलश को लेकर कस्बा बंडा में स्थित सुनासरनाथ मंदिर के पास निकली गोमती नदी के लिए रवाना होंगे और वहां तट पर स्नान, पूजा करने के बाद श्रद्धालुओं का समूह कलश में जल भरकर वापस गांव चांदपुर को रवाना होंगे। गांव में बेदी पूजन, कलश पूजन के बाद रोजाना सुबह हवन होगा। वृंदावन के कथा ब्यास इंदुशेखर पांडेय, नेमिषारण्य की प्रवचन कर्ता मीरा साध्वी दोपहर एक से चार बजे और रात्रि सात से 11 बजे तक भगवान की महिमा की कथा सुनाई जायगी। सात मई को पुर्णाहुति के बाद रुद्राभिषेक, कन्या भोज व भंडारे का आयोजन होगा। गांव के लोगों ने बताया कि काशी (वाराणसी) के आचार्य पारस मणी महाराज ने 108 आयोजनों के लिए संकल्पित है। इसमें समस्त ग्रामवासियों और क्षेत्रवासियों का सहयोग है।

## अंधविश्वास,पाखण्ड एवं नशा सेवन से सदैव विरत रहे : देशराज

### डॉ.अम्बेडकर जयन्ती समारोह संपन्न

**शाहजहांपुर।** भारतीय बौद्ध महासभा उत्तर प्रदेश शाखा कपास खिरिया के अध्यक्ष एडवोकेट मलिखान सिंह दिनकर द्वारा अम्बेडकर जयन्ती समारोह स्थानीय अम्बेडकर बुद्ध विहार पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पद से संबोधित करते हुए अटेवा के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि शिक्षा ही किसी समाज व देश के विकास की चाबी है। जो समाज जितना शिक्षित होगा उतना ही आगे बढ़ेगा, इसलिए समाज को शिक्षित करने में अपना योगदान अवश्य दें। विशिष्ट अतिथि शिक्षक पृथ्वीराज ने कहा कि बाबा साहब का संपूर्ण जीवन मानवता के लिए कार्य करते हुए ही बीता है, समता मूलक समाज की स्थापना उनका मूल उद्देश्य था। दूसरे विशिष्ट अतिथि इण्टर कालेज के प्रवक्ता राजकुमार ने कहा कि बाबा साहब द्वारा निर्मित भारतीय संविधान में दिए गए समानता स्वतंत्रता के अधिकारों से आज वंचित समाज व महिलाएं विकास के पद पर अग्रसर हैं और देश के नवनिर्माण में योगदान कर रहे हैं नीरज कुमार ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान बनाकर भारत में सामाजिक न्याय एवं समानता के लिए एक मजबूत आधार स्थापित किया । महासभा के जिला सांस्कृतिक मंत्री देशराज सिंह बौद्ध ने कहा समाज अंधविश्वास, पाखण्ड एवं नशा सेवन से सदैव विरत रहे, यह सभी सामाजिक बुराइयां हैं और परिवार व समाज के विकास में बाधक है। विहार के संस्थापक एड.मलिखान सिंह दिनकर ने कहा कि डॉक्टर अम्बेडकर एक सच्चे राष्ट्रवादी नेता थे जिन्होंने पूरे देश से जातिबाद व लिंग -भेद को कानूनी रूप से समाप्त किया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्व के महान अर्थशास्त्री थे जिनके सुधारवादी विचारों से भारतीय रिजर्व बैंक और वित्त आयोग आदि स्थापित हुए। उनका व्यक्तित्व सभी वर्गों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इस अवसर पर प्रबुद्ध अम्बेडकर सामाजिक एवं सांस्कृतिक मंच द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम (नाट्यमंचन) भी प्रदर्शित किया गया।जिसमें आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग शामिल हुए। अन्य वक्ताओं में लाला भारती डॉ. पवन सिंह दिनकर, अवधेश पंकज आदि ने विचार रखे।

## आज श्रमिकों को करेंगे याद

**शाहजहांपुर।** राज्यकर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष जयपाल सिंह ने बताया कि एक मई को अन्तर्राष्टीय श्रमिक दिवस के अवसर पर खिरनी बाग रामलीला मैदान में एकत्र होकर सभी श्रमिकों के लिए योगदारन को याद करते हुए चर्चा करने के साथ विगत दिनों पहलगाम में शहीद हुए भारतीय नागरिकों को शहीद स्तम्भ के पास कैंडिल जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। उन्होंने कहा एक मई श्रमिक दिवस इसलिए मनाया जाता है जिससे श्रमिकों के योगदान को याद किया जा सके।


## छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने व शिक्षित होने के लिए किया जागरूक

**शाहजहांपुर।** अक्षय तृतीया तिथि पर मदरसा नुरुउल हुदा व राजकीय इंटर कॉलेज में मुख्य विकास



अधिकारी के निर्देशन व जिला प्रोबेशन अधिकारी के मार्गदर्शन पर महिला कल्याण विभाग द्वारा बाल विवाह रोकथाम को लेकर चलाया गया। अभियान जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा द्वारा मदरसे में जाकर छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने व शिक्षित होने के लिए जागरूक किया गया। राजकीय इंटर कॉलेज में छात्रों को अमृता दीक्षित जिला मिशन कोऑर्डिनेटर ने बताया कि समाज के कुछ लोगों द्वारा लड़के और लड़की का विवाह निर्धारित आयु 21 एवं 18 वर्ष के पूर्व ही कर दिया जाता है। देखने में यह भी आता है कि ऐसे विवाह अक्षय तृतीया के अवसर पर होते है। जबकि इस सम्बन्ध मे बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह होने पर दो वर्ष की सजा अथवा 100000 रूपये का जुर्माना अथवा दोनों दंड से दंडित किया जा सकता है। अमृता दीक्षित ने बाल विवाह को रोकने के लिए विद्यालय में शपथ दिलाई। उन्होंने अपील की है कि बाल विवाह को रोका जाए। किसी भी घटना के सम्बन्ध में जानकारी 1098 चाइल्ड लाइन,वन स्टाप सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन में दे। जिससे इन पर रोक लगायी जा सके। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के विषय में जानकारी दी। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना निराश्रित महिला पेंशन योजना,वृद्धा पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, दिव्यांग पेंशन योजना के विषय में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में अमृता दीक्षित जिला मिशन कोऑर्डिनेटर, प्रधानाचार्य अनिल कुमार, अध्यापक महेंद्र कुमार सिंह, राजीव श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार अवस्थी, प्रेम शंकर सक्सेना,निधि प्रज्ञा, सुनीता मिश्रा आदि छात्र स्टाफ मौजूद रहा।

## १-२ मई को अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का होगा आयोजन



**शाहजहांपुर।** जी.एफ.कॉलेज के कॉमर्स और बी.बी.ए विभाग तथा गेडू कॉलेज आफ बिजनेस स्टडी? भूटान और नॉवेल एकेडमी पोखरा नेपाल के संयुक्त तत्वाधान में 1-2 मई को 'आर्टिफिशियल इंटलीजेंस एंड ग्लोबल डेवलपमेंट' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खाँ ने बताया कि सेमिनार में नेपाल, भूटान नाइजीरिया, साउथ कोरिया व भारत के लगभग 500 विद्वान, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएँ प्रतिभाग करेंगे और ए.आई के उपयोग एवं संभावनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे। सेमिनार में विभिन्न देशों के साथ जी.एफ.कॉलेज द्वारा एम.ओ.यू हस्ताक्षर किए जाएंगे जिससे महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शोधार्थियों को शिक्षा के वैश्विक अवसर प्राप्त हो सकेगे। सेमिनार के संयोजक वाणिज्य विभागागाध्यक्ष डॉ पुनीत मनीषी ने बताया कि पहले सत्र में नेपाल से विशेश्वर आचार्य, भूटान से डॉ0 शेवांग फुंशो, अयोध्या से डॉ0 मिर्जा शाह, एस.एस. कॉलेज, शाहजहाँपुर से प्रोफेसर अनुराग अग्रवाल अपने विचार व्यक्त करेंगे। आयोजन सचिव डॉ. अनमोल सक्सेना ने बताया कि सेमिनार में प्रस्तुत किए जानवाले शोधपत्रों की पुस्तक का विमोचन भी किया जाएगा। दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन प्रातः १० बजे महाविद्यालय के कमेटी हॉल में किया जाएगा। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खाँ ने सेमिनार का ब्रोशर प्रस्तुत किया। सेमिनार के समन्वयक प्रो. फैयाज अहमद, सैयद अनीस अहमद, सैयद औरंगजेब, सह आयोजन सचिव डॉ0 स्वप्निल यादव आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में आप सादर आमंत्रित हैं।

## शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां।** शादी के झांसा देकर युवक ने किशोरी के साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद डरी सहमी किशोरी ने परिजनों को सारी बात बताई। परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी नाबालिग किशोरी के साथ गांव बद्रीपुर हदीरा निवासी विजय पुत्र सुरेश ने बहला फुसलाकर शारीरिक सम्बन्ध बनाए। विरोध करने पर उक्त ने उसे जान से मारने की धमकी देकर कहीं भी शिकायत करने से मना किया। पी?ित ने बताया की आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। डरी सहमी किशोरी को देखकर परिजनों ने उससे सारी बात पूछी तब उसने सारी घटना बताई। पी?ित ने कोतवाली में शिकायत करते हुए आरोपी विजय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## अखिल भारतीय यादव महासभा की जिला कार्यकारिणी गठित



**निगोही-शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कप्तान सिंह यादव ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनोज कुमार सिंह यादव को अखिल भारतीय यादव महासभा का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया। नवागत जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह यादव व प्रदेश अध्यक्ष का उपस्थित समर्थको, सपा कार्यकर्ताओं ने कृष्णा पब्लिक स्कूल हमजापुर निगोही में बैठक के दौरान फूल मालाओं से स्वागत किया। उन्होंने भी सभी का आभार व्यक्त किया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह यादव ने जिला स्तरीय कार्यकारिणी का विस्तार कर जिला स्तरीय पदाधिकारीयों को सर्व सम्मति से गठन किया। जिला कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारीयों में मानोनयन पत्र पद, राममिलन यादव जिला महा सचिव, राम सनेही यादव जिला उपाध्यक्ष, रामकृष्ण यादव जिला उपाध्यक्ष, मंजेश शास्त्री जिला कोषाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह यादव जिला सचिव, राकेश यादव तहसील अध्यक्ष तिलहर बुधपाल सिंह यादव जिला सचिव ,जयवीर सिंह यादव युवा जिला अध्यक्ष आदेश सिंह यादव ब्लॉक अध्यक्ष तिलहर सोनू यादव ब्लॉक अध्यक्ष निगोही, मंजेश यादव ब्लॉक अध्यक्ष मिर्जापुर, महादेव यादव ब्लॉक अध्यक्ष कलान, संतोष यादव ब्लॉक अध्यक्ष पुवायां, विजय यादव ब्लॉक अध्यक्ष सिधौली से चुना गया। जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह यादव ने कहा यादव समाज के उत्थान एवं गरीब व्यक्तियों के बच्चों की शिक्षा एवं बालिकाओं के विवाह में संगठित होकर हर संभव मदद करें और समाज को संगठित बनाए रखने की शपथ दिलाई तथा सपा पार्टी की विचारधारा व नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करने की अपील किया।

## श्रम दिवस पर पंजीकरण कैंप आज

**शाहजहांपुर।** अंतर्राष्टीय श्रमिक दिवस 1 मई को श्रम विभाग द्वारा एक वृहद पंजीकरण शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जोकि निर्माणाधीन अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री परिसर कटरा में होगा। शिविर में फैक्ट्री में कार्यरत निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण कर बीओसी बोर्ड एवं प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना से आच्छादित किया जाएगा। जानकारी देते हुए सहायक श्रमायुक्त नासिर खान ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कटरा डा. वीर विक्रम सिंह प्रिंस रहेंगे। श्रमिक लोग उक्त कार्यक्रम में पहुंचकर अपना पंजीकरण कराएं। पंजीकरण के लिए आधार कार्ड,बैंक पासबुक अनिवार्य है।

## हंसिया से हमले में युवक घायल, मुकदमा दर्ज

**तिलहर/शाहजहांपुर (स्वतंत्र भारत)।** थाना अंतर्गत गांव धन्योरा निवासी अनुज सिंह ने तहरीर देकर बताया कि गांव के देवेंद्र सिंह से हमारी १० बर्ष पहले झगड़े से पुरानी रंजिश चल रही है। जब से वह हमसे रंजिश मान रहा है। बताया मंगलवार शाम को हम अपने भाई पिंकू के घर से अपने घर आ रहे थे। गांव में बाजार के पास लुहार की दुकान पर देवेंद्र अपना हंसिया पिटवा रहा था। जैसे उसने हमको देखा गंदी गंदी गाली देने लगा और हंसिया से हमला कर दिया। जिसे से मेरी आंख, माथे एवं हाथ की उंगली घायल होगी। जिसके बाद वह जाम से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। घटना के बाद मौके पर लोग एकत्र हो गए। मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच हो रही है।

## ब्राह्मण समाज ने धूमधाम से मनाया भगवान परशुराम का प्राकट्योत्सव

### केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने किया माल्यार्पण



**शाहजहांपुर।** ब्राह्मण समाज उत्तर प्रदेश के द्वारा परशुराम धाम शाहजहांपुर में भगवान परशुराम जी का प्राकट्योत्सव आनंद और उत्साह के साथ मनाया गया। सर्व प्रथम भगवान परशुराम जी को पंचामृत स्नान करा कर नवीन वस्त्र धारण कराए गए। उसके बाद ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों के साथ केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने भगवान परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद सभी विप्र जनों द्वारा लोक कल्याण की भावना से यज्ञ किया। इसके बाद आरती के उपरांतसभी भक्त जनों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संरक्षक केशव चंद्र मिश्र, प्रदेश अध्यक्ष डॉ विजय पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ के के शुक्ल व डॉ संजय पाठक, जिलाध्यक्ष ज्ञानेश बाजपेई, पूर्व महामंत्री राकेश कुमार पांडेय, कनुप्रिया, रवि मिश्र वरिष्ठ अधिवक्ता, हर्षित अवस्थी, रवि मिश्रबंटू, राजेश दीक्षित, आरेंद्र मिश्र आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## निशुल्क ऋण आवेदन कैम्प ४ मई को : उपायुक्त उद्योग

### ५ लाख लोन ४ ऋण, बिना गारंटी ऋण उपलब्ध

**शाहजहांपुर।** युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 4 मई सुबह 10 से शाम 5 बजे तक निश्शुल्क कैम्प का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया जाएगा। उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव ने बताया कि कैम्प में इच्छुक लाभार्थियों के लिए बिना किसी शुल्क के ऑनलाइन ऋण आवेदन पत्र भरवाए जाएंगे तथा निश्शुल्क उद्यम रजिस्ट्रेशन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के लिए शैक्षिक योग्यता 8वीं पास, हाईस्कूल, इंटरमीडिएट को प्राथमिकता दी जाएंगी। आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता विवरण, पासपोर्ट साइज फोटो,जाति प्रमाण पत्र। योजना के अंतर्गत 5 लाख तक की राशि के लिए 4 वर्षों हेतु बिना ब्याज व बिना गारंटी ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। परियोजना लागत का 10 फीसदी अथवा अधिकतम 50,000 सब्सिडी के रूप में प्रदान की जाती है। आवेदक की आयु 21 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा मान्यता प्राप्त संस्थान से कौशल प्रशिक्षण प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के मोबाइल नंबर ९४५२५२९०५३, ८३०३०९८०१० पर संपर्क किया जा सकता है।

## 10 लीटर शराब बरामद

**सिधौली।** मुखबिर की सूचना पर बीते सोमवार को मुड़िया मिश्र के समीप प्लास्टिक की पिपरिया से 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार पूछने पर उसने अपना नाम रामनाथ पुत्र कन्हैया निवासी लाखराम थाना सिधौली बताया पुलिस ने आबकारी अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कर विधिक करवाई की कांस्टेबल मानवेंद्र प्रताप कांस्टेबल लोकेंद्र आज मौजूद रहे।

## बच्चों के विवाद में युवक को पीटकर किया लहूलुहान

**निगोही।** नगर पंचायत निगोही के आदर्श नगर निवासी राजेश सोनी पुत्र राम सरन सोनी ने थाने पर दी तहरीर में बताया हैं कि बच्चों बच्चों में विवाद हो रहा था बीच बचाव करने पहुंचे राजेश सोनी को पुरानी रंजिश के चलते मोहल्ले के मदन सक्सेना और उनकी पत्नी लक्ष्मी सक्सेना ने एक राय होकर राजेश के ऊपर लोहे की राड से हमला कर दिया जिससे राजेश गंभीर रूप से घायल हों गया। थाने पहुंचे राजेश सोनी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निगोही भेजा जहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने घटना के पक्षधर जांच शुरू कर दी जांचोंपरांत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## दरवाजा तोडकर घर से निकाल ले गए सामान

**मिर्ज़ापुर (स्वतंत्र भारत)।** घर के दरवाजा तोड़कर घर में रखे बक्सों के ताले तोड़कर नकदी व सोने का सामान गांव के दबंग निकाल गए है। थाना प्रभारी निरीक्षक परौर को दिए प्रार्थना पत्र में ग्राम देवड़ा मजरा दसिया निवासी प्रेमपाल सिंह ने बताया कि वह अपने काम से तहसील कलान गए थे। उनके साथ उनके गांव के नन्हे उर्फ सुग्रीव पुत्र ओमपाल भी गए थे। नन्हे उर्फ सुग्रीव पहले मोटरसाइकिल से गांव चले आए। वह गांव सवारी से आए इसलिए देरी हो गई। नन्हे उर्फ सुग्रीव ने अपने साथी नन्हे उर्फ यशपाल पुत्र छोटे लाल की मदद से उसके घर के दरवाजे तोड़कर घर में रखें सोने चांदी के गहने एवं नकदी निकाल ली। जब वह घर आया तो घर के दरवाजे टूटे मिले एवं बक्सों के भी ताले टूटे मिले। उसने पास पड़ोस में जानकारी की तो लोगों ने बताया कि यह कृत्य उपरोक्त लोगों ने किया है। जब वह उपरोक्त लोगों के घर अपना सामान मांगने गया। तो उपरोक्त लोग गाली गलौज करने लगे। तथा लात घूसों से मारा पीटा। डायल 112 को फोन किया। पुलिस को देखकर उपरोक्त जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

## पुलिस की लापरवाही के चलते तेज धूप में तड़प रहे राहगीर

### मुख्य चौराहे पर लगता है जाम, पुलिस पिकेट बनी रही मूकदर्शक

**पुवायां (स्वतंत्र भारत)।** पुलिस प्रशासन की लापरवाही के चलते नगर में जगह जगह जाम की स्थिति बनी रहती है। फिर चाहे वह राजा मार्केट मार्ग हो या नगर का मुख्य चौराहा राजीव चौक या नगर के अन्य तिराहे और चौराहे हो। आए दिन लोग जाम से परेशान होते रहते हैं। जबकि इन स्थानों पर तैनात पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है।






पुलिस प्रशासन की लापरवाही से आएदिन जाम लगने से लोगों में आक्रोश है। जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रशासन ठोस उपाय नहीं कर रहा है । ऐसी ही स्थिति प्रतिदिन देखने को मिलती है। इसका मुख्य कारण चौराहे व बाजार में जगह-जगह पटरियों पर अतिक्रमण है। सोमवार को नगर के मुख्य चौराहा राजीव चौक जो बंडा, खुटार, निगोही, शाहजहांपुर और मुख्य बाजार को जोड़ता है भारी जाम लग गया। इस चौराहे पर वाहनों का आवागमन अधिक है। मुख्य चौराहे की सड़क पर चारो तरफ बीच पटरियों पर ठेले व खोमचे वालों का कब्जा रहता है। बेतरतीब वाहन खड़ा रहने के कारण भारी वाहन आने पर जाम की समस्या हो जाती है। अधिकारियों की ओर से संज्ञान न लिया जाना लोगों के समझ में नहीं आ रहा है। जाम लगने से सबसे ज्यादा परेशानी राजीव चौक तथा थाने वाली सड़क तक होती है। इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन ज्यादा है जिसके कारण सबसे ज्यादा जाम इसी रोड पर लगता है । यही नहीं चौराहे पर पुलिस की पिकेट में तैनात पुलिसकर्मी भी जाम हटवाने के बजाय मूकदर्शक बन बैठे रहते हैं। बार-बार जाम की समस्या से परेशान नगरवासियों में गोविंद गुप्ता, रामकुमार, छेदलाल, राजीव राजे आदि ने बताया कि पूर्व में कईबार इस मामले को उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी के समक्ष उठाया गया, लेकिन कार्रवाई का भरोसा देकर लोगों को शांत करा दिया गया, कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई जिसके कारण अतिक्रमणकारियों का मनोबल दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है।

### जाम में फंसी रही एम्बुलेंस

नगर के मुख्य चौराहे राजीव चौक पर सोमवार को लगे भीषण जाम से अफरा तफरी मच गई। चौराहे पर बने पुलिस पिकेट में पुलिस मूकदर्शक बनी रही। जिसके चलते जाम ने भीषण रूप अख्तियार कर लिया। इसी दौरान मरीज को अस्पताल ले जा रही एम्बुलेंस भी जाम का शिकार हो गई। जिसके बाद पिकेट में तैनात पुलिस कर्मियों की नींद टूटी और पुलिस कर्मी जाम हटवाने की मशक्कत करने लगे। कड़ी मशक्कत के बाद बामुश्किल जाम को खुलवाया गया। इसके बाद राहगीरों ने चैन की सांस ली है।





# मालपुर सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत, एक गंभीर

बिजुआ। स्वतंत्र भारत

तिलक समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे युवकों की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें एक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को लखनऊ के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के मुड़िया खुर्द में रहने वाले रामू पुत्र मटरू और पदुम पुत्र राम गुलाम भीरा थाना क्षेत्र के रमपुरवा में गया प्रसाद के वहां तिलक समारोह में शामिल होने आए थे। वह रात को तिलकोत्सव से घर लौट रहा था। रात करीब 12 बजे मालपुर देवरिया चैराहे के बीच एक अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गए। घायल के बाद परिवार व पुलिस को हादसे के बारे में जानकारी दी गई। जिसके बाद परिजन व भीरा पुलिस मौके पर पहुंची। भीरा थाना प्रभारी सुनील मलिक ने बताया कि हादसा रात करीब 12 बजे मालपुर के पास हुआ है। बाइक में रामू और पदुम (35) बैठे हुए थे। जिसमें की रामू की मौत हो गई और बाइक चला रहा पदुम घायल है। दोनो घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से बिजुआ सीएचसी भेजा गया जहां चिकित्सको ने रामू को मृत घोषित कर दिया व गंभीर घायल पदुम को ओएल ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सको ने लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

## दो बाइकों की भिड़ंत, तीन घायल

**संसारपुर खीरी।** नेशनल हाईवे 730 के ग्राम ढाकनपुर के निकट दो बाइक की टक्कर,मां बेटे घायल, ग्रामीणों व पीआरवी 5777 ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोला भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजन पुत्र विरेन्द्र अपनी मां सुशीला देवी के साथ भटपुरवा चंदू थाना पुवायां जनपद शाहजहांपुर जा रहा था, नेशनल हाईवे 730 के ग्राम ढाकनपुर, चमरपुर के निकट दूसरी तरफ से आ रहे बाइक सवार अरून पुत्र रमेश निवासी मुरादपुर थाना हैदराबाद से टक्कर हो गई, जिससे दोनों बाइक हाईवे पर गिर गई, सड़क पर गिरने से सुशीला देवी व राजन घायल हो गए, उधर से निकल रहे लाल्हपुर गुरूद्वारा के सेवादार जोगा सिंह ने तुरंत एम्बुलेंस के लिए फोन किया व पीआरवी को सूचना दी मौके पर पीआरवी 5777 के पायलट नरेंद्र यादव सिपाही प्रभात सिंह पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी गोला भेज दिया व घायलों के परिजनों को सूचना दी।

# मदरसे के 26 बच्चों को हुआ बुखार

- स्वास्थ्य विभाग ने धूप में बाहर न निकलने की दी सलाह

खमरिया-खीरी स्वतंत्र भारत



सीएचसी खमरिया में बुधवार की दोपहर क्षेत्र के एक मदरसे में शिक्षा प्राप्त कर रहे 26 बच्चे बुखार से पीड़ित होकर एक साथ दवाई लेने पहुच गये। जो पर्चे बनवाकर जैसे ही ओपीडी में पहुचकर डॉक्टरों को दिखाया तो चिकित्सक अचरज में पड़ गए। चिकित्सकों ने सभी की जांच कर उन्हें दवा उपलब्ध करवाकर आराम करने की सलाह दी है।साथ ही धूप में बाहर न निकलने व मदरसे में मौजूद अन्य बच्चों की भी जांच करवाने की सलाह दी है।

बुधवार को दोपहर खमरिया व समर्दा गांव के मो.रसीद (12) रियान (11)मिराज (9)तश्लीम (10) जीशान (10) आसिफ(13) अलीहसन (11) शहबाज (15) हनीफ (11) सरताज (10) परवेज (12) चांद (13) समेत 26 बच्चे जो पड़ोस में ही एक मदरसे में शिक्षा प्राप्त कर रहे है,सभी बुखार से पीड़ित हो दवाई लेने के लिए एक साथ सीएचसी खमरिया पहुचे,जहां पर्चा बनवाकर ओपीडी में बैठे डॉक्टर से जांच करवाकर दवाई प्राप्त की। इतने बच्चो को एक साथ बुखार से पीड़ित देख डॉक्टरों ने सभी से बताया कि वह घर जाकर आराम करें। साथ ही बताया कि उन सभी के साथ मदरसे व गांव में जो अन्य बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे समेत अन्य बच्चे हो तो उनको भी अस्पताल भेजकर जांच करवाकर दवाई लेने के लिए भेज दीजिए। वही इस बाबत जब सीएचसी अधीक्षक अमित कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सभी बच्चे खमरिया व समर्दा गांव के है,जो किसी मदरसे में शिक्षा प्राप्त कर रहे। सभी की जांच की गई है,फिलहाल तो कुछ नही निकला है,आजकल लू चल रही है,उसी से बच्चो के साथ बड़ों को भी बुखार हो रहा है,इस समय सभी लोगों को घर से बाहर जाते समय फुल कपड़े पहन कर ही निकलना चाहिए व पानी अधिक से अधिक पीने की आवश्यकता है।

## भतीजे ने की चाचा की पिटाई मुकदमा दर्ज

धौरहरा खीरी। स्वतंत्र भारत

कोतवाली क्षेत्र के गांव में हो रहे तिलक समारोह में शामिल होने गए गांव के ही चाचा भतीजे में विवाद हो गया जिससे नाराज हो पिता पुत्र ने मिलकर चाचा की पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाकर पिता पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरु कर दी है।

थाना क्षेत्र के नयापुरवा मजरा हरदी गांव में मंगलवार की रात एक तिलक समारोह चल रहा था जहाँ गांव के ही छोटू पुत्र रामकुमार व मुण्डे उर्फ शिवशंकर भी समारोह में शामिल होने गए थे। तिलक समारोह के दौरान हो रहे डांस के समय छोटू व शिवशंकर के मध्य विवाद हो गया। जिससे नाराज हो छोटू ने अपने पिता रामकुमार के साथ मिलकर मुण्डे उर्फ शिवशंकर की असलहे की बट व लाठी डण्डों से पिटाई कर दी। जिससे शिवशंकर बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने ही असलहा लहराते हुए छोटू व रामकुमार फरार हो गया। पुलिस ने घायल शिवशंकर को इलाज के लिए सीएचसी धौरहरा पहुंचाया। कोतवाली पुलिस ने शिवशंकर की तहरीर के आधार पर छोटू व रामकुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है। ग्रामीण बताते है कि छोटू का भाई भी दबंग किस्म का है जो कि इस समय जेल में है जिसे शारदा नगर पुलिस ने जेल भेजा है।

कोतवाल सुरेश कुमार मिश्र ने बताया कि मारपीट के बाद पुलिस के सामने ही आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर असलहा लेकर भाग गए। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस पर लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं।

# खबर एक नजर

## यूपी बोर्ड में इल्मा ने प्राप्त किए 84.66 अंक

**लखीमपुर खीरी (स्वतंत्र भारत)।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के नतीजे आने पर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे।कस्बा खीरी के अमीरुल मोमनीन इंटर कॉलेज की छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया।वहीं मोहल्ला डीहपुर निवासी वकील अहमद की पुत्री इलमा ने 84.66 अंक प्राप्त किए।इल्मा अंसारी का लक्ष्य 99 प्लस का था लेकिन इल्मा अंसारी बताती है तैयारी अच्छी की थी लेकिन पेपर टफ होने से इल्मा अंसारी 84.66 अंक ही मिल सके।फिलहाल इल्मा अंसारी ने 84.66 अंक प्राप्त कर न सिर्फ अपने माता पिता का नाम रौशन किया है,बल्कि अपने कॉलेज और टीचर्स का गौरव बढ़ाया है।बात चीत के दौरान इल्मा अंसारी ने अपनी सफलता का श्रय अपने माता-पिता और कॉलेज के टीचर्स को दिया।इल्मा अंसारी डॉक्टर बनना चाहती है। इसके अलावा अमीरुल मोमनीन छात्र-छात्राओं में जैनब के सबसे अधिक 86.83 अंक रहे।



## बाल अपराध के दो आरोपी गिरफ्तार

**जंगबहादुरगंज खीरी (स्वतंत्र भारत)।** बाल अपराध के 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उ0नि0 सुरेन्द्र बहादुर सिंह चैकी प्रभारी बरवर मय हमराह का0 अभिषेक पाण्डेय व का0 राहुल कुमार थाना पसगवां जनपद स्वीरी पुलिस बल के द्वारा थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 130ध्25 धारा 70(2)ध्351(3)ध्352 बीएनएस व धारा 5(जी) ध्6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर बाल अपचारी श्यामबाबू कुशवाहा पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी मो0 विजयनगर कस्बा बरवर थाना पसगवां जिला खीरी तथा 01 नफर अभियुक्त शोहित कुशवाहा पुत्र गोपेंदर कुशवाहा निवासी मो0 बलरामनगर कस्बा बरवर थाना पसगवां जिला खीरी को बस अड्डा चैराहा बरवर वहद कस्बा बरवर थाना पसगवां जनपद खीरी से समय करीब 11.10 बजे पुलिस हिरासत में लिया गया जिनका चालान माननीय न्यायालय किया गया।

## जीवन में सही दिशा महत्वपूर्ण है-आचार्य बलूनी

**पलिया कला-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड, चीनी मिल में स्थित बजाज देवालय में छह दिवसीय स्थापत्य वास्तु कथा ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस के उद्बोधन में उत्तराखंड से आये आचार्य सुशील बलूनी ने दिशा ज्ञान, भूमि के प्रकार, अवस्था व उर्जा स्तरों की बिस्तरपूर्वक चर्चा की। आचार्य बलूनी ने बताया कि भवन निर्माण में दिशाओं एवं कोणों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है। पद विन्यास, ब्रह्म स्थान व कोण तथा दिसा के हिसाब से किया गया निर्माण उत्तम भाग्य लेकर आता है। आचार्य बलुनी के अनुसार आपका भवन आपकी स्थान कुंडली है। यदि भवन वास्तानुरूप बना हो तो जन्म कुंडली के दोषों का हरण करने वाला होता है। आचार्य ने बताया भूमि की दूषित अवस्थाओं जैसे कि शुप्त-मृत अवस्था अथवा अर्ध जागृत अवस्था में किया गया निर्माण कष्टकारी होता है। भवन का निर्माण अच्छे मुहूर्त में सदैव दक्षिणाव्रत करना चाहिये। इस अवसर पर बजाज पब्लिक स्कूल के बच्चो द्वारा गणेश वंदना, राधा ढूंढ रही, ऐसा डमरू बजाया, छम छम नाचे वीर हनुमाना का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रस्तुत करने वाले बच्चों में अयुक्ति सिंह, श्रेया सिंह चैहान, अंश, परी, श्रेया, आकांक्षा, मायरा, आराध्या, अपूर्व जायसवाल, आदित्य ने प्रस्तुत किया। इस मौके पर मुख्य रूप से चीनी मिल के उपाध्यक्ष ओ पी चैहान, ने जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मिथिलेश पांडेय, सचिव देवेंद्र सिंह, समिति चेयरमैन अभिषेक अवस्थी, इंद्रजीत सिंह, पूर्व वाइस चेयरमैन, सुखदेव सिंह प्रधान मटहिया, अमरजीत सिंह, जसकरन सिंह को साल उढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम स्थल पर सैकड़ों की संख्या श्रोताओ में किसान, अधिकारी, कर्मचारी, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।



## सर्वे प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**पसगवां (स्वतंत्र भारत)।** गन्ना सर्वेक्षण वर्ष 2024-25 वास्ते पेराई सत्र 2025-26 का गन्ना सर्वे कार्य प्रारम्भ किये जाने से पूर्व सर्वेकर्मियों के लिए चीनी मिल एवं गन्ना विभाग के संयुक्त गन्ना सर्वे प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अविनाश चन्द्र तिवारी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक जे.बी.गंज की अध्यक्षता में दिनाँक 30 अप्रैल, 2025 को चीनी मिल अजबापुर के हरियाली किसान बाजार सभागार में किया गया। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में सर्वेकर्मियों को गन्ना आयुक्त द्वारा जारी सर्वे नीति के दिशा-निर्देशों के अनुसार सर्वे कार्य करने हेतु निर्देश दिये गये। इस वर्ष कृषक द्वारा बुवाई किये गये पौधा गन्ने (बसन्तकालीन एवं शरदकालीन) का सर्वे किया जाना है तथा कृषक के पास उपलब्ध पेड़ी गन्ना का सत्यापनध्प्रमाणीकरण किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन ए सिद्दीकी, अपर महाप्रबंधक (गन्ना) द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में गजेन्द्र कुमार कटियार सचिव जे.बी.गंज, नन्दलाल सचिव मोहम्मदी, रमेश चैधरी वरिष्ठ प्रबन्धक (गन्ना), अनिल सिंह चैहान प्रबन्धक (गन्ना) एवं चीनी मिल के अन्य अधिकारियों उपस्थित रहे।

## केंद्र सरकार पर की टिप्पणी, रिपोर्ट दर्ज

**लखीमपुर-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के हमले के बाद केंद्र सरकार पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले युवक के विरुद्ध मैलानी थाने रिपोर्ट दर्ज हो गई है।इस दौरान कस्बे के व्यापारियों एवं हिंदूवादी संगठनों कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। जानकारी के अनुसार पूर्व में मैलानी व वर्तमान समय में लखनऊ में रह रहें और स्वयं को पत्रकार बताने वाले कैफ खान ने इंटरनेट मीडिया पर केंद्र सरकार को लेकर तीखी टिप्पणी कर दी।टिप्पणी पढ़ने के बाद कस्बे के लोगों में आक्रोश हो गया।कस्बे के व्यापारी एवं धार्मिक संगठन के लोग थाने पहुंचे और आरोपी के विरुद्ध शिकायत दर्ज करायी।इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने आनन-फानन आरोपी के विरुद्ध मुकदमा कर लिया।आरएसएस के भवानी शंकर माहेश्वरी,भाजपा नेत्री गुरमीत कौर,मीना शर्मा,अनीता कौर,आशीष अग्रवाल,सोमदत्त प्रजापति सहित जिला उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री गोपाल सिंघल ने आरोपी युवक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।थानाध्यक्ष निराला तिवारी का कहना है कि पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।इस तरह की टिप्पणी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।ऐसा करने वालों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## मिलकर्मी व समिति स्टाफ को प्रशिक्षण

**बिजुआ खीरी।** गन्ना विभाग के सभागार संबंधित समिति एवं गुलरिया चीनी मिल के सर्वेकर्मियो का एक दिवसीय सयुक्त गन्ना सर्वे प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गन्ना विभाग सभागार में किया गया। जिसमें जीपीएस से गन्ना सर्वे के बारे में जानकारी दी गई।प्रशिक्षण के समय प्रबंधन हरिओम त्रिपाठी ने बताया कि इस सिस्टम से सर्वे के आंकड़ों में शुद्धता व पारदर्शिता आएगी तथा सर्वेकर्मी को जीपीएस मशीन के साथ प्लांट के चारों भुजाओं पर जाकर सर्वे करना पड़ेगा। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गुलरिया देवेंद्र कुमार यादव, सचिव राजेश कुमार वर्मा एवं चीनी मिल के महाप्रबंधक गन्ना अनिल कुमार द्वारा किसानों से अपने प्लांट पर उपस्थित रहकर सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करवाने की अपील की।

# प्लाट के नाम पर ठगी का आरोप, पुलिस से शिकायत

**लखीमपुर-खीरी, स्वतंत्र भारत।** लखीमपुर के मोहल्ला प्यारेपुर निवासी मोहम्मद आरिफ ने जेल गेट चैकी पर लिखित तहरीर देकर बताया कि थाना तिकुनिया के ग्राम तकिया पुरवा का रहने वाले तौहीद पुत्र बशीर ने उनसे प्लाट दिलाने के नाम पर 772000 की ठगी कर डाली। पीड़ित ने बताया कि तौहीद के बहनोई हाफिज मोहम्मद इकरार कचहरी मस्जिद के पेश इमाम है। पीड़ित व्यक्ति की उनसे दोस्ती थी। लगभग एक साल पहले हाफिज मोहम्मद इकरार ने उसकी पहचान अपने साले तौहीद से कराई। एक दिन तौहीन अपने बहनोई हाफिज मोहम्मद इकरार, भाई जमीर, साले मुफीद व भाई तौसीफ के साथ आये और उससे प्लाट खरीदने को कहा। उन्होंने हिदायद नगर में मोहम्मद आरिफ को एक प्लाट दिखाया। उसकी कीमत सात लाख 72 हजार बताई। कीमत ज्यादा होने की वजह से मोहम्मद आरिफ ने प्लाट लेने से मना कर दिया। इस पर तौहीद व हाफिज इकरार ने उससे किस्तों में प्लाट खरीद लेने की बात कही। कहा कि जब पूरे रुपए मिल जाएंगे तो वह प्लाट आरिफ के नाम कर देगा। हाफिज इकरार के वादे पर वह प्लाट लेने का राजी हो गया। आरिफ के मुताबिक थोड़े-थोड़े दिनों के बाद तौहीद अपने बहनोई मोहम्मद इकरार, भाई तौसीफ व जमीर,साले मुफीद के साथ उसके घर पर आता और उससे रुपये ले जाता। तौहीद ने उससे नौ किश्तों में पूरे रुपए ले लिए। साथ लाने वाले व्यक्ति को बतौर गवाह लाना बताया। इसी बीच तौहीद ने आरिफ को बैक की तीन चेक भी दे डाली। आरिफ का कहना है कि जब प्लाट की पूरी रकम अदा कर दी तो तौहीद आना कानी करने लगा। तब तौहीद ने एक एग्रीमेंट किया कि उसने पूरी रकम ले ली है लेकिन किसी कारणवश प्लाट नहीं दे सकता। वह पूरे रुपए वापस करेगा। मोहम्मद आरिफ का कहना है की काफी समय बीत जाने के बाद जब वह अपने रुपये तौहीद से मांगता है तो तौहीद व उसके बहनोई हाफिज इकरार व तौहीद के बाकी साथी मारपीट पर आमादा हो जाते है साथ उसे व उसके परिवार को जान से मार देने की धमकी देते हैं। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

## पुलिस की मौजूदगी में दफन किया जीशान का शव

**जंगबहादुरगंज खीरी।** गोली कांड के हत्या आरोपी इंतजार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है व अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को उचैलिया वृंदावन ढाबा के पास दिनदहाड़े गोली मारकर जीशान पुत्र मुस्ताक की हत्या कर दी गयी जिसके बाद हत्या के आरोपी इंतजार पुत्र समीम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अन्य की तलाश जारी है। पोस्टमार्टम के बाद शव को पुलिस ने अपनी मौजूदगी में दफन कराया। वहां पर मौजूद लोगों में सभी की आंखें नम थी पुलिस का कहना है की हत्या के आरोपियों को हर हाल में गिरफ्तार कर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## राज्य महिला आयोग की सदस्या ने की जनसुनवाई और निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी (स्वतंत्र भारत)।** राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती सुजीता कुमारी ने लखीमपुर खीरी में आयोजित जनसुनवाई और निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बच्चों के कल्याण हेतु कई महत्वपूर्ण पहल की। इस कार्यक्रम में 29 प्रकरणों की सुनवाई की गई और साथ ही महिला सशक्तिकरण की दिशा में वन स्टॉप सेंटर, महिला बंदीगृह और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। श्रीमती कुमारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का भी दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया और सुधारात्मक दिशा-निर्देश दिए। सुनवाई के बाद सुजीता कुमारी ने महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए कई महत्वपूर्ण निरीक्षण किए। सबसे पहले उन्होंने वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया, ताकि महिलाओं के लिए बेहतर सहायता प्रदान की जा सके। इसके बाद, महिला बंदी गृह का दौरा किया और वहां की सुरक्षा, स्वास्थ्य, और अन्य व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की।



# बिजुआ क्षेत्र में घूम रहे वाहन चोर, लखरावा से उड़ाई बाइक

बिजुआ। स्वतंत्र भारत

विकास खण्ड बिजुआ क्षेत्र में लगातार बाइक चोरी की वारदातों में इजाफा हो रहा है। आये दिन बाइक चोरी की वारदातों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। जहा 28 अप्रेल को बस्तोली से एक बाइक चोरी हुई थी। तो वही उसकी अगली शाम 29 अप्रैल लखरावा में एक शादी समारोह से बाइक चोरी का एक मामला सामने आया है। पीड़ित द्वारा दी तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अपनी जांच शुरू कर दी है। बाइक स्वामी पीड़ित अमन प्रजापति पत्नी नरेश चन्द्र प्रजापति निवासी बिजुआ थाना भीरा जनपद लखीमपुर खीरी ने बताया कि बीती 29 अप्रैल की शाम वह बिजुआ से अपने एक रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपनी बाइक संख्या-यू0पी0 31 बीएफ 3823 एचएफ डीलक्स रंग काला से गोला थाना क्षेत्र के लखरावा में आया था। टेंट के आगे तालाबन्द बाइक खड़ी करके शादी समारोह में शामिल होने चला गया। रात करीब 12 बजे अमन निमंत्रण कर जब वापस बाहर आया, तो बाइक उक्त स्थान से गायब पायी। बाइक गायब देखकर पुलिस को ऑनलाइन सूचना दी। वहीं पीड़ित ने बाइक की तलाश में संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन बाइक का पता नहीं चला।



# जयंती पर विधि-विधान से हुई भगवान परशुराम की पूजा, निकली शोभायात्रा

लखीमपुर-खीरी। स्वतंत्र भारत





परशुराम जयंती पर जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुई। आयोजकों ने भगवान परशुराम का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लिया। वहीं उनके लोकहित में किए कार्यों का वर्णन किया गया।

विद्या भारती विद्यालय सनातन धर्म सरस्वती शिशु वाटिका के वंदना सभा में परशुराम जयंती मनाई गई। विद्यालय संचालिका हीरा सिंह ने भगवान परशुराम जी के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्पार्चन किया। उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम हिंदू धर्म में भगवान विष्णु के अवतार माने जाते हैं। यह त्योहार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को पड़ता है। भगवान परशुराम को शक्ति, साहस और न्याय का प्रतीक माना जाता है। कार्यक्रम संयोजिका रमा मिश्रा ने भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वह अपने माता-पिता की पांच संतानों में से एक थे। यह अपने माता-पिता के बहुत ही आज्ञाकारी पुत्र थे ऋषि जमदग्नि उनके पिता, रेणुका उनकी माता थी परशुराम जी शिव जी के परम भक्त थे। मान्यता के अनुसार भगवान विष्णु के छठे अवतार थे।यह अपनी तपस्या और क्रोध के लिए जाने जाते है उन्हें भगवान शिव से दिव्य अस्त्र परशु प्राप्त हुआ था जिससे इनका नाम परशुराम पड़ा । मान्यता है कि उनकी मृत्यु नहीं हुई थी उन्होंने स्वयं को संसार से दूर कर लिया था। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ हुआ।

**मैगलगंज।** भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर कस्बे में स्थित माँ सिध्देश्वरी देवी आश्रम में विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत एक भव्य और दिव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों, शंख-ध्वनि और जय घोष के साथ निकाली गई यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई मढ़िया घाट स्थित भगवान परशुराम मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हुई। मार्ग में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा फूल वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा के आयोजन में देवेंद्र बाजपेयी सहित समस्त परशुराम जन्मोत्सव समिति का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए सभी सहयोगियों और श्रद्धालुओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# नीलनंदन एवं प्रियांशी वर्मा ने किया जिले में टॉप

- आई.सी.एस.ई. और आई.एस.सी. 2025 परीक्षा परिणाम घोषित
- एलपीएस के विद्यार्थियों ने फिर लहराया परचम

लखीमपुर-खीरी। स्वतंत्र भारत






आई.सी.एस.ई. (कक्षा 10) और आई.एस.सी. (कक्षा 12) की बोर्ड परीक्षा 2025 के परिणामों में लखनऊ पब्लिक स्कूल, शाखा लखीमपुर के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले में विद्यालय का परचम लहराया।

आई.सी.एस.ई. परीक्षा में नीलनंदन की ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं आई.एस.सी. परीक्षा में प्रियांशी वर्मा ने 98.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नीलनंदन के पिता राजेश कुमार सेरीकल्चर डिपार्टमेंट में सीनियर असिस्टेंट है तथा माता आदित्य कुमारी बेसिक में शिक्षिका है। वह बड़े होकर डाटा एनालिस्ट बनना चाहता है। उल्लेखनीय है कि नीलनंदन ने विद्यालय की सभी ब्रांचो में टॉप किया है। प्रियांशी वर्मा के पिता प्रदीप कुमार वर्मा बीएसएनल में ए.जी.एम.है तथा माता मीनू वर्मा गृहणी है। वह भविष्य में एक कुशल चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करना चाहती है। आई.सी.एस.ई. परीक्षा में दूसरे स्थान पर वैभवी ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं माता मुग्धा द्विवेदी बेसिक में शिक्षिका है। वह भविष्य में इसरो की साइंटिस्ट बनना चाहती है। आई.एस.सी. परीक्षा में मान्या अग्रवाल 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। उसके पिता सुमित अग्रवाल एक व्यवसाय है। माता स्वीटी अग्रवाल एक गृहणी है। वह भविष्य में एक कुशल इंजीनियर बनना चाहती है।

## गन्ना सर्वे प्रशिक्षण कार्यक्रम

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला एवं गन्ना विकास परिषद के गन्ना पर्यवेक्षको के संयुक्त सर्वे प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गोला चीनी के सभागार मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आयुक्त गन्ना एवं चीनी उत्तर प्रदेश नीति के द्वारा जारी गन्ना सर्वे बिंदुवार व्याख्यान किया गया, जिसमें अवगत कराया गया कि गन्ना सर्वे कार्य 01 मई से 30 जून 2025 तक जी पी एस से मैट्रिक प्रणाली पर आधारित केवल पौधा गन्ना का सर्वेक्षण किया जाएगा। ज्येष्ठ गन्ना विकाश निरीक्षक आशुतोष मधुकर ने संयुक्त रूप से सभी गन्ना सुपरवाइजरो को सर्वे सट्टा नीति के बारे में जानकारी दी।

# डा. अम्बेडकर के अपमान पर भड़की भाजपा, दिया धरना

लखीमपुर खीरी। स्वतंत्र भारत

बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के अपमान पर भड़की भाजपा ने आज अंबेडकर पार्क में जिला अध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में काली पट्टी बांधकर धरना दिया। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि सपा का यह रवैया प्रदर्शित करता है कि वह बाबा साहब के योगदान पर संदेह करते हैं। भाजपा किसी भी कीमत पर यह बर्दास्त नहीं करेगी। जिला महामंत्री आशू मिश्रा ने कहा कि भाजपा बाबा साहब की हमेशा इज्जत करती है। सपाइयों द्वारा किया गया उनका अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह अभिषेक सिंह संतोष कुमारी राम जी दीक्षित प्रमोद चैधरी मनोज वर्मा जिला प्रवक्ता रमेश चन्द्र मिश्र अंकित अवस्थी बेहजमब्लॉक प्रमुख राम शंकर राज विजय गुप्ता चीकू कुमुद सिंह पारुल गुप्ता कन्हैया बाजपेई अशोक अवस्थी अजय अवस्थी कमलेश गुप्ता शाहिद आदि मौजूद रहे।



स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## वक्त का इंतजार

खुफिया और रक्षा एजेंसियों द्वारा पुख्ता सबूत जुटा लेने के बाद अब कोई शक नहीं रह गया कि पहलगाम में आतंकी नरसंहार सीधे-सीधे पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित था। कश्मीर सहित पूरे भारत में इस घटना के खिलाफ जबर्दस्त उबाल है जिसकी प्रतिध्वनि खुद प्रधानमंत्री द्वारा गत रविवार को 'मन की बात' में 'हर देशवासी का खून खौल रहा है' और मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में 'सेना को कोई कदम उठाने की पूरी छूट है' जैसे वक्तव्यों में स्पष्ट रूप से गूंजती है। इससे यह भी स्पष्ट है कि सरकार देशवासियों के गुस्से को अच्छी तरह से समझ रही है। अब केवल समय की बात है कि निर्णायक चोट कब होती है। वैसे भी सिंधु जल समझौता स्थगन, पाक विमानों के लिए एयर स्पेस बंद करने और देश भर से पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने जैसे कड़े कदमों से सरकार ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। पूरी दुनिया ने भी भारत के कदमों के प्रति एकजुटता व्यक्त की है। खुद पाक भी संभावित गहरी चोट को लेकर आशंकित है और वहां का सत्ता प्रतिष्ठान बेहद घबराया हुआ है। यह जानते हुए भी कि भारत द्वारा की जाने वाली किसी भी कार्रवाई से बचना नामुमकिन है, वह अपनी नियमित सेना के साथ आतंकियों की फौज के साथ बचाव की तैयारी कर रहा है लेकिन डर इस कदर छा गया है कि तमाम मंत्री, बिलावल भुट्टो जैसे नेता, सैन्य अधिकारी अपने परिजनों को विदेश भेजने में जुट गए हैं। लेकिन ध्यान रखने की बात यह भी है कि पहलगाम होने के बाद कश्मीर में नए सिरे से सतर्कता-सजगता बरते जाने के बावजूद आतंकी अभी सक्रिय हैं और दो दिनों पूर्व कुपवाड़ा में उन्होंने एक सामाजिक कार्यकर्ता की हत्या कर दी। ऐसे में जरूरी है कि बड़ी कार्रवाई की तैयारी में जुटने के कारण कश्मीर को लेकर सुरक्षा इंतजामों में किसी तरह की ढिलाई न आने पाए। अब होना ये चाहिए कि पहलगाम हमले के प्रतिशोध के साथ पाक में मजबूती से चल रहे आतंकी ठिकानों को निर्णायक रूप से ध्वस्त किया जाए। इसके लिए वहां की सरकार को अपने इशारों पर चलाने वाली सेना को भी टारगेट करना होगा जो आतंकियों को पाल पोसकर उन्हें घातक रूप से ट्रेंड कर रही है। बेशर्म दुश्मन को उसी की जुबान में जवाब देना जरूरी है।

## झुग्गियों में आग

गर्मियों में झुग्गी-झोपड़ी वाली बस्तियों में अग्निकांड आमतौर पर होते ही हैं। इनमें कभी नुकसान कम होता है तो कभी असर काफी बड़े पैमाने पर होता है। इनके पीछे खाना पकाते समय चूल्हे या गैस, फूस में जलती बीड़ी और अवैध रूप से खींचे गए बिजली के तारों में फाल्ट आ जाना मुख्य वजहें होती हैं। चूंकि झुग्गियां बेहद घनी बसी होती हैं तो आग बुझाने के लिए इनसे होकर गुजरना कठिन ही होता है और लपटें तांडव करती रहती हैं। कारण यह है कि इन बसेरों को बसाए जाने के पीछे किसी व्यवस्था की सोच नहीं होती। लखनऊ में हाल ही में ऐसी ही एक घटना हुई जिसमें बड़ी संख्या में झोपड़ियां और उनमें रखे घर-गृहस्थी के सामान जलकर राख हो गए। अब यह समझना मुश्किल नहीं है कि इस घटना के बाद वहां रहने वालों के जीवन में किस तरह का दुर्भाग्य आ गया होगा। इन घटनाओं में आम तौर पर जनहानि नहीं होती क्योंकि लोग जलते आशियाने छोड़कर दूर भागकर जान बचा लेते हैं लेकिन इससे इन घटनाओं की गंभीरता कम नहीं हो जाती। किसी नए बसे शहर में ऐसी घटना होने पर मान भी लिया जाए कि इंतजामों में कोई चूक रह गई होगी पर बरसों से बसे शहर में ऐसी बस्तियां बसते समय से ही प्रशासन इनकी वैधता, बसावट और इंतजामों आदि पर गंभीरता से निगरानी रखे तो ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं से बचा जा सकता है। ऐसा न होने से ही गरीबों वंचितों के रहने की इन जगहों पर हर वक्त खतरा बना रहता है। पूर्व में भी ऐसी घटनाओं के पीछे व्यवस्थागत कमियां सामने आ चुकी हैं लेकिन प्रशासनिक कार्यपद्धति के मुताबिक उनसे कोई सबक नहीं लिया गया। अब जब लखनऊ शहर का तेजी से विस्तार होने के साथ रोजी-रोटी के लिए बाहर से आने वालों की संख्या भी बढ़ रही है, तब स्वाभाविक है कि ऐसी बस्तियों की संख्या भी बढ़ेगी। ऐसे में प्रशासन को इस ओर भी काफी सतर्कता और योजनाबद्ध ढंग से लगातार ध्यान देने रहना होगा।

## काँव-काँव

♦♦♦

**लक्ष्य, तरीका और समय तय करे सेना-मोदी**
रक्षामंत्री से भी पूछने की कोई जरूरत नहीं है?

**बिल्डरों-बैंकों के बीच है अशुद्ध गठजोड़-कोर्ट**
प्राधिकरणों में बैठे अधिकारी दूध के धुले हैं!

**यूपी के दस जिलों में बनेंगे नये बाल आश्रय गृह**
भविष्य के अग्निवीर तो यहीं से निकलेंगे!

**यूएनओ में भारत ने पाक को जमकर लताड़ा!**
पराये आंगन में धींगामुश्ती का मजा अलग है!

**दिल्ली में नहीं चलेगी निजी स्कूलों की मनमानी**
भाजपाई नेताओं के स्कूल तो आरक्षित हैं!

**वोटरलिस्टों में हेरफेर भाजपाई चाल-अखिलेश**
अयोध्या, प्रयागराज, चित्रकूट सपा जीत गयी?

♦♦♦

# समाज और राष्ट्र की धुरी हैं मजदूर

**1 मई अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर विशेष**


**- सुनील कुमार महला**

एक मई को हर वर्ष अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस या मजदूर दिवस या मई दिवस के रूप में मनाया जाता है। वास्तव में, यह दिवस मजदूरों और श्रमिक वर्गों का उत्सव है, जिसे अंतरराष्ट्रीय श्रम आंदोलन द्वारा बढ़ावा दिया जाता है और यह हर साल 1 मई, या मई के पहले सोमवार को होता है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 1 मई महाराष्ट्र दिवस और गुजरात दिवस के साथ भी मेल खाता है, जो 1960 में दो भारतीय राज्यों के गठन का प्रतीक है।बहरहाल , यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि किसी भी देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में मजदूरों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण और अहम् होती है और यह दिवस मजदूरों को उनके अधिकारों, रोजगार, उनकी कड़ी मेहनत और समाज और देश को उनके योगदान विशेष को सम्मान देने के क्रम में हर साल मनाया जाता है।कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला अपनी एक कविता में मजदूरों की दशा पर कुछ यूं लिखा है-वह तोड़ती पत्थर, देखा उसे मैंने इलाहाबाद के पथ पर, वह तोड़ती पत्थर, कोई न छायादार पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार, श्याम तन, भर बंधा यौवन नत नयन प्रिय, कर्म-रत मन गुरु हथौड़ा हाथ, करती बार-बार प्रहार, सामने तरु-मालिका अट्टालिका, प्राकार। बहरहाल, हमें यह बात अपने जेहन में रखनी चाहिए कि किसी भी समाज और राष्ट्र का विकास तभी संभव हो सकता है, जब वहां के श्रमिक/मजदूर सुरक्षित और सम्मानित हों। यहां यह गौरतलब है कि इस दिवस की नींव सर्वप्रथम वर्ष 1886 में रखी गई थी, जब इस दिन को मनाने की मांग अमेरिका के शिकागो शहर में उठी, जब वहां के मजदूर अपने सम्मान और अधिकारों के लिए सड़क पर उतर आए थे। हालांकि, पहली बार मजदूर दिवस वर्ष 1889 में मनाने का फैसला लिया गया था।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 1886 से पहले अमेरिका में मजदूरों ने अपने हकों के लिए हड़ताल की। दरअसल ,मजदूरों की कार्य अवधि (काम के घंटों)को लेकर यह आंदोलन हुआ था, क्यों कि उस दौर में मजदूर 15-15 घंटे काम किया करते थे। आंदोलन के दौरान पुलिस ने मजदूरों पर गोलियां चलाईं , जिसमें कई श्रमिकों की जान चली गई और कई घायल हो गए। घटना के तीन साल बाद 1889 में अंतरराष्ट्रीय समाजवादी सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें हर मजदूर की प्रतिदिन कार्य-अवधि 8 घंटे तय कर दी गई। वहीं एक मई को मजदूर दिवस के तौर पर मनाने का फैसला लिया गया। बाद में अमेरिकी मजदूरों की तरह ही दूसरे देशों में भी श्रमिकों के लिए 8 घंटे काम करने का नियम लागू कर दिया गया। यहां पाठकों को बताता चलूं कि पिछले साल मजदूर दिवस 2024 की थीम 'जलवायु परिवर्तन के बीच कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करना' रखी गई थी, जिसमें मजदूरों को सामाजिक न्याय और सभ्य कार्य, उनकी सुरक्षा एवं स्वास्थ्य, डिजिटलीकरण और कार्य का भविष्य तथा कार्यस्थल पर लैंगिक समानता को शामिल किया गया था। कहना ग़लत नहीं होगा कि अंतरराष्ट्रीय मज़दूर दिवस हमें मज़दूरों और ट्रेड यूनियनों के संघर्षों और उपलब्धियों की याद दिलाता है। सच तो यह है कि यह सामाजिक आंदोलनों और मज़दूरों की बेहतर अधिकारों, सभ्य मज़दूरी और उचित व्यवहार की माँगों को दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि भारत में पहला मजदूर दिवस समारोह वर्ष 1923 में चेन्नई (तब मद्रास) में लेबर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान द्वारा आयोजित किया गया था। पाठकों को बताता चलूं कि इस दिन की शुरुआत चेन्नई में कम्युनिस्ट नेता सिंगारवेलु चेट्टियार ने की थी। उन्होंने मजदूरों के हक और अधिकारों की मांग को लेकर मद्रास हाई कोर्ट के सामने पहली बार मजदूर दिवस की सभा आयोजित की थी। इसी सभा में पहली बार भारत में 'मई दिवस' मनाया गया। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि मजदूरों को काम करने के अधिकार(पसंद का काम करने का अधिकार), भेदभाव के विरुद्ध अधिकार(समान कार्य,समान वेतन), न्यायोचित और मानवीय कार्य स्थितियाँ(कार्यस्थल पर स्वास्थ्य और सुरक्षा, उचित कार्य समय, और अवकाश का अधिकार), सामाजिक सुरक्षा (बेरोजगारी, बीमारी, और अन्य स्थितियों में), मजदूरी की सुरक्षा(समय पर और पूरी मजदूरी का भुगतान, और न्यूनतम मजदूरी का अधिकार), संगठित होने और ट्रेड यूनियन बनाने का अधिकार आदि प्रदान किए गए हैं। इतना ही नहीं, मजदूरों को कार्यस्थल पर गोपनीयता का अधिकार, शिकायतों का निवारण, और प्रबंधन में भागीदारी का अधिकार भी है। आज मशीनीकरण, औधोगिकीकरण, तकनीक का युग है। आज भी मजदूरों को कम वेतन दिया जाता है,उनका शोषण किया जाता है और कठिन परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर किया जाता है, जो कि सरासर ग़लत और मजदूरों के साथ घोर अन्याय है। मजदूरों के समर्पण, परिश्रम और योगदान का ही नतीजा होता है कि देश और समाज तरक्की के पथ पर अग्रसर होता है। मजदूर अपने कठिन परिश्रम से आम जनमानस के जीवन को आसान और सरल बनाते हैं, इसलिए देश और समाज निर्माण में उनकी भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। वे किसी भी राष्ट्र के विकास के असली स्तंभ और धुरी होते हैं।अंत में अदम गोंडवी जी के शब्दों में बस यही कहूंगा कि -'वो जिसके हाथ में छाले हैं पैरों में बिवाई है,उसी के दम से रौनक आपके बंगले मे आई है।'



## प्रेमचंद की कहानियां



### ईदगाह

तभी तो मोहसिन और महमूद यों मिजाज दिखाते हैं। मैं भी इनसे मिजाज दिखाऊंगा। खेलें खिलौने और खायें मिठाइयां। मैं नहीं खेलता खिलौने, किसी का मिजाज क्यों सहूं। मैं गरीब सही, किसी से कुछ मांगने तो नहीं जाता। आखिर अब्बाजान कभी-न-कभी आयेंगे। अम्मां भी आयेंगी ही। फिर इन लोगों से पूछेंगा, कितने खिलौने लोगे ? एक-एक को टोकरियों खिलौने दूं और दिखा दूं कि दोस्तों के साथ इस तरह सलूक किया जाता है। यह नहीं कि एक पैसे की रेवड़ियां लीं तो चिढ़ा-चिढ़ाकर खाने लगे। सब-के-सब खूब हंसेंगे कि हामिद ने चिमटा लिया है। हंसें! मेरी
बला से। उसने दुकानदार से पूछा- यह चिमटा कितने का है? दुकानदार ने उसकी ओर देखा और कोई आदमी साथ न देखकर कहा-यह तुम्हारे काम का नहीं है जी ?
बिकाऊ है?
बिकाऊ क्यों नहीं है। और यहां क्यों लाद लाये हैं?
तो बताते क्यों नहीं, कै पैसे का है?
है पैसे लगेंगे।
हामिद का दिल बैठ गया।
ठीक-ठीक पांच पैसे लगेंगे, लेना हो लो, नहीं चलते बनो।
हामिद ने कलेजा मजबूत करके कहा-तीन पैसे लोगे ?
यह कहता हुआ वह आगे बढ़ गया कि दुकानदार की घुड़कियां न सुने। लेकिन दुकानदार ने घुड़कियां नहीं दीं। बुलाकर चिमटा दे दिया। हामिद ने उसे इस तरह कन्धे पर रक्खा, मानो बन्दूक है और शान से अकड़ता हुआ संगियों के पास आया। जरा सुनें, सब-के-सब क्या-क्या आलोचनाएं करते हैं।
मोहसिन ने हंसकर कहा- यह चिमटा क्यों लाया पगले! इसे क्या करेगा! हामिद ने चिमटे को जमीन पर पटककर कहा-जरा अपना भिश्ती जमीन पर गिरा दो। सारी पसलियां चूर-चूर हो जायें बच्चा की। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**हतं ज्ञानं क्रियाहीनं हतपश्चाज्ञानतो नरः**
**हतं निर्नायकं सैन्यं स्त्रियो नष्टा ह्यभर्तृकाः**

जिस प्रकार सेनापति के बिना सेना व्यर्थ होती है तथा पुरूष के बिना स्त्री का जीवन व्यर्थ होता है, उसी प्रकार आचरण के बिना ज्ञान व्यर्थ होता है। इस प्रकार यह सिद्ध होता है कि अज्ञानी व्यक्ति का जीवन व्यर्थ होता है।

♦♦♦

# नफ़रत की ये आग कब बुझेगी?



**- निर्मल रानी**

जम्मू और कश्मीर में पहलगाम से लगभग पांच किलोमीटर दूर प्राकृतिक आकर्षण का केंद्र रहे प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बैसरन घाटी में गत 22 अप्रैल को पांच-छः सशस्त्र आतंकवादियों द्वारा निहत्थे व बेगुनाह पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की गयी जिसमें 27 लोगों की जानें चली गयीं जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए। प्राप्त समाचारों के अनुसार इस दुर्दांत आतंकी हमले की ज़िम्मेदारी पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के ही एक छाया संगठन द रेज़िस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ़) ने स्वीकार की है। पाकिस्तान में पनाह पाने वाले विभिन्न आतंकी संगठन गत तीन दशकों से भी लंबे समय से भारत में आतंकी हमले करते रहे हैं। पाकिस्तान में अनेक आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं। इनमें कई संगठनों के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रतिबंध भी लगाए गये हैं। इन आतंकियों द्वारा जहां घाटी में सैनिकों व आम नागरिकों को निशाना बनाया जाता रहा है वहीं इन्होंने कश्मीर के बाहर भी 26/11 जैसा बड़ा हमला अंजाम दिया। इतना ही नहीं बल्कि अक्षर धाम, जम्मू, वाराणसी, अयोध्या जैसे देश के कई प्रमुख मंदिरों को भी इन आतताइयों ने नहीं बख़्शा। मंदिरों पर इनके हमले का उद्देश्य हमेशा से स्पष्ट रहा है कि यह अपनी आतंकी गतिविधियों को अंजाम देकर भारत में साम्प्रदायिक विभाजन कराना चाहते थे। परन्तु पूर्व की सरकारों ने सूझवान भारतीय जनता के सहयोग से पाकिस्तानी आतंकियों के ऐसे नापाक मंसूबे कभी कामयाब नहीं होने दिये। निश्चित रूप से 22 अप्रैल के पहलगाम के बैसरन घाटी के हमले का भी मक़सद भारत में साम्प्रदायिक उबाल पैदा करना था। तभी आतंकियों ने 2008 के मुंबई हमलों के बाद इस तरह की सबसे घातक घटना को अंजाम दिया। परन्तु इस हमले के दौरान और इसके फ़ौरन बाद से ही घाटी के स्थानीय लोगों द्वारा इस हमले का जिस स्तर पर विरोध किया गया और पर्यटकों की जिसतरह सहायता की गयी उससे आतंकियों के इरादों पर एक बार फिर पानी फिर गया। इनमें एक नाम जो सबसे अधिक सुर्ख़ियों में रहा वह था



पहलगाम के नज़ाकत अहमद शाह का, जिन्होंने अपनी बहादुरी और सूझबूझ से 11 पर्यटकों की जान बचाई। नज़ाकत अहमद शाह ने छत्तीसगढ़ के 11 लोगों के जीवन को बचा लिया। जिनकी जान नज़ाकत अली उर्फ़ नज़ाकत अहमद शाह ने बचाई उनमें मुख्यतः छत्तीसगढ़ के चार परिवार के लोग शामिल हैं। इसमें बीजेपी युवा मोर्चा के नेता अरविंद अग्रवाल, कुलदीप स्थापक, बीजेपी पार्षद पूर्वा स्थापक, पूर्व पार्षद शिवांश जैन और हैप्पी बाधवान का परिवार तथा कई बच्चे शामिल है। स्वयं भाजपा नेता अरविंद अग्रवाल ने नज़ाकत अली के साथ अपनी फ़ोटो पोस्ट सोशल मीडिया साइट एक्स पर साझा कर उनकी मदद की तारीफ़ करते हुये लिखा कि -आपने अपनी जान दांव पर लगा कर हमारी जान बचाई। हम नज़ाकत भाई का एहसान कभी नहीं चुका पाएंगे। अरविंद अग्रवाल ने यह भी लिखा कि 'जब मेरी पत्नी के कपड़े फट गए तो कश्मीरी मुस्लिम ने अपना कुर्ता दे दिया था।' इसी तरह पहलगाम की एक पर्यटक शिवांशी जैन ने बताया कि जब गोली चलने लगी तो उनके साथ कश्मीर के व्यवसायी नज़ाकत अली ने सामने आकर सभी को बाहर निकाला। जब आतंकी गोलियां बरसा रहे थे उस समय नज़ाकत सभी पर्यटकों को सुरक्षित स्थान पर ले गए। नज़ाकत अली ने जो मानवता और कश्मीरियत की मिसाल पेश की है उससे चिरमिरी (छत्तीसगढ़) वासी गदगद हैं। ग़ौरतलब है कि कश्मीर के नज़ाकत प्रत्येक वर्ष सर्दियों में कश्मीरी शॉल और गर्म कपड़े बेचने हेतु चिरमिरी आते रहे हैं। उनका पूर्व पार्षद शिवांश जैन से घनिष्ठ संबंध बना हुआ है। इसी नाते जब चिरमिरी के 11 लोग पहलगाम पहुंचे थे तो नज़ाकत अली ने ही उन्हें वादियों की सैर कराने की ज़िम्मेदारी ली थी। और आतंकी हमला होने पर नज़ाकत अली ने ही अपनी बहादुरी से छत्तीसगढ़ के इन मेहमान पर्यटकों की जान बचाई। बहादुरी की मिसाल पेश करने वाले ऐसे ही एक और कश्मीरी युवक का नाम था सैयद आदिल हुसैन शाह। आदिल एक पेशेवर स्थानीय घुड़सवार था जो पर्यटकों को कार पार्किंग क्षेत्र से पहलगाम के बैसरन घास के मैदान तक ले जाया करता था। आतंकी हमले के दौरान आदिल ने असाधारण वीरता व साहस का परिचय दिया। जब आतंकी हमला शुरू हुआ, तो सैयद आदिल अपने साथ लाये गये पर्यटकों की जान बचाने के मक़सद से एक हमलावर की बंदूक़ के सामने पर्यटक की ढाल बनकर खड़े हो गये। आदिल के इसी साहसी प्रयास में आतंकियों ने उसे गोली मार दी। और आदिल मौक़े पर ही मारा गया। पूरी घाटी में ही नहीं बल्कि पूरे देश में सैयद आदिल हुसैन शाह की बहादुरी व उसकी शहादत व कर्तव्य की चर्चा हो रही है। इसतरह की और भी अनेक घटनाएं जो बैसरन घाटी हमले के बाद सामने आईं जिनसे पता चलता है कि किसतरह अनेक स्थानीय लोगों ने देश के विभिन्न इलाक़ों से आने वाले पर्यटकों को अपने घरों में सुरक्षित पनाह दी। उन्हें सभी ज़रूरी चीज़ें मुफ़्त मुहैय्या कराईं। और निश्चित रूप से यह घाटी के स्थानीय लोगों का पर्यटकों के प्रति प्रेम व विश्वास ही था जिसके चलते इतनी बड़ी आतंकी घटना के बावजूद घाटी विशेषकर पहलगाम का पर्यटन इतनी जल्दी काफ़ी हद तक पुनः पटरी पर आ सका। आतंकवादियों ने अपनी तरफ़ से भारतीय समाज में नफ़रत फैलाने में हालांकि कोई कसर नहीं छोड़ी परन्तु यह भी सच है कि यह पाक प्रायोजित आतंकवाद की पहली ऐसी बड़ी घटना थी जिसने कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरे देश को झकझोर कर रख दिया।

## प्रेरक प्रसंग

### मातृ-भक्ति

भारतीय जन-समुदाय चाणक्य के नाम को भलीभांति जानते हैं। वह बड़े कठोर राजनीतिज्ञ थे। लोकनीति के आचार्य थे। उनकी मां की इच्छा थी कि वह संसार के बहुत बड़े आदमी बनें और इसके लिए वह उन्हें नसीहत देती रहती थी।
एक दिन चाणक्य के घर कोई ज्योतिषी आय। चाणक्य कहीं बाहर गये थे। मां ने ज्योतिषी को अपने पुत्र की जन्मपत्री दिखाई और उनके भविष्य के बारे में पूछा। ज्योतिषी ने जन्मपत्री देखकर कहा, मां, तेरे पुत्र के ग्रह बड़े ही प्रबल हैं। आजतक ऐसी जन्मपत्री मेरे देखने में नहीं आई। तेरा बेटा एक दिन चक्रवर्ती सम्राट बनेगा। यदि मेरी बात का विश्वास न हो तो देख लेना, उसके सामने के दांत पर नागराज का निशान है।
ज्योतिषी की यह भविष्यवाणी सुनकर मां अवाक रह गई। वह अपने बेटे को बेहद प्यार करती थी और हर घड़ी अपने पास रखना चाहती थी, चक्रवर्ती सम्राट होने पर तो वह उससे बिछुड़ जायगा! राजकाज में इतना लीन हो जायगा कि उसे मेरा ध्यान ही नहीं रहेगा! अपनी बात कहकर ज्योतिषी तो चला गया, पर मां सोच में पड़ गई। हाय, आगे क्या होगा ?
थोड़ी देर में चाणक्य लौटे तो मां को उदास पाया। बोले, मां क्या बात है ?
मां ने उन्हें सारी बात बता दी और अंत में अवरुद्ध कण्ठ से कहा, मैं जानती हूं, तू चकवर्ती सम्राट बनकर मुझे भूल जायगा। बेटा, मेरे लिए तेरे पास समय ही कहां रहेगा?
चाणक्य विचलित हो गये। बोले, मां, ऐसा नहीं होगा। पर तुम कैसे कहती हो कि मैं चक्रवर्ती सम्राट बनूंगा। मां ने कहा, देख, तेरे सामने के दांत पर नाग का चिन्ह है।
चाणक्य ने आइने में देखा तो मां की बात सही थी। इसके बाद उन्होंने जो किया, उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। एकान्त में जाकर पत्थर से उस दांत को निकाल दिया। फिर मां के सामने उसे रखते हुए बोले, यह ले मां, तेरे सामने मेरे लिए चक्रवर्ती सम्राट के पद का कोई मूल्य नहीं है।

## आपका पत्र मिला

### बांग्लादेश को भी सबक जरूरी

भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाने की पूर्ण तैयारी तो कर ही ली हैं, साथ ही बांग्लादेश को भी मोदीजी की ललकार से रूबरू कराने की कारगर रणनीति के तहत 15 प्रोजेक्ट रोक दिए और करारा तमाचा जड़ दिया! भारत ने बांग्लादेश पर बड़ी इकोनॉमिक स्ट्राइक को अंजाम दिया! भारत ने बांग्लादेश मे चल रहे 22 हजार करोड़ रूपए से अधिक के 15 प्रोजेक्ट रोक दिए! इनमें से ज्यादा प्रोजेक्ट इंफ्रास्ट्रचर डेवलपमेन्ट से जुड़े हैं!
भारत ने अन्य 25 प्रोजेक्ट को भी ठंडे बस्ते के हवाले कर दिया! बिल्कुल जरुरी भी था, देश की अमन शांति के लिए जो खतरा बने, भाईचारे का सदभावना भरा वातावरण प्रदूषित करे उनके लिए सख्ती ही जरुरी हैं! बांग्लादेश की यूनुस सरकार भी भारत की भावनाओं को और मित्रता भाव को नजर अंदाज कर अल्पसंख्यक और हिन्दुओं को परेशान करती आई है! विगत दिनों हिन्दुओं के साथ अत्याचार और हृदय विदारक घटनाओं और मंदिर में मूर्ति तोड़फोड़ आगजनी के मामलों को भारत भूला नहीं हैं! मोदीजी की ललकार से अगर बांग्लादेश थोड़ा भी सुधार कर लेता हैं तो फायदा ही है! अन्यथा भारत को हल्का लेने की कोशिश न करे! वर्तमान मे बांग्लादेशियो की भी धर पकड़ से भारत के कारगर कदम देश में सार्थक रूप लेंगे! कुछ भी हो भारत ने सख्त कदम उठाकर बांग्लादेश की अर्थ व्यवस्ता की रीढ़ की हड्डी को तोड़ा हैं! बांग्लादेश देश को समझना होगा की भारत को छेड़ने पर परिणामस्वरूप पतन की राह से रूबरू होना होगा! साधुवाद की पात्र है हमारी सरकार जिसने समय रहते कारगर कदम उठाया!

**योगेश जोशी**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**

आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*



# गर्मी में आराम के लिए वार्ड रोब में शामिल करें ये आउटफिट्स

गर्मियों के मौसम में शरीर को कैसे ठंडा रखा जाए, इसके लिए लोग कई तरह के उपाय अपनाते हैं। जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, लोगों की परेशानियां भी बढ़ने लगती हैं। इसका सीधा असर आपकी हेल्थ पर भी पड़ सकता है। इसलिए समर सीजन में आपको किस फैब्रिक के कपड़े पहनने चाहिए, आज हम आपको यह बताने जा रहे हैं।

**कॉटन**– सूती या कॉटन कपड़ा सबसे पॉपुलर नेचुरल कपड़ों में से एक है, जो सांस लेने के लिए बेस्ट होता है। यह पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किए जाने वाले और टिकाऊ कपड़ों में से एक है। कॉटन के कपड़ों में रेशों के होने से शरीर का पसीना जल्द ही सूख जाता है और इससे बॉडी ठंडी रहती है। इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है कि, कॉटन गर्मियों का सबसे आम कपड़ा है। यह नेचुरल और हल्का कपड़ा गर्मियों में पहनने के लिए आइडियल है।

**लिनन**– लिनन फ्लैक्स फाइबर से बना एक नेचुरल कपड़ा होता है।

इसे दुनिया के सबसे पुराने कपड़ों में से एक माना जाता है। यह कपड़ा पहनकर आप बेहद कंफर्टेबल महसूस करते हैं। साथ ही, यह कॉटन से दो या तीन गुना मजबूत होता है।

**शीयर**– शीयर प्रेजेंट में गर्मियों के सबसे आम कपड़ों में से एक है। शीयर एक फूल कॉटन कपड़ा होता है। अन्य भारी कपड़ों से हटके, यह कपड़ा गर्मियों में आपसे चिपकता नहीं है। ट्यूल, लाइटवेट क्रॉचेट्स, ऑर्गेना और लेस सभी गर्मियों के बेहतरीन लुक के लिए सभी डिजाइन इस ही कपड़े से बनाए जाते हैं।

**खादी**–खादी एक कॉटन बेस्ड हाथ से बुना/हाथ से काता गया कपड़ा होता है। स्वदेशी क्रांति के दौरान खादी कपड़ा भारत में लोकप्रिय हो गया और तब से यह दुनिया भर में फैल गया है। खुरदरा, देखभाल में आसान कपड़ा आपको चिलचिलाती गर्मी के दौरान ठंडा रखने में मदद करता है। खादी स्टाइलिश लुक वाला एक बुनियादी कपड़ा है।



**सिल्क**-सिल्क गर्मियों का एक शानदार कपड़ा है।

इसकी तापमान को कंट्रोल करने की पॉवर के कारण रेशम को अक्सर माना जाता है। यह कपड़ा नमी को सोखता है, जिससे आपकी स्किन को सांस लेने में आसानी होती है, और यह सभी गर्मियों के अवसरों के लिए सही है।

**शॉर्ट समर ड्रेसेस**– अगर आप इस गर्मी में ट्रेंडी और फ्रेश लुक चाहती हैं, तो शॉर्ट समर ड्रेसेस आपकी वॉर्डरोब का हिस्सा जरूर होनी चाहिए। ये ड्रेस न सिर्फ स्टाइलिश लुक देती हैं, बल्कि गर्मियों में आपको कूल और कंफर्टेबल भी बनाए रखती हैं। एक्ट्रेस रीम समीर ने पिंक कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनकर गजब का फैशन गोल सेट किया था।

इस तरह की ड्रेसेस न सिर्फ क्यूट लगती हैं, बल्कि आपको फ्रेश और एनर्जेटिक लुक भी देती हैं। इसे आप डे आउटिंग या फ्रेंड्स के साथ आउटिंग के लिए ट्राय कर सकती हैं।

# गर्मियों में लंबे बालों से हैं परेशान तो बनाएं ये हेयरस्टाइल



चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए लोग कई तरह के उपाय अपनाते हैं। कोई कॉटन के लाइट कपड़े पहनता है, तो कोई अपने बाल छोटे करवा लेता है। इस गर्मी के मौसम में, ऐसे हेयर स्टाइल की चाहत रखना जो आपको गर्मी से निपटने में मदद करे, एक स्मार्ट तरीका है। इस दौरान पुरुष तो अपने बाल छोटे करवा लेते हैं, लेकिन कई महिलाओं को अपने बाल लंबे रखना ही पसंद होता है। महिलाओं के लिए ऐसे कई तरह के हेरस्टाइल हैं, जो आपको अच्छा लुक देने के साथ-साथ गर्मी से बचने में मदद भी करते हैं। गर्मियों के मौसम के लिए कुछ खास हेयरस्टाइल है, जो हीटवेव और नमी दोनों से आपको बचाए रख सकते हैं। इस दौरान ठंडा और आरामदायक महसूस करने के लिए महिलाओं के लिए कई स्टाइलिश और सरल हेयरस्टाइल हैं। ये हेयरस्टाइल आपको गर्मी से बचाते हुए एक ट्रेंडी लुक भी देते हैं।



**पोनीटेल :** गर्मियों के मौसम में पोनीटेल बनाना सबसे अच्छे विकल्पों में से एक है। आप अपने बालों को हाई और लो दोनों पोनीटेल के स्टाइल में बांध सकते हैं। सिर के ऊपर ऊंची पोनीटेल बनाने को हाई पोनीटेल कहते हैं। यह बालों को गर्दन से दूर रखता है और आपको ठंडक महसूस कराता है।

**बन** : गर्मी से बचने के लिए कई महिलाएं ज्यादातर अपने बालों को बन में बांधे रखती हैं। बन बनाने के भी कई तरीके होते हैं, इनमें मेस्सी बन , टॉप नॉट बन और लो बन शामिल है। बालों को बन के रूप में बनाना एक आसान हेयरस्टाइल है, जो आपको ठंडक का एहसास कराता है। यह हेयरस्टाइल फॉर्मल और कैजुअल दोनों अवसरों के लिए सही है।

**ब्रेड हेयरस्टाइल :** यह क्लासिक हेयरस्टाइल बालों को पूरी तरह से बाँधकर ठंडक देता है। यह हेयरस्टाइल थोड़ी अलग दिखती है और गर्मियों के लिए परफेक्ट है। ब्रेड्स को भी कई तरह से बनाया जाता है, जिनमें फ्रेंच ब्रेड, फिशटेल ब्रेड और डबल ब्रेड्स शामिल है। ये हेयरस्टाइल हेयरफॉल कम करने में भी लाभकारी होता है।

**पिगटेल :** अपने बालों को दोनों तरफ नीचे की ओर बांधकर पिगटेल्स बनाई जाती है। यह क्यूट और आरामदायक हेयरस्टाइल है। पिगटेल्स को ब्रेड के रूप में भी बनाया जा सकता है। यह एक फंकी और ट्रेंडी लुक देता है।

# किस रंग की साड़ी के साथ कौन सा ब्लाउज जचेगा ?



एक समय था, जब हर साड़ी के साथ बिल्कुल मैचिंग ब्लाउज पहनना ही ट्रेंड होता था। लेकिन अब समय बदल गया है। आज की फैशन दुनिया में कांट्रास्ट और एक्सपेरिमेंट का जमाना है। यही वजह है कि महिलाएं आज के समय में मैचिंग की जगह अलग स्टाइल से अपने कपड़ों का कांट्रास्ट करती है। खासतौर पर यदि बात की जाए साड़ी की तो स्टाइलिश लुक के लिए साड़ी और ब्लाउज के रंगों का कंट्रास्ट में खेल, एक सिंपल आउटफिट को भी ग्लैमरस बना सकता है। इसी के चलचे हम आपको यहां ये बताने जा रहे हैं, कि कौन से रंग की साड़ी के साथ कौन सा ब्लाउज अच्छा लगता है। ताकि आप अपने लुक को स्टाइलिश बना सकें।

**पीली साड़ी**

पीली रंग की साड़ी के साथ यदि आप पीला ब्लाउज पहनेंगी तो आपका लुक अजीब दिख सकता है। इसके साथ आप पीले रंग की जगह रॉयल ब्लू, मरून, ऑरेंज का ब्लउज पहनें। इसके साथ हरा ब्लाउज भी अच्छा दिखेगा। रॉयल ब्लू या मिरर वर्क वाला ब्लाउज लुक को फेस्टिव बना देता है।

**नीली साड़ी**

नीले रंग की साड़ी के साथ नीला ब्लाउज पहनने से हो सकता है कि आपका लुक अच्छा न दिखे। नीले ब्लाउज के अलावा आप लाल, सिल्वर, पिंक या मस्टर्ड रंग का ब्लाउज कैरी कर सकती हैं। इससे आपका लुक अच्छा दिखेगा।

**हरी साड़ी**

हरा रंग देखने में काफी खूबसूरत लगता है, लेकिन इससे मैचिंग का ब्लाउज यदि आप पहनेंगी तो इससे साड़ी का लुक देखने में अच्छा लगेगा। मैचिंग के अलावा आप इसके साथ रेड, येलो या गोल्डन रंग का ब्लाउज कैरी कर सकती हैं।

**काली साड़ी**

यदि आप काले रंग की साड़ी पहन रही हैं तो उसके साथ काला ब्लाउज न पहनें। काले रंग की साड़ी के साथ हमेशा गोल्डन, रेड, मिरर वर्क का सिल्वर ब्लाउज अच्छा दिखता है। इसके साथ ज्वेलरी भी अलग रंग की ही पहनें, वरना आपका लुक बिगड़ जाएगा।

**गुलाबी साड़ी**

गुलाबी रंग ज्यादातर महिलाओं को पसंद होता है, लेकिन यदि आप इस रंग की साड़ी के साथ मैचिंग का ब्लाउज पहनेंगी तो इस रंग का लुक भी खराब हो सकता है। ऐसे में आप इसके साथ पर्पल, मिंट ग्रीन, व्हाइट रंग का ब्लाउज कैरी करें, ताकि आपका लुक अच्छा दिखे।

**लाल साड़ी**

यदि आप लाल साड़ी पहन रही हैं तो उसके साथ लाल रंग का ब्लाउज न पहनें। इसके साथ यदि आप गोल्डन, ग्रीन या फिर ब्लैक रंग का ब्लाउज पहनेंगी तो इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। गोल्डन सीक्विन या कटवर्क ब्लाउज शादी या पार्टी के लिए परफेक्ट है।

# मई की धूप से डल होने लगी है स्किन तो ऐसे रखें इसका ध्यान



तेज धूप का प्रभाव सीधा अब लोगों की स्किन पर पड़ने लगा है। इसकी वजह से त्वचा न सिर्फ डल हो रही है, बल्कि त्वचा पर अजीब सा कालापन आने लगा है। ऐसे में यदि अभी से आप अपनी स्किन का ध्यान नहीं रखेंगे तो मई और जून के महीने में जब पारा और चढ़ेगा तो आपको काफी परेशानी होगी। यहां हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको गर्मियों में स्किन केयर करते समय रखना है। यदि आप इन टिप्स का ध्यान रखेंगे तो आपका चेहरा हमेशा ही खिला-खिला रहेगा।

**चेहरे को कवर करना जरूरी**

ये गलती से भी नहीं सोचें कि सनस्क्रीन लगाने के बाद अब आप ऐसे ही बाहर जा सकते हैं। सनस्क्रीन लगाने के बाद अपने चेहरे को कॉटन के स्टॉल से अच्छी तरह से कवर कर लें। यदि आप ऐसा नहीं करेंगे तो इससे दिक्कत बढ़ जाएगी। इसके अलावा हैट या छतरी का भी इस्तेमाल करें, ताकि आपकी त्वचा धूप से बची रहे।

**स्किनकेयर अपनाएं**

गर्मी के इस मौसम में ज्यादा हैवी स्किन केयर करने की आपको जरूरत नहीं है। इसके लिए घरेलू नुस्खे अपनाएं। गर्मी में एलोवेरा जेल, गुलाब जल और खीरे का इस्तेमाल स्किन केयर में करें। ये चीजें त्वचा को हाइड्रेट रखती हैं, जिस वजह से त्वचा खिली-खिली रहती है। स्किन केयर न करने से स्किन काफी डल होने लगती है।

**सही फेस पैक है जरूरी**

यदि आप चाहते हैं कि आपकी त्वचा डल न दिखे तो घरेलू फेस पैक ट्राई करके देख लीजिए। इस फेस पैक में सिर्फ वही चीजों का इस्तेमाल करें, जिनके इस्तेमाल से आपकी स्किन खिल उठे। जैसे कि एलोवेरा जेल और गुलाब जल का पैक त्वचा के ग्लो को बरकरार रखता है। इसके अलावा दही और बेसन त्वचा की टैनिंग को खत्म करता है।

# इन प्रोडक्ट्स से करें पूरा मेकअप, जानें स्टेप्स

त्वचा की देखभाल और उसकी सुंदरता में चार चांद लगाने के लिए बाजार में तरह-तरह के स्किन केयर और मेकअप प्रोडक्ट होते हैं। लोगों को उनके स्किन टाइप के मुताबिक स्किन केयर प्रोडक्ट और टोन के हिसाब से मेकअप प्रोडक्ट्स का उपयोग करना चाहिए। मेकअप पसंद करने वाली लड़कियों के पास कई तरह के मेकअप होते हैं लेकिन जो लड़कियां मेकअप करना तो चाहती हैं लेकिन उन्हें मेकअप को लेकर अधिक जानकारी नहीं होती, उन्हें अपने मेकअप किट में कुछ खास प्रोडक्ट्स को शामिल करना चाहिए। हीं ये लेख उन लड़कियों के लिए भी है जो सफर के दौरान खूब सारा मेकअप का सामान अपने लगेज में पैक कर लेती हैं, हालांकि इस्तेमाल के नाम पर वह सिर्फ चार-पांच प्रोडक्ट्स का ही उपयोग करती हैं। अगर आप जल्दी और आसान मेकअप करना चाहती हैं तो केवल पांच मेकअप प्रोडक्ट्स की मदद से ही खूबसूरत और फ्रेश लुक पा सकती हैं। हर लड़की के मेकअप किट में ये पांच प्रोडक्ट्स होने चाहिए, जिसे वह आसानी से अपने हैंडबैग में भी कैरी कर सकती हैं।

जरूरी मेकअप प्रोडक्ट्स और उसके इस्तेमाल के स्टेप्स दिए जा रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप आसानी से मेकअप कर सकती हैं।

**क्रीम या फाउंडेशन** – यह मेकअप का बेस होता है। चेहरे की टोन को समान करने और दाग-धब्बे छुपाने के लिए बीबी क्रीम या फाउंडेशन का उपयोग किया जाता है। अगर आपको रोजाना मेकअप करना होता है तो बीबी क्रीम लगा सकती हैं। इसे चेहरे पर लगाने का एक सही तरीका होता है। चेहरे पर छोटे-छोटे डॉट्स में बीबी क्रीम या फाउंडेशन लगाएं। फिर उंगलियों, ब्रश या ब्यूटी ब्लेंडर से अच्छे से ब्लेंड कर लें।

**काजल, आईलाइनर या मस्कारा**– आंखों को डिफाइन करने और उभारने के लिए काजल और आईलाइनर का इस्तेमाल करते हैं। खूबसूरत आंखें आपके चेहरे की सुंदरता को बढ़ा सकती हैं। इसे लगाने के लिए वॉटरलाइन काजल लगाएं या ऊपर पलकों पर आई लाइनर लगाकर आंखों को आकर्षक बना सकते हैं। मस्कारा पलकों को घना और लंबा दिखाने के लिए होता है। आप ऊपरी और निचली पलकों पर मस्कारा के दो कोट लगाएं। इससे आंखें बड़ी और ब्राइट दिखेंगी।

**लिपस्टिक या लिप टिंट**– मेकअप स्टेप का सबसे मुख्य पार्ट होता है होंठों की खूबसूरती को बढ़ाना। चेहरे की रंगत और फ्रेशनेस के लिए होंठ पर लिपस्टिक या लिप टिंट लगा सकते हैं। आप अपनी पसंद की कोई लिपस्टिक होंठ का शेप देते हुए लगाएं। लिप टिंट या ग्लॉस का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

**ब्लश**– हल्के गुलाबी गाल आपकी चेहरे पर अलग निखार लाते हैं। इसके लिए लिक्विड या पाउडर ब्लश को अपने मेकअप किट में शामिल करें। लिप टिंट के जरिए भी ब्लश लगा सकते हैं। गालों पर गुलाबी या हल्का लाल रंग लगा सकती हैं।

**टिप्स**– अगर लिपस्टिक क्रीम-बेस्ड है, तो वही थोड़ा सा गालों पर ब्लश की तरह भी लग सकता है।

मेकअप करते समय ध्यान रखें कि दिन के लिए हल्के शेड्स, शाम के लिए थोड़े गहरे शेड्स चुनें।

मेकअप से पहले चेहरे पर मॉश्चराइजर जरूर लगाएं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**बृहस्पतिवार, 1 मई 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते बसंत ऋतौ वैशाख मासोमते शुक्ल पक्षे चतुर्थी तिथौ गुरु वासरे 11/24/ मृगशिरा नक्षत्रे 14/21/ अतिगण्ड योग 08/34/ भद्रा करणे 11/14/ मिथुन राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार**– भद्रा समाप्त घं.11 मि24पर। वैनायकी श्री गणेश चतुर्थी। श्रमिक दिवस। महाराष्ट्र एवं गुजरात दिवस।

**मेष :** यात्रा कष्ट पूर्ण होगी विवाद का डर रहेगा। कारोबारी योजनाएं फलीभूत होगी। जीवन स्तर में सुधार होगा।

**वृष :** संचित कोष में वृद्धि होगी। रोजी रोजगार सामान्य रहेगा। मनोकूल वातावरण रहेगा। न सम्पर्कों पर व्यय होगा।

**मिथुन :** शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। अनावश्यक बहाने बाजी से बचे। यश बढ़ेगा। निर्माण कार्यों की योजनाएं बनेंगी।

**कर्क :** आत्मीय जर्नो का सानिध्य मिलेगा। कार्य व्यापार का बोझ रहेगा। नया निवेश अवसर बनेगा । संतति पक्ष की चिंता रहेगी।

**सिंह :** रुका धन वापस मिलेगा। विभिन्न क्षेत्रों से आए वृद्धि के प्रयास सफल होंगे। नौकरी में वातावरण आपके अनुकूल रहेगा ।

**कन्या :** आर्थिक व्यापारिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल होगी। संक्षिक प्रगति होगी। श्रम का प्रतिफल मिलेगा।

**तुला :** प्रभुत्व वृद्धि होगी। जनसंपर्क में वृद्धि होगी। प्रमाद त्यागे। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। उधार लेने देने से बर्षे।

**वृश्चिक :** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यश कीर्ति में वृद्धि। संबंधों में निकटता होगी। धन आगमन व संचय।

**धनु :** वराजनीतिक योजना को बल मिलेगा। पद प्रतिष्ठा की दिशा में लाभ मिलेगा। सामाजिक प्रभाव बढ़ेगा।

**मकर :** व्यक्ति विशेष के कारण समस्या आ सकती है। चली आ रही समस्या का समाधान होगा। सावधानी रखें।

**कुंभ :** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा की स्थिति सगत रहेगी। संयम। शिरोव्यथा व उदर व्याधि भय रहेगा।

**मीन :** उपहार आदि का लाभ । गृह कलह से अशांति रहेगी। पूर्व संकल्पित कार्य पूरे होंगे। योजनाएं पूर्ण होंगी।

# न्यू जनरेशन का फैशन स्टेटमेंट बन गए हैं सेकंड हैंड कपड़े

दुनियाभर में सेकंड हैंड कपड़ों का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है। पिछले साल यानी कि 2024 में लोगों ने 227 बिलियन (लगभग ?18 लाख करोड़) सेकंड हैंड कपड़ों पर खर्च किए। यह पूरी दुनिया में कपड़ों पर होने वाले खर्च का लगभग 10त्न हिस्सा है। यह आंकड़ा बताता है कि अब लोग नए की जगह पुराने कपड़े खरीदने को प्राथमिकता दे रहे हैं। चलिए जानते हैं लोग पुराने कपड़ों पर क्यों ज्यादा भरोसा कर रहे हैं।

**क्यों बढ़ रहा है सेकंड हैंड कपड़ों का ट्रेंड?**

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए चीनी आयात पर 20त्न टैरिफ के कारण नए कपड़े महंगे हो गए हैं। इससे लोगों का रुझान पुराने कपड़े खरीदने की ओर बढ़ा है, क्योंकि वे सस्ते होते हैं। सेकेंडहैंड मार्केट में लोग बड़े ब्रांड्स के कपड़े सस्ते में खरीद सकते हैं, जो नए खरीदने पर महंगे होते हैं। इससे लोग कम कीमत में स्टाइलिश कपड़े पहन सकते हैं। अब लोग सिर्फ दान या विंटेज शॉप ही नहीं, बल्कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर भी सेकंड हैंड कपड़े खरीद रहे हैं, जैसे-eBay, ThredUp, Poshmark, Vestiaire Collective इस तरह के प्लेटफॉर्म्स लोगों को कपड़े खरीदने और बेचने की सुविधा देते हैं।



**पर्यावरण के प्रति जागरूकता**

नई कपड़ों की मैन्युफैक्चरिंग से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जनबढ़ता है। सेकंड हैंड कपड़े खरीदने से प्राकृतिक संसाधनों की बचत होती है। कई लोग अपने पुराने कपड़ों को फेंकने के बजाय बेच रहे हैं, जिससे वेस्ट कम हो रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, Vestiaire Collective पर 79% सेकेंडहैंड कपड़े खरीदने से फर्स्टहैंड खरीदारी की जरूरत कम हो जाती है, जिससे पर्यावरण को फायदा होता है।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) से शॉपिंग आसान**

अब AI टूल्स की मदद से ऑनलाइन थ्रिफ्ट शॉपिंगऔर आसान हो रही है। उदाहरण के लिए, ThredUp प्लेटफॉर्म पर आप किसी जूते या जैकेट की फोटो अपलोड कर सकते हैं, औरAIआपको उससे मिलते-जुलते सेकेंड हैंड आइटम दिखाएगा। इससे सेकंड हैंड खरीदारी में समय की बचत होती है और पसंद के कपड़े आसानी से मिल जाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 तक सेकंड हैंड फैशन का बाजार 250 बिलियन (20 लाख करोड़) तक पहुंच जाएगा। 2027 तक यह आंकड़ा 300 बिलियन (24 लाख करोड़) को पार कर जाएगा। यानी सेकंड हैंड कपड़ों का बाजार तेजी से बढ़ेगा।

**पुराने कपड़े खरीदने के फायदे**

सेकंड हैंड कपड़े नए कपड़ों की तुलना में 50-70% तक सस्ते होते हैं। बड़े ब्रांड्स के कपड़े भी सस्ती कीमत पर मिल जाते हैं। पुराने कपड़ों में भी आप क्लासिक और विंटेज लुक पा सकते हैं। कई सेलिब्रिटी भी सेकंड हैंड और थ्रिफ्टेड कपड़े पहनकर फैशन स्टेटमेंट देते हैं। सेकेंडहैंड कपड़े खरीदने से कपड़ा उत्पादन में पानी, ऊर्जा और संसाधनों की बचत होती है। थ्रिफ्ट स्टोर्स में अक्सर यूनिक और क्लासिक पीस मिलते हैं, जो बाजार में नए नहीं मिलते।

# योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों की शतप्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए-डीएम

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। शासन द्वारा गठित जिला उद्योग बन्धु समिति, सिंगल विण्डों एवं निवेश मित्र की बैठक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में औद्योगिक आस्थानों के रख-रखाव, निवेश मित्र पोर्टल, निर्यात प्रोत्साहन योजना, ओ०डी०ओ०पी०, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जेम पोर्टल, क्लस्टर विकास योजना, एम०ओ०यू०, रिक्त भूखंडों के आवंटन इत्यादि की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि लक्ष्यपरक योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों की शतप्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त होने वाले



आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय निस्तारण कराया जाये। बैठक में उद्यमियों से प्राप्त समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया। औद्योगिक आस्थानों के रख रखाव के अंतर्गत कार्यों की समिति बनाते हुए जांच किए जाने के निर्देश उपायुक्त उद्योग को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्धारित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करते हुए औद्योगिक आस्थानों में रिक्त भूखंडों का आवंटन कार्य सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने प्रदेश सरकार द्वारा प्रारंभ की गयी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा योजना) की विस्तृत जानकारी देते हुए अवगत कराया कि योजनान्तर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष में जनपद का लक्ष्य २२०० निर्धारित है, जिसके अंतर्गत ६०० आवेदन विभिन्न बैंकों में स्वीकृति हेतु प्रेषित किए जा चुके हैं। १३० आवेदनों को स्वीकृत किए जाने के साथ ही १०० लाभार्थियों को ऋण वितरित भी कराया जा चुका है। उन्होंने योजना के प्राविधानों से सभी को अवगत कराते हुए कहा कि आयु २१ से ४० वर्ष आयु के पात्र युवा योजनांतर्गत आवेदन कर सकते हैं। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, उप जिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी अमन सिंह, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर वैभव त्रिपाठी, सम्बंधित विभागों के अधिकारी, उद्योग बंधु व व्यापार बंधु के सदस्य तथा उद्यमी व व्यापारी उपस्थित रहे।

# बाबासाहेब का अपमान किसी कीमत पर नहीं किया जाएगा बर्दाश्त: राजेश शुक्ला

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। समाजवादी पार्टी की लोहिया वाहिनी द्वारा एक कार्यक्रम में भारत रत्न बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र के आधे भाग पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का चित्र जोड़े जाने पर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ी आलोचना की है। साथ ही सीतापुर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में स्थानीय अंबेडकर पार्क में विरोध प्रदर्शन किया गया और समाजवादी पार्टी के इस निचले कृत्य की घोर निंदा की गई सर्वप्रथम भाजपा कार्यकर्ता आरएमपी कालेज फील्ड पर स्थित नर्मदेश्वर मंदिर के निकट एकत्र हुए और फिर विरोध प्रदर्शन करते हुए म्युनिसिपल मार्केट स्थित अंबेडकर पार्क पहुंचे जहां पर बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला व पदाधिकारियों ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में बताया कि समाजवादी पार्टी



मानसिक दिवालियापन से गुजर रही है। पूर्व में भी भारत की आन बान शान बाबा साहेब डाक्टर भीमराव अंबेडकर के विषय में समाजवादी नेताओं ने अनर्गल प्रतिक्रियाएं दी है परंतु अब तो हद हो गई जब वह अपने कार्यक्रम में अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का चित्र बाबा साहेब के चित्र के साथ जोड़ने लगे हैं यह समाजवादी पार्टी की घृणित मानसिकता अब बर्दाश्त नहीं की जा सकती उन्होंने बताया बाबा साहब संपूर्ण भारत का सम्मान है उनके अपमान पर समाजवादी पार्टी को तत्काल माफी मांगनी चाहिए और भविष्य में इस तरह का कृत्य ना करने के लिए लिखित हलफनामा देना चाहिए। उन्होंने मांग की की समाजवादी पार्टी के नेताओं को बाबा साहब अंबेडकर के अपमान के लिए संविधान सम्मत दंडित किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी सदैव बाबा साहब के सम्मान के साथ खड़ी है और वह किसी को यह अनुमति नहीं दे सकती की कोई भी अपनी राजनीतिक रोटी सेकने के लिए बाबा साहेब के सम्मान से खिलवाड़ करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से अनुसूचित जाति मोर्चे के जिला अध्यक्ष रामस्वरूप भार्गव सीतापुर नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन नेहा अवस्थी, नमिन्द्र अवस्थी, नगर पालिका खैराबाद के अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू, सागर गुप्ता विश्राम सागर राठौर उदित वाजपेई नैमिष रतन तिवारी सचिन मिश्रा तरुण शुक्ला अजय विश्वकर्मा अनूप विश्वकर्मा अजय भार्गव रामजीवन जायसवाल, अमित दीक्षित, पंकज पांडे राजन गुप्ता दिवाकर शुक्ला, जया सिंह, तरुण शुक्ला मनोज तिवारी, इंदू सिंह चौहान रोहित सिंह सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

## विद्युत संविदा कर्मियों ने की हड़ताल उपखंड अधिकारी को सौंपा मांग पत्र

मिश्रित-सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। विद्युत विभाग में बीते १५ वर्षों से निरंतर कार्य करते चले आ रहे आउटसोर्सिंग संविदा श्रमिकों को कार्य से बाहर करने की



प्रक्रिया का घोर विरोध करते हुए मिश्रित विद्युत उपकेंद्र के दर्जनों संविदा कर्मियों ने आज ३३/११ केवी विद्युत उपकेंद्र पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए अनिश्चितकालीन कार्य हड़ताल शुरू कर दी है । इन हड़ताली कर्मचारियों ने मिश्रित के विद्युत उपखंड अधिकारी को एक मांग पत्र सौंप कर प्रदेश सरकार तक पहुंचाने और उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है ।हड़ताली संविदा कर्मियों का आरोप है । उनके कार्य लगन के कारण ही पूरी तरह से विद्युत लाइन लास काम हुआ है । जब तक उप केंद्र को बिजली मिलती है । तब तक लाइनों में उसका निर्वाध संचालन होता है । छोटी से छोटी शिकायत आने पर वह दिन-रात दौड़कर उसे शीघ्र ठीक करने का कार्य करते हैं । जिससे विभाग और सरकार की छबि जनता में खराब होने से बच सके । इन हड़ताली कर्मियों का कहना है । जिससे उनके परिवार भुखमरी की कगार पर आ गए हैं । और अब उन्हें कार्य से हटाकर बेरोजगार करने की भूमिका बनाई जा रही है । यह सबका साथ सबका विकास का कैसा सरकारी दावा है । मांमले में पूछने पर उपखंड अधिकारी शैलेंद्र कुमार पांडेय ने बताया है । कि जो प्रक्रिया अपनाई जा रही है । शासकीय निर्देश के तहत कार्य करना हमारी मजबूरी है । दूसरी तरफमिश्रित नैमिषारण्य विद्युत उप केंद्र के तहत मढिया , आंट , विश्व बैंक , रामकोट , मिश्रित नगर व देहात फीडर सहित ३७३ गांवों में सुचारू रूप से बिजली संचालन का कार्य भार संविदा कर्मियों के ऊपर ही है । जिनमें विद्युत आपूर्ति पहुंचाने का दायित्व संविदा कर्मियों के ऊपर ही निर्भर करता है । तो हम सब लोग बेरोजगार होने से बचने के लिए माननीय उच्च न्यायालय ही नहीं उच्चतम न्यायालय तक का दरवाजा खटखटाएगे और स्वयं तथा परिवार की रोजी-रोटी के लिए हर संभव संघर्ष करेंगे । इस अवसर पर रमेश कुमार , जितेंद्र कुमार , मासूम अली , कपिल कुमार ,दीपू , अनुपम कुमार , शाहबाज बनो , रीना देवी , राम प्रकाश , राजेंद्र सिंह , भोजपाल , शाहनवाज , फैसल खान , कलीम खान , प्रदीप राठौर , आशीष द्विवेदी , शैलेंद्र , मोहसिन खान , अमित कुमार पांडेय , अनूप कुमार , रमाकांत , सुजीत , राधेश्याम , संदीप पाल , मुस्ताक खां , नरेश कुमार यादव , आसिफ , अतुल कुमार , मदन , आशीष मिश्रा , निखिल तिवारी , रौनक तिवारी , अजय प्रताप , अमर सिंह , रामसेवक , अरुण कुमार तिवारी , विनीत कुमार , मुकेश कुमार , हनुमान आदि एक सैकड़ा तक संविदा कर्मी उपस्थित रहे ।

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को नई गति-बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा व अधिकारों के प्रति जागरूकता के लिए महिला कल्याण विभाग सक्रिय

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। जनपद में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने और बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा तथा उनके अधिकारों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से महिला कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल द्वारा जनपद में सार्वजनिक स्थलों, शिक्षण संस्थानों और समुदायिक केंद्रों पर जागरूकता गतिविधियों को सक्रिय रूप से संचालित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न माध्यमों जैसे नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, बैनर, पेम्फलेट, जागरूकता रैलियों एवं कार्यशालाओं के माध्यम से समाज के सभी वर्गों, विशेषकर ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को बेटियों की महत्ता, उनके अधिकारों तथा सुरक्षा के विषय में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इन शिविरों एवं जागरूकता अभियानों में भाग लेकर बेटियों के सशक्तिकरण की दिशा में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि एक सशक्त समाज की नींव तभी रखी जा सकती है जब बेटियों को भी समान अवसर, सुरक्षा और सम्मान प्राप्त हो। इसके अतिरिक्त, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल ने जानकारी दी कि जनपद में परित्यक्त शिशुओं की रक्षा हेतु विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेंसियों (एस०ए०ए०) के सहयोग से उपयुक्त स्थानों पर पालना शिशु स्वागत केंद्र स्थापित करने की दिशा में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। साथ ही पूर्व में स्थापित किन्तु निष्क्रिय पालना केंद्रों को भी पुनः क्रियाशील किया जा रहा है, जिससे परित्यक्त शिशुओं को सुरक्षित वातावरण मिल सके और उन्हें भविष्य में दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया के माध्यम से परिवार का स्नेह प्राप्त हो सके।

इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी नवजात असुरक्षित परिस्थिति में न छोड़ा जाए तथा समाज में सभी बच्चों को समान अधिकार और संरक्षण प्राप्त हो।

# रीजेन्सी पब्लिक स्कूल' विद्यार्थियों के सर्वागींण विकास के लिए प्रयासरत है-राशिदा ज़ैदी

### हौसलों की उड़ान, सत्र 2024-2025

सीतापुर। रीजेन्सी पब्लिक स्कूल के बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए बेहद खास रहा, छात्रों एवं शिक्षकों की मेहनत रंग लाई, परिणाम स्वरुप १०वीं एवं १२वीं के छात्रों ने बोर्ड परीक्षाओं में शतप्रतिशत परिणाम प्राप्त कर, प्रथम श्रेणी से शानदार सफलता प्राप्त की। आई०सी०एस०ई० २०२५ (कक्षा १०) में यशिका कुकरेजा ने ९७.०० प्रतिषत अंक प्राप्त कर में प्रथम, तेजस्व सोनी ९६.४० प्रतिषत द्वितीय एवं विनायक टंडन तथा मिनहाजुद्दीन अंसारी ने संयुक्त रूप से ९५.४० प्रतिषत अंक प्राप्त कर तष्तीय स्थान प्राप्त किया, वहीं आई०एस०सी० २०२५ (कक्षा १२) में सूरज शाक्य ने ९८.०० प्रतिषत अंक प्राप्त कर जनपद स्तर पर प्रथम, वैभव सिंह एवं जिज्ञासु त्रिवेदी ने ९७.०० प्रतिषत के साथ द्वितीय तथा नैना तेजवानी एवं हर्ष रस्तोगी ने ९६.०० प्रतिषत अंक प्राप्त कर तष्तीय स्थान प्राप्त किया और विद्यालय का मान बढ़ाया। सभी छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन से सफलता की ऊँचाईयों को छूकर यह प्रमाणित किया कि मन के हौसले, उड़ान को सही दिषा व दषा देते हैं। अक्षत टंडन ९५.००प्रतिशत, ज़ाराह जमीर ९५.००प्रतिशत, अथर्व शुक्ला ९४.००प्रतिशत, अहमद साद खान ९४.००प्रतिशत, अवनी वर्मा ९३.२०प्रतिशत, यशस्वी सिंह राठौर ९३.००प्रतिशत, धौर्य शुक्ला ९३.००प्रतिशत, गीतांश पाहवा ९३.००प्रतिशत, देव अग्रवाल ९३.००प्रतिशत, अरनव धिमान ९३.००प्रतिशत, रिज़ा अमान ९२.००प्रतिशत, लाम्या सिंह ९२.००प्रतिशत, आराध्या मिश्रा ९१.२०प्रतिशत, स्नेह लता ९१.२०प्रतिशत, अनन्या अग्रवाल ९१.००प्रतिशत, मंजरी यादव ९१.००प्रतिशत, इशिता पाहवा ९१.००प्रतिशत, मोहम्मद उबैद ९१.००प्रतिशत, प्रतिभा गुप्ता ९०.४०प्रतिशत, अदिति खन्ना ९०.२०प्रतिशत, ताहा अब्बास रिजवी ९०.००प्रतिशत, दिव्यांश त्रिवेदी ९०.००प्रतिशत, शौर्य प्रताप सिंह ९०.००प्रतिशत, अंश राज यज्ञसैनी ९०.००प्रतिशत, वरीशा खान ९०.००प्रतिशत एवं वर्निका वर्मा ९०.००प्रतिशत, एवं विषयवार अधिकतम अंक अर्जित करने वाले छात्र निम्नवत् हैं। विद्यालय का मान बढ़ाया एवं अधिकतम अंक प्राप्त कर यह सिद्ध किया कि सतत परिश्रम से ही लक्ष्य प्राप्त हो सकता है। परीक्षार्थियों की शानदार सफलता पर रीजेन्सी शैक्षिक समूह के संस्थापक एम.एफ जैदी ने छात्रों व उनके अभिभावको को बधाई देते हुए कहा कि 'रीजेन्सी पब्लिक स्कूल' विद्यार्थियो के सर्वागींण विकास के लिए प्रयासरत है। विद्यालय की प्रधानाचार्या राशिदा ज़ैदी ने सभी छात्रों एवं अध्यापकों को बधाई दी।

## अभियुक्त गिरफ्तार,चोरी हुआ सामान व अवैध शस्त्र बरामद

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी बिसवां सतीश चंद्र शुक्ला के निकट पर्यवेक्षण में थाना रेउसा पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त अंगू उर्फबिहारी पुत्र मिश्रीलाल नि.सधुवापुर मजरा रमुवापुर कालिकासिंह थाना रेउसा जनपद सीतापुर को चोरी हुए एक अदद सोलर पैनल एवम् एक कढ़ाई तथा ०१ अदद अवैध तमंचा ३१५ बोर व ०१ अदद जिन्दा कारतूस ३१५ बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त द्वारा बरामद



सोलर पैनल व कढ़ाई, ग्राम सेवता में एक मकान की छत से चोरी किये थे। घटना के संबंध में थाना रेउसा पर मु.अ.सं. ७२/२५ धारा ३०३(२) बीएनएस पंजीकृत है। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में थाना रेउसा मु०अ०सं० १८१/२५ धारा २५ पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान न्यायालय किया गया है।

# जीवन में पुरस्कार सदैव प्रेरणा देने का काम करते है-त्रिलोक वर्मा

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। जीवन में पुरस्कार सदैव प्रेरणा देने का काम करते हैं। जिन विद्यार्थियों को पुरस्कार नहीं मिला है उन्हें निराश नहीं होना है। आप और अधिक परिश्रम करके आने वाली परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करिए। शिक्षा समाज में सर उठाकर जीने के लिए बहुत आवश्यक है। यह बात आदर्श विद्या मंदिर इंटर कालेज में सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रबंधक त्रिलोक वर्मा ने कही। सम्मान समारोह कि दौरान प्रबंधक ने बताया कि हाईस्कूल में गणित विषय में सौ अंक प्राप्त करने पर प्राची और सोनिका के साथ इण्टर में छात्र शिवांशु वर्मा को जनपद में



दसवां स्थान प्राप्त हुआ है। हाईस्कूल में अभिलाष वर्मा, प्राची सोनी, संध्या वर्मा सहित कई अन्य विद्यार्थियों का प्रदर्शन काफी शानदार रहा। सभी मेधावियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक दीपक शुक्ल, सुधीर कुमार, आशीष रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

## सेवा भारती द्वारा संचालित सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र के नये सत्र का शुभारम्भ

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। सेवा भारती सीतापुर द्वारा बालिकाओं को रोजगार पूरक प्रशिक्षण देने के लिए निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र तपोधाम आश्रम लोनियपुरवा सीतापुर के नये सत्र का शुभारम्भ महंत तेजनाथ के कर कमलो द्वारा किया गया। इस अवसर पर सेवा भारती जिलाध्यक्ष अवनेन्द्र विक्रम सिंह, प्रान्त कोषाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, पूर्व महामंत्री वी०पी० सिंह, मनोज ढ़ल्ल जी, प्रशिक्षिका चांदनी मिश्रा, हरिओंम मिश्रा, केशव मिश्रा आदि उपस्थित है।




# विधायक ज्ञान तिवारी ने किया गोशालाओं का किया निरीक्षण

सीतापुर (स्वतंत्र भारत)। सेउता विधायक ज्ञान तिवारी तथा डीसी मनरेगा चंदन देव पांडेय ने तीन ब्लाकों के १३ गोशालाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक तथा डीसी मनरेगा ने १३ गोआश्रय स्थलों में स्वच्छ पेयजल, धूप से बचाव, टाट के बोरे शेड आदि मूलभूत सुविधाओं की आदि व्यवस्था की जानकारी ली। गर्मियों की शुरूआत हो चुकी है ऐसे में गोशालाओं में कौन-कौन सी समस्याएं है इसको लेकर विधायक भाजपा ज्ञान तिवारी बेहद सख्त है। उन्होंने गत दिवस डीएम से गोशालाओं की जानकारी ली और कुछ स्थानों पर समस्याएं भी बताई। साथ ही उन्होंने निरीक्षण के लिए भी कहा जिस पर डीएम ने डीसी मनरेगा चंदन देव पांडेय को मौके पर भेजा। जिस पर विधायक तथा डीसी मनरेगा ने विकासखंड रेउसा, सकरन तथा रामपुर मथुरा में स्थित गोशालाओं में जाकर वहां की जमीनी हकीकत देखी। विधायक तथा डीसी मनरेगा ने बरी, कोडवा धमधमपुर, बेलहा, ग्वारी, अरसोहा, किरतापुर, देवतापुर, कालिमपुर, देशी लौकिया, रायसेनपुर, महेशपुर तथा म्यौढ़ी छोलहा शामिल है। सकरन क्षेत्र में बेसहारा गौवंशों के लिए एक सराहनीय पहल की जा रही है। सकरन खुर्द गौशाला में संरक्षित तीन सैकड़ा से अधिक गौवंशों को बीडीओ श्रीश गुप्ता ने रविवार को सेतुवाही अमावस्या के अवसर पर ब्रेड पाव के साथ ५० किलोग्राम गुड़ खिलाई। यह पहल गौवंशों के पोषण स्तर में सुधार के लिए की जा रही है। इससे पहले भी बीडीओ श्रीश गुप्ता इसी तरह किरतापुर और बगहाढांक गौशाला में गोभी के भोग की व्यवस्था कर चुके हैं। उनके इस कार्य की क्षेत्र के प्रबुद्ध वर्ग द्वारा सराहना की जा रही है। बीडीओ द्वारा गौमाता के बेहतर जीवन के लिए किए जा रहे प्रयासों से गौवंशों के स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव देखा जा रहा है।

## उपकेन्द्रों से जुड़े संविदा कर्मचारियों ने पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डा. अम्मार रिजवी को ज्ञापन सौंपकर मांगा न्याय

महमूदाबाद, सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। विद्युत वितरण महमूदाबाद और अन्य उपकेन्द्रों से जुड़े संविदा कर्मचारियों ने पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डा. अम्मार रिजवी को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न समस्याओं को लेकर उच्चस्तरीय वार्ता करने और समस्याओं का निराकरण करने की मांग की। कर्मचारियों ने ज्ञापन में कहा कि अब ग्रामीण विद्युत उपकेन्द्रों पर १२.५ कर्मचारी और शहरी उपकेन्द्रों पर १८.५ कर्मचारियों के हिसाब से ही तैनाती की जायेगी। शेष कर्मचारियों की छंटनी कर दी गई है। जबकि २०१७ के आदेशानुसार ग्रामीण उपकेन्द्रों पर २० और शहरी उपकेन्द्रों पर ३६ कर्मचारियों की तैनाती की जानी है। ऐसे में मांगों के सम्बंध में उच्च स्तरीय वार्ता करने का आश्वासन दिया।



कर्मचारियों की छंटनी करने से जहां बड़ी संख्या में कर्मचारी बेरोजगार हो जाएंगे दूसरी तरफ शेष कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्य का बोझ पड़ेगा इससे मानसिक स्थिति प्रभावित होगी। पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जिला कार्यालय मंत्री उ०प्र० पावर कार्पोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ प्रदीप सिंह, अखिलेश वर्मा, ओमकार नाथ, प्रमोद, सलीम, राजेश, गुड्डू, राजकुमार, सर्वेश, मनोज, जुनैद आदि उपस्थित रहे।

# टैलेंट शो के दौरान नौनिहालों ने दर्शको का मोहा मन

महमूदाबाद-सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। क्षेत्र के प्रसिद्ध श्री संकटा देवी धाम में चल रहे ३० दिवसीय वार्षिक मेले के दौरान सोमवार की रात्रि आठ बजे से धाम के सांस्कृतिक मंच पर आयोजित टैलेंट शो के दौरान नौनिहालों ने आकर्षक वेशभूषा में झांसी की रानी, अनपढ़ नेता, भक्त के वश में हैं भगवान, द्रोपदी चीर हरण, सोशल मीडिया एक्ट, मेक आफजोक्स आदि प्रस्तुत कर बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों का स्वस्थ मनोरंजन किया। धाम के सास्कृतिक मंच पर चल रहे ३० दिवसीय वार्षिक मेले के दौरान आकर्षक वेशभूषा में दिव्यांशी दीक्षित, मान्शी, कोपल, खुशी, प्रज्ञा, काव्या, सक्षम ने ने महिषासुर मर्दिनी एक्ट की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। सुब्रह्मण्यम, अक्षिता



मिश्रा, व शिवन्या पाण्डेय ने ग्रुप डाँस प्रस्तुत किया। दीपान्शी वर्मा, पूर्ति सिंह, अनुरागिनी, अभय, अभिनव, आदर्श वर्मा द्वारा प्रस्तुत कामेडी एक्ट कालेज लाइफने जहां दर्शकों को खूब हसाया वहीं श्रेया, आकांक्षा, महक, नैन्शी, सिद्धान्त, आशुतोष, उज्ज्वल के एक्ट रानी लक्ष्मी बाई ने देशभक्ति का संचार किया। झांसी की रानी मणिकर्णिका का प्रदर्शन देखकर दर्शक दांतो तले उंगली दबाने को विवश हो गए। परी गुप्ता, दिव्या, अनुश्री, अवि सिंह, सौम्या वर्मा, अभिनव वर्मा ने भारत की पहली महिला डाक्टर आनन्दी बाई गोपाल राव जोशी व नव्या सिंह, अदित्री शुक्ला, अदिती वर्मा ने रतन टाटा की यादें एक्ट प्रस्तुत कर लोगों की आंखें नम कर दी। अनिकेत पोरवाल, सानिध्य मिश्र, आदित्य वर्मा, काव्या निगम ने बोर्ड एग्जाम रिजल्ट व ऐश्वर्य गुप्ता, काव्या गुप्ता ने इक चतुर नारि बड़ी होशियार पर लोगों को जमकर गुदगुदाया। वर्षा, दीव्यांका, अंजली वर्मा, आन्या, मान्या, ईशानी, नित्या, श्रेष्ठ, अपर्णा ने सोशल मीडिया के अधिक प्रयोग से रहे दुष्प्रभाव को एक्ट के माध्यम से समझाया। अनुप्रिया, महक ,अनुज्ञा, अभिषेक, आकांक्षा ने यश भक्त के वश में हैं भगवान व आरोही, अंशिका, वाणी, आर्यन, अनुष्का, स्तुति ने द्रोपदी चीर हरण एक्ट में बहुत ही मार्मिक प्रस्तुति देकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक आशा मौर्या ने दीप प्रज्ज्वन व मां संकटा देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

## खुरवल के कोटेदार रामेश्वर गुप्त का बीमारी के चलते निधन

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। विकास खंड महमूदाबाद की ग्राम पंचायत खुरवल के कोटेदार रामेश्वर गुप्त का करीब १० माह पूर्व बीमारी के चलते निधन हो गया था। जिसके बाद से खुरवल ग्राम पंचायत में उचित दर विक्रेता का पद रिक्त था। जिसके चयन को लेकर १० फरवरी को पंचायत भवन खुरवल में अधिकारी पहुंचे थे, लेकिन कोरम के अभाव में कोटेदार चयन प्रक्रिया को आगे बढ़ाकर २७ फरवरी किया गया था। २७ फरवरी को भी कोरम के अभाव में बैठक निरस्त हो गई। २८ अप्रैल सोमवार को खुरवल पंचायत भवन में कोटेदार चयन को लेकर तैयारियां पूरी हो गई थी। कोटेदार के चयन को लेकर उम्मीदवारी जता रहे अंजुम अंसारी, मोहम्मद आबिदून, मन्त्री लाल यादव और उनके समर्थक भारी संख्या में पहुंचे। अचानक कुछ देर बाद ही बैठक निरस्त होने की सूचना मिली। बहुत ही अफरा-तफरी के बीच समर्थकों को निराश होकर अपने घर वापस लौटना पड़ा। बीडीओ संदीप कुमार ने बताया कि बैठक को संपन्न करवाने के लिए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लिए प्रभारी निरीक्षक द्वारा आज फोर्स उपलब्ध करवाने में असमर्थता जताने के चलते बैठक निरस्त कर दी गई है, जल्द ही खुली बैठक की अगली तिथि जारी कर कोटेदार का चुनाव करवाया जाएगा।

# डॉ अंबेडकर की तस्वीर के साथ अखिलेश यादव की तस्वीर लगाने पर भाजपा ने किया धरना-प्रदर्शन

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा धरना प्रदर्शन अंबेडकर पार्क में किया पार्क में पहुंचकर भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्गविजय सिंह शाक्य, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया इसके बाद धरना को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्गविजय सिंह शाक्य ने कहा बाबा साहेब का अपमान किसी भी कीमत पर भाजपा बर्दाश्त नहीं करेगी जिस तरह से समाजवादी पार्टी ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की छवि का अपमान करते हुए जो चित्र (ग्राफ़) जारी किया गया, जिसमें डॉ. अंबेडकर जी की बड़ी तस्वीर के साथ अखिलेश यादव की भी तस्वीर लगाई गई यह न केवल दलित समाज का, बल्कि समूचे राष्ट्रनायक का अपमान है। महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने कहा समाजवादी पार्टी के नेताओं की जो हरकत है वह दुर्भाग्यपूर्ण है बाबा साहेब का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।





आज इस दुर्भाग्यपूर्ण कृत्य के विरोध में भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा धरना दिया गया एससी/ एसटी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया ने कहा, यह न केवल दलित समाज का, बल्कि समूचे राष्ट्र नायक का अपमान है ऐसी हरकत से उनकी मानसिकता का पता लगता है। भाजपा नेता अनिल कुमार एडवोकेट और गुलशन आनंद ने भी कहा जो राष्ट्र नायक का सम्मान नहीं कर सकता वह किसका सम्मान करेगा भाजपा नेता पंडित राम गोपाल मिश्रा ने डॉ अंबेडकर जी की बड़ी तस्वीर के साथ अखिलेश यादव की भी तस्वीर लगाई गई यह न केवल दलित समाज का बल्कि समूचे राष्ट्र नायक का अपमान है इस दुर्भाग्यपूर्ण कृत्य के विरोध में आज अंबेडकर पार्क में धरना दिया गया।

धरने में मुख्य रूप से भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्ग विजय सिंह शाक्य, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, एससी एसटी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया, अनिल कुमार एडवोकेट, गुलशन आनंद, पंडित राम गोपाल मिश्रा, निवोतिता श्रीवास्तव ,दीपक सोनकर, विष्णु शर्मा, प्रभु दयाल लोधी, बंटी ठाकुर, प्रत्तेश पांडे, अरुण कश्यप, अजय प्रताप सिंह,अमरीश कठेरिया, प्रवेश वर्मा, सूर्यकांत मौर्य, राजकिशोर कश्यप, योगेश कुमार, मोहित तिवारी,शिखा मल्होत्रा, राजीव कश्यप, कन्हैया राजपूत, नरेंद्र मौर्य, बृजेश प्रताप सिंह, जयदीप वाल्मीकि, अजय मौर्या, मोहित कपूर,सुधा सक्सेना, अतुल कपूर, अजय चौहन, पुष्पेंद्र पटेल,गौरव गुप्ता, सुधांशु सक्सेना, विपिन भास्कर, गरिमा कमांडो, संतोष कश्यप, विवेक पटेल, डॉ बनवारी लाल शर्मा, छागमल मौर्य, अजय रत्नाकर, बबलू पटेल, पूनम गौतम, रोहित राकेश, आरती गुप्ता, पुष्पेंद्र शुक्ला, बिंदु सक्सेना एवं समस्त महानगर पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी एवं पाषर्दगण और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने अपने विचार रखे

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा फ्यूचर यूनिवर्सिटी में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर एक विचार संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और समाज के प्रबुद्ध वर्ग को भारत सरकार की एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा से अवगत कराना और इस विषय पर खुला विमर्श करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गन्ना राज्य मंत्री संजय गंगवार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव न केवल एक राजनीतिक सुधार है, बल्कि यह देश की प्रशासनिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिरता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने बताया कि आज जब देश हर साल किसी न किसी राज्य में चुनावों के दौर से गुजरता है, तो उससे नीति निर्माण और विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है। ऐसे में एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराए जाने से सरकारें अपने कार्यकाल का पूरा समय जनसेवा और विकास को दे पाएंगी।उन्होंने यह भी बताया कि यह विचार कोई अचानक आया हुआ संकल्प नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता और राष्ट्रहित में की गई एक बड़ी पहल है। इससे देश को हर साल होने वाले चुनावी खर्चों में भारी कमी आएगी और वोटर अवेयरनेस भी बढ़ेगा।



सन 1967 से पहले ये चुनाव एक साथ ही हुआ करते थे। उसके बाद केंद्र की सरकार द्वारा राज्य सरकारों की बर्खास्तगी के कारण यह समय परिवर्तित होता चला गया।लेकिन आज के इस भाग दौड़ वाले समय यह वक्त की पुकार है। इससे मतदाता प्रतिशत भी बढ़ेगा। आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह ने कहा कि इस पहल को लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा एक राष्ट्र, एक चुनाव के कानूनी, सामाजिक, प्रशासनिक और व्यावहारिक पहलुओं पर भी विचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में विधायक डॉ श्याम बिहारी लाल, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, क्षेत्रीय महामंत्री रुद्र लक्ष्मीकांत अवस्थी, राजू उपाध्याय,अमन सक्सेना,ओमवीर गुर्जर, पुष्पेंद्र, शुभांकर मिश्रा, प्रतुल अग्रवाल, प्रदीप यादव, राजेश गुप्ता, अनिल, शंखधर, परवेज, वैभव, सुरजीत, करनैल, अभिनभ आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अपने स्थान पर विराजे भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा, भगवान बलभद्र जी

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** श्री स्वामी जगन्नाथ मंदिर (मठ गद्दी तुलसीदास दास जी महाराज से सम्बंद्ध ) मे श्री राधा संकीर्तन मंडल ट्रस्ट रजि. बरेली द्वारा कराये जा रहे देवस्थापना एवं सप्त दिवसीय संकीर्तन महोत्सव के तृतीय दिवस पर भगवान जगन्नाथ जी , बलभद्र जी बहन सुभद्रा जी का प्रातः काल मे पूजन विधि विधान से तुलसी मठ के महंत नीरज नयन दास जी ने आरम्भ किया और जगन्नाथ जी को अपने स्थान पर विराजमान किया इसके पश्चात् विधि विधान से हवन एवं पूर्णआहुति दी गयी।



दोपहर मे पूर्णआहुति के उपरान्त भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे ह?ारो लोगो ने भगवान् का प्रसाद ग्रहण किया

कल से भगवान के स्थापना के उपलक्ष्य मे सप्त दिवसीय संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जायेगा जिसमे बरेली एवं आसपास के क्षेत्रों के रसिक बरैली आकर श्री जगन्नाथ स्वामी जी का गुणगान करेंगे आज के कार्यक्रम मे अध्यक्ष हरीश चंद्र अग्रवाल महामंत्री अनुज अग्रवाल, डॉ अनिल कुमार सक्सेना एडवोकेट, पवन जायसवाल, संजीव जायसवाल, ओम प्रकाश लोधी, मुकेश सक्सेना,अभिषेक कश्यप, अशोक मौर्या, आशुतोष गोयल, राजीव अग्रवाल, रेशु अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, दिनेश शर्मा, समित अग्रवाल, सुधीर जायसवाल एवं भारी संख्या मे क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# ग़ाज़ा भेजी राहत सामग्री, तकसीम किया गया पानी

### आरएसी एड फ़ॉर ग़ाज़ा अभियान के तहत भेजी मदद अल-अज़हर यूनिवर्सिटी के भारतीय छात्रों से मिला सहयोग

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** ऑल इंडिया रज़ा एक्शन कमेटी और आरएसी ट्रस्ट ने एक बार फिर ग़ाज़ा के मज़लूम लोगों के लिए राशन सामग्री भेजी है। नबीरा-ए-आला हज़रत व आरएसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रज़ा क़ादरी ने बताया मिस्र (इजिप्ट) की अल-अज़हर यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे भारतीय छात्रों के सहयोग से राहत सामग्री भेजी गई है।

नबीरा-ए-आला हज़रत मौलाना अदनान रज़ा क़ादरी ने ÷आरएसी एड फ़ॉर ग़ाज़ा÷ के तहत मदद भेजने का सिलसिला आगे बढ़ाया है। इससे पहले ग़ाज़ा में ही खाना पकार बाँटा गया था। चूँकि इस बार स्थिति अलग है इसलिए राशन के पैकेट बाँटे गए हैं। नबीरा-ए-आला हज़रत ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने सभी से अपील की है कि ग़ाज़ा के मज़लूमों की मदद के लिए हर मुमकिन कोशिश करें उन्होंने पूरी दुनिया में अमन की दुआ की है। बता दें कि अल-अज़हर यूनिवर्सिटी के छात्रों के माध्यम से फ़लिस्तीन का एक वीडियो भी भेजा गया है, जिसमें सामान पाकर बच्चे ख़ुशी का इज़हार कर रहे हैं और दुआएँ दे रहे हैं।

## गाज़ा में गर्मी को मद्देनज़र रखते हुए तकसीम किया गया पानी

**बरेली।** नबीरा ए आलाहज़रत मौलाना अब्दुल्लाह रज़ा कादरी सदर आलाहज़रत वेलफेयर ट्रस्ट मरकज़ ए अहले सुन्नत बरेली शरीफ ने आलहज़रत वेलफेयर ट्रस्ट के बैनर तले ग़ज़ा में गर्मी को मद्देनज़र रखते हुए पानी तकसीम करवाया। मौलाना ने बताया ग़ज़ा में मज़लूम लोग ज़ुल्म सहते वे जिंदगी बसर कर रहे हैं। पैग़म्बर साहब की उम्मत का एक गिरोह जो सबर के रास्ते से गुज़र रहा हैं उन लोगो के लिए ये इंतज़ाम करा गया है। इस मौक़े पे शेख आलीशान खान ने बताया ये कारे ख़ैर मौलाना ने भारत मुल्क के उत्तर प्रदेश के शहर मुराबाद,और कासगंज के रहने वाले मुहम्मद आदिल रज़ा और मुहम्मद क़ासिम बरकाती जो के मिस्र में दीनी तालीम हासिल कर रहे हैं उनके ज़रिए से ये मदद ग़ज़ा तक भेजने में कामयाब हुए जो मदद गाजा के ख़ान यूनुस इलाक़े में पहुंची हैं उसकी तस्वीरे सोशल मीडिया के व्हाट्स ऐप, इंस्टाग्राम पर अब्दुल्ला मिया ऑफिशियल टीम ए यूनिट ऑफ़ आलाहज़रत वेलफेयर ट्रस्ट पे अपलोड की गई हैं जिसमे साफ़ तौर पे नज़र आ रहा हैं वहाँ के लोगो को मदद की किस तरह सख्त ज़रूरत हैं जिसमे बच्चे बूढ़े मर्द औरत सब मदद पाने को बेताब नज़र आरहे हैं इस मौक़े पर मौलाना अब्दुल्लाह रज़ा कादरी ने ग़ज़ा के मुसलमानों के लिए खूब दुआएं की।

# परशुराम जयंती पर फरीदपुर में निकली बाइक रैली, लोगों ने पुष्प वर्षा कर किया भव्य स्वागत

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** भगवान परशुराम के प्रगटोत्सव पर ब्राह्मण एकता मंच द्वारा दिन बुधवार को (अक्षय तृतीया) पर गत वर्षों की भांति भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा का प्रारंभ भुता रोड की मोड पर शगुन वेंकट हाल से हुआ तथा नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई तहसील के निकट रामबेटी मैरिज लॉन पहुंची जहां भगवान परशुराम को पुष्प अर्पित करने के उपरांत आरती की गई, जिस के बाद कार्यक्रम के समापन से पूर्व पहलगांव कश्मीर में हताहत हिन्दुओं की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखने के उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ। शोभायात्रा बीसलपुर रोड स्थित कैप्टन पी सी शर्मा के बारात घर से शुरू हुई मेन रोड होते हुए स्टेशन रोड से नई तहसील के पास रामबेटी बारात घर पर समाप्त हुई।



नगर में सभी वर्गों द्वारा विविध स्थानों पर पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में मोटरसाइकिल एवं कारें हजारों की संख्या में होने के कारण संपूर्ण नगर परशुराम भगवान के जयकारों से गूंज गया। शोभायात्रा के समन्वयक अनुज शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। शोभायात्रा के सफल संयोजन में नारद मुनि गौड़, ब्रह्मेन्द्र मिश्रा,कैप्टन पी सी शर्मा, अतुल अग्निहोत्री, अजय भारद्वाज, स्वतंत्र गौड़, संतोष शर्मा, राजू उपाध्याय, रुद्र लक्ष्मीकांत अवस्थी, राजेश चंद्र मिश्रा, संजय पाठक,अनुज पांडेय, चन्दन शुक्ला, विशाल पांडेय, अतुल मिश्रा, सूरज मिश्रा, रचित शर्मा, अंश पांडे, शिव पांडे, शालू शर्मा, नवीन शर्मा, मनोज पांडेय, योगेश मिश्रा, अविनाश मिश्रा, अमित पांडेय,अम्बर पांडेय, रुद्रांश त्रिगुणायत, इंद्रमणि शंकरधार, संजीव शर्मा, संजीव शुक्ला, अनूप नारायण मिश्रा,प्रवेश त्रिवेदी, सजल पांडेय, अवनीश मिश्रा, रचित शर्मा राघवेंद्र मिश्रा राहुल मिश्रा, राजू उपाध्याय,लक्ष्मीकांत,हरिशंकर अग्निहोत्री,की विशेष भूमिका रही।

# किशोरी के साथ सिटी स्टेशन पर दुष्कर्म करने वाला आरोपी जीआरपी पुलिस ने पकड़ा, भेजा जेल

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** टनकपुर मेला से कासगंज जा रही एटा की किशोरी से बरेली सिटी स्टेशन यार्ड में 27 मार्च की दरिंदगी करने वाले आरोपी को मंगलवार की देर रात में हिरासत में ले लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। आज बुधवार को आरोपी बेनकाब किया जाएगा। पीड़िता ने आरोपी की तस्वीर देखकर पहचान कर ली है। वह टनकपुर में प्रसाद की दुकान चलाता है।

जिला कासंगज थाना सारों क्षेत्र मानपुर नगरिया निवासी चंद केश परिवार के साथ 27 मार्च को पूर्णागिरि मेले से बरेली आया था। स्पेशल ट्रेन से कासगंज जाना था। तभी परिवार के अन्य सदस्य ट्रेन पर सवार नहीं हो सके। 16 वर्षीय किशोरी जनरल कोच में चढ़ गई। आरोपी युवक ने किशोरी को बहला फुसलाकर और परिवार को सिटी स्टेशन पर छूटने की बात कहकर ट्रेन से उतार लिया और उसे रेल यार्ड में लेकर चला गया। उसने किशोरी को धमकाकर रेप किया। उसी रात से एसएसपी बरेली, एसपी जीआरपी और सीओ के नेतृत्व में आठ टीमें आरोपी की तलाश में लगी थीं।



एसएसपी बरेली ने सर्विलांस और एसओजी को भी लगाया। 34 दिन की मशक्कत और 100 से अधिक कैमरे खंगालने के बाद जीआरपी और सिविल पुलिस को सफलता मिली। मंगलवार को आरोपी की पहचान हो गई। घटना वाली रात के 12 ऐसे सीसीटीवी फुटेज मिले, जिसमें एक व्यक्ति की बरेली सिटी और जंक्शन पर बार-बार आने की फुटेज मिली। मोबाइल टॉवर, खंगाले तो एक नंबर ट्रेस हुआ। बरेली एसओजी, सर्विलांस टीम और जीआरपी की टीम तलाश में जुटी। पता चला है,आरोपी घटना के बाद दो सप्ताह तक टनकपुर और अपने गांव नहीं गया। आरोपी सोरो के गांव मानपुर नगरिया का चंद्रकेश बताया जाता है। हालांकि जीआरपी ने नाम की पुष्टि नहीं की है। बुधवार को जीआरपी ने उसे मीडिया के सामने बेनकाब कर जेल भेजा

## उच्च प्राथमिक विद्यालय फैजनगर में डॉक्टर के कस्तूरीरंगन को दी गई श्रद्धांजलि



-स्वतंत्र भारत-

**भुता।** उच्च प्राथमिक विद्यालय फैजनगर में महान इसरो वैज्ञानिक पदमभूषण से सम्मानित डॉक्टर के कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महान वैज्ञानिक डॉक्टर के कस्तूरीरंगन का निधन 25 अप्रैल 2025 को हो गया था। विद्यालय के शिक्षक जितेंद्र सिंह ने उनके शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका तथा उनके जीवन के बारे में बच्चों को विस्तार से बताया।

कृष्ण स्वामी कस्तूरीरंगन देश के महान अंतरिक्ष वैज्ञानिक थे 1994 से 2003 तक उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का नेतृत्व किया था। इसके साथ ही राज्यसभा, योजना आयोग, को जैसे विविध क्षेत्रों में उन्होंने राष्ट्र की सेवा की। वैज्ञानिक नीति निर्माता शिक्षावादी पर्यावरण वादी ऐसे विभिन्न भूमिकाओं को प्रभावी ढंग से निभाने वाले डॉक्टर कस्तूरीरंगन उदार मानवतावादी और संवेदनशील व्यक्ति थे। समस्त देशवासियों को खासकर अंतरिक्ष अनुसंधान में उनके योगदान पर बेहद गर्व है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमीरचंद, जितेंद्र सिंह,रामनिवास शर्मा, वीरेश, भावना, शालिनी, रश्मि फरजाना ,प्रतिभा आदि मौजूद रहे।

## उर्स-ए-ताजुश्शरिया के मौके पर 111 होनहार छात्रों को मिलेगी मुफ्त कोचिंग: फरमान मियां

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** सातवें दो रोज़ा उर्स-ए-ताजुश्शरिया के मौके पर जहां मज़हबी कार्यक्रम जैसे परचम कुशाई, तक़रीर, कॉन्फ्रेंस व कुल शरीफ का आयोजन काज़ी-ए-हिंदुस्तान जानशीन-ए-हुज़ूर ताजुश्शरिया असजद रज़ा ख़ान (असजद मियाँ) की सरपरस्ती में किया जाएगा, वहीं सामाजिक कार्यों की एक मिसाल भी पेश की जाएगी।



जमात रज़ा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव व आला हज़रत ताजुश्शरिया सोसाइटी के संस्थापक फरमान हसन ख़ान (फरमान मियाँ) ने जानकारी दी कि रज़ा नगरी बरेली की पहचान दुनिया में इल्म व तालीम की रौशनी से है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस साल भी दरगाह की जानिब से 111 ऐसे होनहार छात्रों को, जो आर्थिक कारणों से कोचिंग नहीं ले पाते, मुफ्त कोचिंग की सुविधा दी जाएगी। फरमान मियाँ ने कहा कि हमारा मिशन है कि बच्चे सिर्फ मुफ्ती या आलिम ही नहीं बल्कि डॉक्टर और इंजीनियर बनकर भी समाज की सेवा करें। इस पहल के तहत ह्श्ञश्व्ज्ञ और इंजीनियरिंग के इच्छुक विद्यार्थियों के साथ-साथ कक्षा 6 से 12 तक के यूपी, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के हिंदी और अंग्रेज़ी माध्यम के छात्रों के लिए भी मुफ्त कोचिंग की व्यवस्था की गई है। डेल्टा क्लासेज, राजेन्द्र नगर (जनकपुरी), बरेली में 1 मई से 8 मई तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक पंजीकरण किया जा सकता है। इच्छुक छात्र 7060100361 पर संपर्क करें। इस अवसर पर जनार्दन आचार्य, अमित शर्मा मोईन ख़ान, शमीम अहमद, हाफिज इकराम, ज़फ़र बेग, ज़हीर अहमद, जुल्फ़िकार अहमद, शैबुद्दीन रज़वी, साकिब अली, साक़िब ख़ान, आतिफ़ ख़ान आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रा.वि. मटिया नगला में के कस्तूरीरंगन श्रद्धांजलि सभा आयोजित

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** प्राथमिक विद्यालय मटिया नगला में बीएसए बरेली संजय सिंह व बीईओ शीशपाल के निर्देशन में कृष्णस्वामी कस्तूरीरंगन श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। राज्य पुरस्कृत शिक्षक, राज्य आईसीटी पुरस्कार से सम्मानित विद्यालय के प्रधान अध्यापक डॉ. अमित शर्मा ने पीपीटी व विडियोज के माध्यम से महान वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद्, पद्म श्री, पद्म भूषण, पद्म विभूषण डॉ. कस्तूरीरंगन के जीवन की सुंदर झांकी प्रस्तुत की और उनके जन्म, परिवार, शिक्षा, उनकी उपलब्धियों, और शिक्षा व विज्ञान के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान पर विस्तृत चर्चा की। सहायक अध्यापक लोचन सिंह ने भी महान व्यक्तित्व के. कस्तूरीरंगन के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। सहायक अध्यापक राहुल जैन ने जैव विविधता के संदर्भ में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर एन एल शर्मा सर स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्र मटिया नगला की कार्यकत्री प्रीति ने भी के. कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के पश्चात दिवंगत आत्मा की शांति हेतु एक मिनिट का मौन भी रखा गया। उनकी स्मृति में एक पेड़ भी लगाया गया। सहायक अध्यापक लोचन सिंह, राहुल जैन, शिक्षा मित्र विमलेश्वरी देवी, और आँगन बाड़ी प्रीति के साथ ही रूपवती,धन देवी और सोमवती का विशेष सहयोग रहा।




# खबर एक नजर

## किसान के यूकेलिप्टस के पेड़ जले मुकदमा दर्ज

**फतेहगंज पूर्वी।** थाना क्षेत्र के गांव नगरिया कला निवासी मोहित ने बताया कि उसके खेत के पास विपिन और सचिन का खेत है जिसमें गेंहू की फसल काटने के बाद उसकी नरई खड़ी हुई थी। दो दिन पहले उक्त लोगों ने अपने खेत में खड़ी नरई में आग लगा दी। जब मोहित खेत पर पहुंचा तो देखा उन लोगों के खेत की आग उसके खेत में लगे यूकेलिप्टस के पेंडो को जला रही थी। जब मोहित ने जब उन लोगों से आग लगाने का कारण पूंछा तो वह लोग गन्दी गालियां देते हुए मारपीट करने लगे।जिसके बाद आसपास के लोगों के आ जाने पर वह दोनों लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। इस दौरान मोहित के खेत में खड़े दो सौ यूकेलिप्टस के पेड़ जलकर नष्ट हो गए। मोहित ने थाने पहुंचकर दोनो के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## घर में घुसकर किया महिला पर जानलेवा हमला,

### पुलिस बना रही फैसले का दबाव

**बरेली।** थाना बारादरी जोगी नवादा की रहने वाली इशरत जहां पत्नी चीना ने एसएसपी से शिकायत की है कि 28 अप्रैल को शाम 7 बजे उसकी बहन रूमाना उसके पति बिक्की ,ससुर शौकीन, सास सलमा, देवर तालिब अबीज, कासिम, और नंदोई नाजिम ननद शमा एक साथ मिलकर घर में घुस कर हमला कर दिया और हथौडा मारा और धारधार हथियार से इशरत पर हमला कर दिया महिला जख्मी हो गई थाना बारादरी पुलिस से शिकायत की पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया पुलिस ने हल्की धाराओं में मुकदमा लिखकर महिला को छोड़ दिया अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है यह लोग आए दिन इशरत को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इशरत ने एसएसपी से संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई है उसने बताया की चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र बिश्नोई डरा धमका रहे हैं और मुकदमा वापस लेने पर दबाव बना रहे हैं उसने निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए मुलजिमों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



## एलायंस टायर्स ने फार्म टायर वैन कैम्पेन की शुरुआत की

**बरेली।** योकोहामा-एटीजी ने उत्तर प्रदेश में एलायंस ट्रैक्टर टायर वैन कैम्पेन की शुरूआत की है। इस पहल के तहत, बरेली के किसानों को एलायंस ट्रैक्टर के फायदों के बारे में पता चला और वे कैसे उनकी पैदावार को बेहतर बनाने में योगदान दे सकते हैं। एलायंस 70 वर्षो से दुनिया भर के किसानों की सेवा कर रहा है और अपने ग्राहकों की हर तरह की जरूरतों को समझने और उन्हें संबोधित करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके परिणामस्वरूप ब्रांड एलायंस के संरक्षक योकोहामा-एटीजी के पास 3500 से अधिक टायरों की रेंज है।अभियान का एक प्रमुख आकर्षण एग्री स्टार।। है जो एलायंस का प्रमुख रेडियल ट्रैक्टर टायर है। इस मौके पर अनुज ठक्कर, सीनियर वीपी-इंडिया और सार्क ने कहा कि एलायंस ने हमेशा कोशिश की है कि हमारे टायरों से किसानों की पैदावार कैसे बड़े। इस अभियान के माध्यम से, हम एग्री स्टार।। जो दुनियाभर के किसानों का विश्वास जीत चुका है, को उत्तर प्रदेश के ग्राहकों को भी पेश कर रहे हैं। भारत के प्रत्येक किसान के लिए हमारा संदेश स्पष्ट है: एलायंस 'हमेशा आपके साथ है। भगवान दास गुप्ता, दास ऑटो जोन (क्षेत्र में एलायंस टायर के डिस्ट्रीब्यूटर) ने भी एग्री स्टार।। की खूबियों को बताया। भारत में एग्री स्टार।। के ऊपर 10 साल की निर्माण दोष की वारन्टी है यही नहीं एग्री स्टार।। पर मिलती है 4 साल की विशेष वारन्टी।

योकोहामा-एटीजीः परिचय

योकोहामा-एटीजी विभिन्न प्रकार के उपयोगों के लिए ऑफ-हाइवे टायरों के डिजाइन, डेवलपमेंट, मैन्युफैक्चरिंग और मार्केटिंग में एक ग्लोबल लीडर है, जिसमें कृषि, फॉरेस्ट्री, कंस्ट्रक्शन, इंडस्ट्रियल, अर्थमूविंग एंड माइनिंग और पोर्ट ऑपरेशंस शामिल हैं।

## जगन्नाथ मंदिर की संपत्ति पर कब्जे की साजिश, महंत ने लगाया आरोप

**बरेली।** भगवानपुर ठाकुरान स्थित गंगा घाट राम जानकी मंदिर के महंत सोबरन दास ने जिलाधिकारी को एक शिकायत पत्र सौंपकर मंदिर संपत्ति पर अवैध कब्जे की कोशिश और धार्मिक गतिविधियों में बाधा डालने की बात कही है। महंत सोबरन दास के अनुसार, उनके गुरु स्वर्गीय महंत राम नारायण दास, जो बरेली के बाग ब्रिगटान के पीछे स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर के पीठाधीश्वर थे, उनके देहांत के बाद वे मंदिर की पूजा-अर्चना और संपत्ति की देखभाल कर रहे हैं। महंत का आरोप है कि नीरज मिश्रा को भू-माफिया बताया और राधा संकीर्तन मंडल के कुछ लोग मंदिर पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन लोगों ने 5 अक्टूबर 2022 को उनके और अन्य सेवादारों के साथ मारपीट की और गुरु स्वर्गीय रामनारायण दास की 17वीं पुण्यतिथि पर भंडारा आयोजित नहीं करने दिया। इसके बाद 6 अक्टूबर को आरोपित संन्यासी वेश में घूमते हुए खुद को मंदिर का उत्तराधिकारी बताकर लोगों को आशीर्वाद देते नजर आए। शिकायत में यह भी कहा गया है कि उक्त समूह मंदिर परिसर के आसपास की जमीन पर जबरन कब्जा कर देवस्थापना का आयोजन करना चाहता है। महंत ने कोतवाली में भी शिकायत दर्ज कराई है।

## देश के विकास में मातृशक्ति के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता

**हरदोई, स्वतंत्र भारत।** एक राष्ट्र एक चुनाव पर महिला समागम अनुराधा मिश्रा के संयोजकत्व मे प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत ने कहा कि देश की आजादी में मातृ शक्ति का कितना योगदान रहा है उनके योगदान को कोई भुला नहीं सकता है। मातृशक्ति को ऐसे वक्त पर इस चिंतन की आवश्यकता है कि हम हिंदुस्तानी हैं हमारी देश के विकास में क्या भूमिका हो सकती है जहां मातृशक्ति हर एक विधा में अपना महत्वपूर्ण प्रदर्शन कर रही हैं, पारिवारिक निर्वहन के बाद वे इस चर्चा को गुणित अनुपात में अपने लोगों के बीच रखकर क्यों जरूरी है इस बात पर चिंतन करने के लिए समझाना चाहिए। हमारा देश विकसित बने ,सशक्त बने ,इसमें प्रधानमंत्री जी के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे को शाश्वत करते हुए इसमें लग जाना चाहिए। मातृ शक्तियां राष्ट्र की प्रगति में सहायक सिद्ध हों,आंतरिक और वाह्य सुरक्षा की चिंता प्रधानमंत्री जी को है लेकिन हम सब मातृ शक्तियों को अपने पारिवारिक निर्वाहन का पालन करते हुए इस ओर एक चुनाव कराने की आवश्यकता और अनिवार्यता को समझाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कीर्ति सिंह ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव हमारी सम सामयिक आवश्यकता है। पहलगाम की घटना ने हमारी बहनों का सिंदूर मिटा दिया ,ऐसे अलगाववादी आतंकी लोगों को का बहिष्कार करना चाहिए ।समय संसाधन और विकासशील प्रक्रिया को गति देने में एक राष्ट्र एक चुनाव का सभी समर्थन करते हैं केवल वही विरोध करते हैं जिन्हें विरोध करने की आदत सी बन गई है उन्होंने मात्र शक्तियों से एक राष्ट्र एक चुनाव को जन-जन में चर्चा का विषय बनाने,इसकी अनिवार्यता पर चर्चा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत में कार्यक्रम की संयोजिका अनुराधा मिश्रा ने एक राष्ट्र एक चुनाव पर कहा कि इसका विरोध वही लोग कर रहे हैं जो हमेशा से हर एक सामाजिक परिवर्तन में विरोध करते रहते हैं एक चुनाव से संसाधनों और समय की बचत होगी ,जब एक देश, एक संविधान है तो एक चुनाव क्यों नहीं होना चाहिए संत विवेकानंद एकेडमी की अध्यक्षा सुजाता ने कहा कि एक चुनाव होने से सरकार को नीतिगत निर्णय लेने में देरी नहीं होगी। आर्थिक बोझ कम पड़ेगा समय की बचत होगी। जिला पंचायत अध्यक्षा प्रेमावती पी के वर्मा ने कहा कि देश में वर्षभर कोई ना कोई चुनाव चलते रहते हैं इससे विकास कार्यों में अवरोध होता है आर्थिक संसाधनों का दोहन और समय की बचत के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव आवश्यक है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने जो विचार आपके सामने लाए हैं उसका जनमत बनाकर समर्थन करना है। अंत में आए हुए सम्मानित जनों महिलाओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के संयोजक अविनाश मिश्रा, जिला महामंत्री सत्येंद्र राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी गंगेश पाठक,नीतू चंद्रा, राजीव मोहन अवस्थी, समता अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## बाबा साहेब के चित्र में आधा चेहरा काटकर अखिलेश यादव का चेहरा जोड़ने के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन

**हरदोई। स्वतंत्र भारत**

उत्तर प्रदेश समाजवादी पार्टी द्वारा जारी किए डॉ भीमराव अंबेडकर और अखिलेश यादव के पोस्टर पर देश भर में भाजपा ने प्रबल विरोध करके आंबेडकर के अपमान का आरोप लगाया।

**अंबेडकर पार्क पर भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में हुआ प्रदर्शन**

अंबेडकर पार्क पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव को भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की बराबरी में दिखाने पर इसे अपमान करार देते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने सर्वप्रथम बाबा साहब की मूर्ति पर मार्ल्यापण किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सपा ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के चित्र से आधा चेहरा काटकर उसमें अखिलेश यादव का आधा चेहरा जोड़कर उनका अपमान किया है। भाजपा का एक भी कार्यकर्ता बाबा साहेब का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के आधे चित्र के साथ अखिलेश यादव का चित्र लगाकर उन्हें बाबा साहब जैसे महान व्यक्तित्व के बराबर दिखाया गया है। समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव ने हमेशा बाबा साहेब का अपमान किया है। कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम डॉ भीमराव आंबेडकर मेडिकल कॉलेज था। अखिलेश यादव को बाबा साहेब से इतनी नफरत है कि मुख्यमंत्री बनते ही बाबा साहेब का नाम हटा दिया। दलित और शोषित समाज के प्रति उनका प्यार सिर्फ वोट पाने तक सीमित है।

प्रदर्शन में पूर्व जिलाध्यक्ष विद्याराम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमवती नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा जिला उपाध्यक्ष एसपी मौर्य कोषाध्यक्ष डॉ अनुज गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी सह मीडिया प्रभारी सत्यम शुक्ला आईटी प्रमुख सौरभ सिंह सोशल मीडिया प्रमुख प्रद्युम्न आनंद मिश्र माधोगंज नगर पंचायत अध्यक्ष अनुराग मिश्रा गोपामऊ वली मोहम्मद , भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नवनीत गुप्ता, आजाद सिंह, मण्डल अध्यक्ष देवराज सिंह,शिक्षक प्रकोष्ठ संयोजक अनुराग मिश्र, नीरज अवस्थी, पारिषा तिवारी आदि मौजूद रहे।



## खबर एक नजर

### मॉडल सोलर विलेज को लेकर हुई बैठक

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में एक मॉडल सोलर विलेज गाँव के चयन के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि मॉडल सोलर विलेज चयन की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाये। चिन्हित ग्रामों में सत्यापन का कार्य कराने के बाद एक ग्राम का अंतिम रूप से चयन किया जाये। सत्यापन के तहसीलों, विकास खण्ड व जिला स्तरीय अधिकारियों को लगाया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पिता-पुत्र को मारपीट कर घायल करने वाले आरोपियों पर रिपोर्ट

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम कुल्हही मझिया में पिता पुत्र को मारपीट कर घायल कर देने के मामले में पुलिस ने पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।पीड़ित ज्ञानेंद्र कुमार पुत्र सुरेश के अनुसार वह 13 अप्रैल को दोपहर में पिता के साथ खेत पर काम कर रहा था। गांव निवासी विपक्षी मुकेश कुमार पुत्र अनंतराम अपने पुत्र यश,भाई अवधेश कुमार और भतीजे नवनीत के साथ पुरानी रंजिश में लाठी डंडों के साथ खेत में आ गया और उसके पिता को गाली गलौज देते हुए लाठियों से पीटने लगे।उसने विरोध किया तो विपक्षी में उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया।मौके पर पहुंची पीआरबी पुलिस ने उन्हें बचाया और उनका मेडिकल परीक्षण करवाया।26 अप्रैल की शाम को विपक्षी मुकेश ने अपने पुत्र के साथ उसे धमकी दी कि उस दिन पीआरबी 112 की वजह से जिंदा बच गए थे इस बार तुम पिता पुत्र को जान से मार डालेंगे। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरी के सामान सहित चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाहाबाद हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** कस्बे के बस स्टैंड पर 16 अप्रैल को पान और जनरल स्टोर की दुकान में नकब लगाकर चोरी होने के मामले में पुलिस ने एक चोर को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 16 अप्रैल को नीरज भारद्वाज पुत्र शिवशंकर भारद्वाज निवासी मो0 बुद्धबाजार द्वारा थाना शाहाबाद पर तहरीर दी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी दूकान से कुछ सिगरेट की डिब्बी,



रजनीगंधा पान मसाला व कुछ नगदी चोरी कर ली गयी। इस संबंध में पीड़ित की तहरीर पर थाना शाहाबाद पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। थाना शाहाबाद के उपनिरीक्षक घनश्याम बिंद व पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित प्रकाश में आये पवन उर्फ विलाऊ पुत्र भोले निवासी मोहल्ला खेडा बीबीजई थाना शाहाबाद को चोरी किये गये सामान सहित गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

### गैंगस्टर अधिनियम के वांछित को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली शहर के प्रभारी निरीक्षक द्वारा लिखाए गए गैंगस्टर अधिनियम के वांछित आरोपी को कोतवाली देहात पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 27 अप्रैल को प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली शहर द्वारा संजय उर्फ संजीव पुत्र राजनरायन गुप्ता निवासी गंगाबक्शपुरवा थाना कोतवाली शहर सहित कुल 05 अभियुक्तों के विरुद्ध आर्थिक व



भौतिक लाभ कमाने के उद्देश्य से समाज विरोधी क्रियाकलापों में लिप्त रहने पर थाना कोतवाली शहर पर गैंगस्टर अधिनियम पंजीकृत कराया गया। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह व पुलिस बल द्वारा गैंगस्टर अधिनियम के वांछित संजय उर्फ संजीव पुत्र राजनरायन गुप्ता निवासी गंगाबक्शपुरवा थाना कोतवाली शहर को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस ने गिरफ्तार यूवक को जेल भेज दिया है।गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में तीन मुकदमे पंजीकृत हैं।

### क्षय रोग पीड़ितों को मिलीं पोषण किट

**माधोगंज (स्वतंत्र भारत)।** प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने की दिशा में सीएचसी के 50 मरीजों को बर्जर पेंट्स सण्डीला ने क्षय रोग के मरीजो को पोषण किट वितरित की। बुधवार को अस्पताल के माया देवी, पवन कुमार, मो शकील वसीम, जागेश्वर, बीना कुमारी सहित 50 मरीजो को गुड़ चना, खजूर, मूंगफली दाने, भुने चना, सरसो तेल, सोया बीन आदि की किट वितरित की गई।मरीज को अधीक्षक संजय कुमार के साथ बर्जर पेंट्स के एच आर हेड भुवन तिवारी व सेफ्टी मैनेजर जय प्रकाश ने बताया कि कारपोरेट की सामाजिक जिम्मेदारी के तहत मरीजों को हर माह पोषण किट दी जाएंगी।जिससे प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान सार्थक हो सके। इस मौके पर डॉ अरुण मोहन,एलटी संजय कुमार, आदर्श कनौजिया आदि लोग मौजूद रहे।

### गलत आय प्रमाण पत्र बनाने में 18 लेखपाल सस्पेंड

**हरदोई (चैतन्य गुप्ता)।** आंगनबाड़ी भर्ती के लिए मांगे गये आय प्रमाण पत्र में गलत रिपोर्ट लगाकर आय प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में डीएम ने 18लेखपालो को सस्पेंड कर दिया है। कार्यवाहीं की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि आंगनबाड़ी भर्ती के दौरान गलत आय प्रमाण पत्र की की तमाम शिकायते मिली थी जिस पर जांच कराई गयी जांच में कई आय प्रमाण पत्र गलत पाये गये। कुछ आय प्रमाण पत्र में घर में कमाऊ व्यक्ति होने के बाद भी आय कम दर्शायी गयी जबकि कुछ में कमाऊ व्यक्ति न होने पर आय ज्यादा दर्शाई गयी।ऐसे मामले में जो भी जिम्मेदार कर्मचारी अधिकारी है उन पर कार्यवाही करायी जा रही है।साथ ही जो आंगनबाड़ी नियुक्त हो गयी है उनकी नियुक्ति भी रद्द करायी जा रही है। मामले की जांच लगातार जारी है।जो इसके लिए जो भी अधिकारी जिम्मेदार होगा उस पर कार्यवाही करायी जायेगी। इसी क्रम में विलग्राम तहसील में फिरोज अहमद,संडीला में नैमिष कुमार पांडेय, पीयूष कुमार वर्मा, कुलदीप कुमार वर्मा, अरविंद कुमार, अमित कुमार गुप्ता और राहुल रस्तोगी, सदर में कमलेश्वर, प्रमोद कुमार त्रिपाठी, तेज प्रताप विमल, विनय वाजपेयी व संकल्प शुक्ला, तहसील शाहाबाद में लेखपाल रामदास राणा, रामविलास भारती, भगवान शरण और सर्वजीत को निलंबित किया गया है।

## पांच युवतियां लापता, तीन मामलों में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**हरदोई। स्वतंत्र भारत**

जनपद के अलग अलग थाना क्षेत्रों से तीन युवतियों के लापता होने के मामले में संबंधित थाना पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की है।

बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र निवासी पीड़ित पिता के अनुसार उसकी 20 वर्षीय पुत्री को गांव का विकास पासी 20 अप्रैल को अपने भाई विवेक पासी पुत्र राजकुमार के सहयोग से अपनी बोलेरो संख्या यूपी 30एवी 7687 से बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है।उसकी पुत्री घर में रखा सारा जेवर व तीन लाख रुपए नगद लेकर गई है।बेनीगंज थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित मां के अनुसार उसकी 25 वर्षीय पुत्री 20 अप्रैल की शाम को घर से कढ़ाई का कपड़ा जमा करने को कह कर गई थी।उसकी पुत्री को कोई अज्ञात युवक बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है। हरियांवा थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित पति के अनुसार उसकी 20 वर्षीय पत्नी को 25 अप्रैल की दोपहर में कोई अज्ञात युवक बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है।वह खेत पर काम कर रहा था। अलग अलग थाना क्षेत्रों से लापता हुई तीनों युवतियों के परिजनों की लिखित तहरीर के आधार पर संबंधित थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। वहीं अतरौली थाना क्षेत्र के काव्या ब्रिक फील्ड पर काम करने वाले छत्तीसगढ़ के जिला कोरवा निवासी नरेश्वर पुत्र अवंतीराम के अनुसार वह भट्ठे पर मजदूरी करता है।27 अप्रैल को वह मजदूरी करने चला गया।झोपड़ी से उसका 12 वर्षीय मंदबुद्धि पुत्र शिव नारायन कहीं चला गया।कछौना थाना क्षेत्र के रेलवे गंज के वार्ड नंबर 8 निवासी ओमप्रकाश पुत्र मेडी लाल के अनुसार 28 अप्रैल को सुबह करीब 8.30 बजे उसका 17 वर्षीय पुत्र दीपक घर से बिना बताए कहीं चला गया।उसने पुत्र को काफी तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। लापता होने के मामले में संबंधित थाना पुलिस ने परिजनों की लिखित तहरीर के आधार पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## तमंचे सहित युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**हरदोई। स्वतंत्र भारत**

पिहानी थाना पुलिस ने मझिला थाना क्षेत्र निवासी युवक को तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा जनपद में अवैध शस्त्र के निर्माणध्बिक्री करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 30 अप्रैल को थाना पिहानी के प्रभारी निरीक्षक विद्या सागर व पुलिस बल द्वारा विष्णु दयाल पुत्र ऐला सिंह निवासी ग्राम उलनापुर थाना मझिला को एक तमंचा 315 बोर,दो जिन्दा कारतूस 315 बोर व दो खोखा सहित गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना पिहानी पर गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को जेल भेज

## मारपीट की आरोपी महिला द्वारा लगाए जा रहे आरोपों का पुलिस ने किया खंडन

**हरदोई, (स्वतंत्र भारत)।** कछौना थाना क्षेत्र के ग्राम लोन्हारा में बहन ने अपने पुत्र के साथ मिलकर अपने भाई को मारपीट कर घायल कर दिया।पुलिस द्वारा महिला और उसके पुत्र के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने पर महिला द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में पुलिस पर पक्षपात करने के मामले में पुलिस ने आरोपों का खण्डन किया है। प्राप्त विवरण में सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर थाना कछौना पुलिस से संबंधित वायरल वीडियों के संबंध में पुलिस ने बताया 29 अप्रैल को सुनील कुमार पुत्र गोकरन निवासी ग्राम लोन्हारा द्वारा थाना कछौना पर सूचना दी गयी कि विपक्षी रेखा पत्नी स्व0 सुरेन्द्र निवासी ग्राम लोन्हारा द्वारा अपने पुत्र के साथ मिलकर उसके साथ गाली-गलौज एवं मारपीट की गयी जिससे आवेदक घायल हो गया। स्थानीय पुलिस द्वारा आवेदक सुनील कुमार उपरोक्त का मेडिकल परिक्षण कराया गया। इस संबंध में पीड़ित की तहरीर व मेडिकल परिक्षण के आधार पर थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। सुनील कुमार पुत्र गोकरन एवं विपक्षी रेखा पत्नी सुरेन्द्र (जोकि अपने मायके में निवास करती है) दोनों भाई-बहन है। विपक्षी रेखा द्वारा पुलिस पर अनावश्यक दबाव बनाने के उद्देश्य से तथा अपनी तरफ से अभियोग पंजीकृत कराने हेतु थाना कछौना पुलिस के विरुद्ध असत्य एवं निराधार आरोप लगाये जा रहे है।

## बाइक सहित दो शातिर चोर गिरफ्तार

**हरदोई, स्वतंत्र भारत।** पाली पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुई बाइक चोरी और पैसे चोरी के मामले में दो चोरों को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम, चोरी, लूट व नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 29 अप्रैल को थाना पाली के प्रभारी निरीक्षक सोमपाल गंगवार और पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर सुरेश पुत्र श्याम सुन्दर निवासी ग्राम पश्चिमी गदरिया थाना पाली और रवी



उर्फ रविकान्त पुत्र लवकुश निवासी ग्राम मरकडा थाना सवायपजुर को चोरी की बाइक व 3800 रुपये की नगदी सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि 22 नवंबर 24 को उनके द्वारा थाना पाली क्षेत्रांतर्गत ऑटो से जा रहे एक व्यक्ति की जेब से नगदी चोरी की गयी थी।28 अप्रैल को उनके द्वारा थाना पाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम गदरिया में घर के बाहर खडी बाइक को चोरी किया गया।पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों को चोरी के मामले में जेल भेज दिया है।

## कमरे में लटकता मिला युवक का शव

**माधोगंज।** शराब के नशे के आदी युवक ने कमरे के अंदर कुंडे में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह कमरा खोलकर देखा तो उसका शव लटकता हुआ मिला। थाना क्षेत्र के गांव हसन पुर ज्यौली निवासी ब्रजेश 35 वर्ष पुत्र लाल बिहारी की पत्नी रजनी ने बताया कि मंगलवार की रात को उसके पति ने शराब के नशे में हमेशा की तरह कमरे का अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। बुधवार की सुबह देर तक दरवाजा नही खुला तो दरवाजा हटाकर देखा तो उसका शव लटकता मिला। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने फोरेंसिक टीम से जांच कराकर शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। युवक खेती किसानी कर जीविकोपार्जन करता था।उसके एक पुत्र हर्षित 12 वर्ष व एक 3 वर्ष की पुत्री पायल है।

## बाल विवाह कुरीति को समाप्त करने में करें सहयोग-डीपीओ

**हरदोई। स्वतंत्र भारत**

जिला बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी ,जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय निगम ने बताया है कि अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह करने की रुढिवादी परम्परा समाज में आज भी विद्यमान है। इस वर्ष 30 अप्रैल 2025 को अक्षय तृतीया है। उन्होंने जनपद के समस्त सम्मानित प्रबुद्धजनों से अपील भी की है कि राष्ट्रीय बाल संरक्षण अधिकार आयोग के निर्देशानुसार तथा शासन की मंशा के अनुरूप बालक बालिकाओं के सर्वोत्तम हित के दृष्टिगत 30 अप्रैल 2025 को अक्षय तृतीया के अवसर पर किसी भी वर्ग के बाल विवाह को रोकने में हर सम्भव मदद करें। बाल विवाह अधिनियम 1929, यथा संशोधित 2006 के अन्तर्गत बाल विवाह करनाध्कराना दोनों तरफ से कानूनी अपराध की श्रेणी में आता है। इसके लिए सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराकर जुर्माना तथा सजा का प्रावधान है।

यदि कोई भी व्यक्तिध्संस्था जिसकों बाल विवाह के सम्पन्न होने की जानकारी या बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त, होने पर अपने इलाके के पुलिस अधिकारी,बाल कल्याण समिति कार्यालय, जिला बाल संरक्षण कार्यालय, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस हेल्पलाइन 112, महिला हेल्पलाइन 181 एवं जिला मजिस्ट्रेट को लिखित या मौखिक रूप से सूचित कर सकते है।

उन्होंने बताया कि वह बालिका जिसने 18 वर्ष की आयु न पूरी की हो एवं वह बालक जिसने 21 वर्ष की आयु न पूरी की हो वह बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अन्तर्गत कानूनी अपराध है ऐसे विवाह करवाने वाले व्यक्तियों या सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों जैसे-पंडित, मौलवी, पादरी, माता-पिता एवं रिस्तेदार, दोस्त, प्रिंट प्रेस, टेंट व्यवसायी, मैरिज हाल, बैड बाजा, कैटर्स, फोटोग्राफर इत्यादि द्वारा बाल विवाह को सहमति देना, बढ़ावा देना या शामिल होने पर उनके विरूद्ध दो वर्ष की कठोर कारावासध्एक लाख जुर्माना या दोनो का प्रविधान है।

## औद्योगिक संस्थानों में आग लगने की घटनाओं से बचने के तरीके बताएं

- विद्यार्थियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण की करें व्यवस्था
- सड़कों पर ब्रेकर व मोड़ पर संकेतक लगाए -एमपी सिंह

**हरदोई। स्वतंत्र भारत**



विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में उद्योग बंधु की बैठक हुई। बैठक में राजा नरपत सिंह स्मारक समिति द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी के हालिया दौरे के सफल आयोजन हेतु जिलाधिकारी व अन्य सम्बंधित अधिकारियों को सम्मानित किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया। अग्निशमन विभाग द्वारा औद्योगिक संस्थानों में आग लगने की घटनाओं से बचने के उपाय बताये गए। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी। पर्यटन विभाग के अधिकारियों द्वारा लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से पर्यटन नीति के सम्बन्ध में बताया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र बिजली की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। संडीला औद्योगिक क्षेत्र में नाली निर्माण कराया जाये। सूखेता नाला पर रपटा पुल को उच्चीकृत करने का कार्य किया जाये। पिहानी रोड पर रेलवे ओवरब्रिज पर प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त कराया जाये। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह, समस्त सम्बंधित अधिकारी व उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में औद्योगिक संस्थानों में व्यावसायिक प्रशिक्षण के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि आईटीआई के छात्र व छात्राओं को उद्योगों में व्यावसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाये। इस सम्बन्ध में विभिन्न औद्योगिक इकाईयों से समन्वय स्थापित किया जाये। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आईटीआई आरके श्रीवास्तव व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि बिलग्राम-माधोगंज-मल्लावां मार्ग के चैड़ीकारण व डिवाइडर का डीपीआर तैयार किया जाये। सेवा लाइफ संस्था की ऑडिट रिपोर्ट पर कार्रवाई की जाये। ब्लैक स्पॉट को पुनः चिन्हित किया जाये। सड़कों पर आवश्यकतानुसार ब्रेकर बनाये जाएं। मोड़ पर संकेतक लगाए जाएं। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने कहा कि लोगों को हेलमेट के लिए जागरूक किया जाये। प्रवर्तन की प्रभावी कार्रवाई की जाये। इस अवसर पर एआरटीओ संजीव सिंह, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण खण्ड 2 अरविन्द कुमार मौर्या व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस को अद्यतन किया जाये। नई सहकारी समितियों का पंजीकरण किया जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रबंधक दुग्ध विकास को दुग्ध विकास समिति के ख़राब प्रबंधन के लिए कड़ी फटकार लगायी तथा जनपद में कम से कम तीन दिन उपस्थित रहने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रबंधक सहकारिता एके मेहता व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## तीन किशोरों पर बैटरी चोरी की रिपोर्ट

**शाहाबाद हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खेड़ा बीबीजई में खड़े छोटा हाथी डाला से बैटरी चोरी के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीन किशोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़ित पचदेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम कुड़ी निवासी विकास सिंह पुत्र नेता सिंह के अनुसार 29 अप्रैल को दोपहर दो बजे के करीब उसने अपना छोटा हाथी डाला संख्या यूपी 76 I2 2665 कस्बे के मोहल्ला खेड़ा बीबीजई में भोला कबाड़ी के प्लॉट के पास खड़ा कर वह काम से चला गया।विपक्षी नैतिक पुत्र पप्पू कश्यप,रोहन पुत्र राजेंद्र और समीर पुत्र सलीम निवासी गण मोहल्ला गिगियानी उसके डाला की बैटरी चोरी कर ले गए। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने तीनों किशोरों के विरुद्ध बैटरी चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# भीमराव अंबेडकर के अपमान के विरोध में भाजपा ने किया प्रदर्शन



**मिर्ज़ापुर।** नगर स्थित डॉ0 भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल (अंबेडकर पार्क) पर, अनुसूचित मोर्चा भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी द्वारा कृत डॉ0 भीमराव अंबेडकर के चित्र के अपमान के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। धरना पर बैठे भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी लगातार बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी का अपमान करती रही है और दलित उत्पीड़न का भी सपा का पुराना इतिहास रहा है। समाजवादी पार्टी ने बाबा साहब डॉ0 भीमराव आम्बेडकर जी के चित्र से आधा चेहरा काटकर आधा चेहरा अखिलेश यादव का जोड़कर बाबा साहेब का अपमान किया, इस तस्वीर से शायद दलित समाज को यह बताना चाहते हैं कि वे बाबा साहेब के बराबर हैं। समाजवादी पार्टी द्वारा किया गया यह कृत्य घोर निंदनीय है। बाबा साहेब का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बाबा साहेब के चेहरे के साथ अपना चेहरा जोड़ने वाले सपा प्रमुख अखिलेश यादव दलित समाज का सम्मान नहीं, सिर्फ वोट बैंक देख रहे हैं। डॉ0 भीमराव आम्बेडकर ने शिक्षा, समानता, संविधान के मूल्यों के लिए संघर्ष किया और अखिलेश यादव ने उनके नाम का राजनीतिक सौदा किया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव अपनी तस्वीर को डॉ0 अंबेडकर के बराबर लगाना न सिर्फ अहंकार है, बल्कि दलित समाज की भावनाओं के साथ किया गया एक निंदनीय खिलवाड़ है। क्या अखिलेश यादव को नहीं पता कि बाबा साहेब न किसी जाति के थे, न किसी पार्टी के थे, न किसी पार्टी के? वे विचारधारा थे। खुद को उनके समकक्ष प्रस्तुत करना सीधे तौर पर करोड़ों दलितों के संघर्ष का मजाक है। इसी कड़ी में आगे मा0 मड़िहान विधायक पूर्व मंत्री रमाशंकर सिंह पटेल ने कहा कि बाबा साहेब का पूरा जीवन समता और अधिकारों की लड़ाई में बीता, जबकि अखिलेश यादव का पूरा राजनीतिक जीवन अपने पिता की कुर्सी बचाने में। परिवारवाद के सबसे बड़े उदाहरण समाजवादी पार्टी ने क्या कभी किसी दलित नेता को मुख्यमंत्री बनाया? क्या किसी को समाजवादी पार्टी के संगठन का शीर्ष नेतृत्व सौंपा? ये वही अखिलेश यादव है जिनके मंत्री आजम खां ने बाबा साहेब को सार्वजनिक रूप से भूकृमाफ्यिा बताया मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने कुछ नहीं किया। आगे जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कन्नौजिया ने भी विरोध करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी का इतिहास दलितों के विश्वासघात से भरा है। अब डॉ0 अंबेडकर की छवि से दलितों को छलने की कोशिश हो रही है, यह राजनीतिक धोखाधड़ी है। अपने शासन काल में किसी भी दलित बाहुल्य क्षेत्र में समाजवादी सरकार ने कोई ठोस नीति क्यों नहीं बनाई? अगर सपा को दलित समाज से सच्चा प्रेम है, तो क्या कारण है कि आज तक किसी दलित नेता को समाजवादी पार्टी का अध्यक्ष नहीं बनाया गया? सिर्फयादव और परिवार के लोगों को ही क्यों उच्च पदों पर बिठाया जाता है? क्या दलित नेता सिर्फ फोटो में दिखने के लिए हैं? इसी कड़ी में धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता कर रहे अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने भी विरोध में कहा कि 'समाजवाद' के नाम पर सपा ने सिर्फ - परिवारवाद' को बढ़ाया। सामाजिक उत्थान के नाम पर यादव परिवार का साम्राज्य खड़ा किया गया। दलितों की राजनीति करने के लिए अखिलेश यादव अब सिर्फ प्रतीकों की शरण में हैं, क्योंकि उनके पास न नीति है, न नीयत। पोस्टर और भाषणों से न तो दलितों का भला होता है और न ही इतिहास बदला जा सकता है। दलित समाज जानता है कि अखिलेश को सिर्फ दो चीजों की चिंता है, मुस्लिम वोट बैंक और अपने परिवार की विरासत। यही वजह है कि वे कभी भी किसी दलित को पार्टी में शीर्ष नेतृत्व नहीं देंगे, सिर्फउनका उपयोग करेंगे। अखिलेश यादव को इस शर्मनाक प्रयास के लिए माफी मांगनी चाहिए। दलित समाज अब जागरूक है, और ऐसे दिखावटी सम्मान को खारिज करता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर से जुड़े स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित करके सच्चे अर्थों में बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी है। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर केशरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र नारायण सिंह पटेल, जिला महामंत्री रवि शंकर पाण्डेय, जिलामंत्री हेमंत त्रिपाठी, गौरव ऊमर, जिला कोषाध्यक्ष संजय यादव, जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दूबे, सह मीडिया प्रभारी प्रणेश प्रताप सिंह, जिला महामंत्री किसान मोर्चा नागेश्वर तिवारी, जिलाध्यक्षै ज् मोर्चा राजन वर्मा, नगर पूर्वी मंडल अध्यक्ष डॉली अग्रहरि, नगर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष नितिन विश्वकर्मा, अखिलेश सिंह, राकेश कुमार बिन्द, श्याम सिंह, मनीष गुप्ता, सुनीता पटेल, अमित चन्देल, विजय प्रजापति, तारा देवी, शिखा अग्रवाल, विजय निषाद, सूरज निषाद के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दूबे ने किया।

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के समर्थन में युवा परिचर्चा पर नकली पदयात्रा

**मिर्ज़ापुर।** सामुदायिक केन्द्र बरियाघाट मीरजापुर के प्रांगड में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के समर्थन में युवा परिचर्चा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात् सामुदायिक केन्द्र से संकट मोचन तक पदयात्रा निकाली गई। भाजयुमो जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ मिश्र मोंटी की अध्यक्षता में ÷एक राष्ट्र, एक चुनाव÷ के समर्थन में बतौर मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग (उ.प्र. सरकार) रहे। मुख्य अतिथि का भाजपा जिलाध्यक्ष श्री बृजभूषण सिंह जी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजयुमो जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ मिश्रा मोंटी ने स्वागत अभिनन्द किया। साथ में भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के परिपेक्ष में अपना विचार रखते हुए मुख्य अतिथि जी को विषय रखने के लिए आमंत्रित किया। मंत्री ने विषय रखते हुए बताया कि ÷एक राष्ट्र, एक चुनाव÷ का मुख्य उद्देश्य लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ आयोजित करना है ताकि समय, संसाधन और प्रशासनिक खर्चों की बचत हो सके तथा देश के विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहे। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि बार बार चुनाव कराने में भारी प्रशासनिक खर्च और संसाधनों की बर्बादी होती है। एक साथ चुनाव से चुनावी खर्च में भारी कमी आएगी और सुरक्षाबलों, शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों को बार दृ बार चुनावी ड्यूटी से मुक्त किया जा सकेगा तथा विकास कार्यों में निरंतरता बार बार लगने वाले आदर्श आचार संहिता के कारण विकास परियोजनाएँ रुक जाती हैं। एक साथ चुनाव होने से यह बाधा दूर होगी और सरकारें अपने विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगी। एक साथ चुनाव राजनीतिक अस्थिरता को कम करने में मदद करेगा। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से मतदाताओं में अधिक जागरूकता और उत्साह पैदा होगा। जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ेगा और लोकतंत्र को सशक्त किया जा सकेगा। अंत में उन्होंने यह भी कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' एक क्रांतिकारी कदम है, जो भारत के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत, पारदर्शी और कुशल बना सकता है। इसमें युवाओं को आगे आना चाहिए। इससे न केवल सरकार के कार्यों में निरंतरता आएगी, बल्कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता भी सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि जी भाजयुमो जिलाध्यक्ष व भाजपा जिलाध्यक्ष तथा सभी युवाओं के साथ जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए भारतवासियों को मौन रखकर विनम्र श्रद्धांजली अर्पित किया। कार्यक्रम के संयोजक भाजपा जिलामंत्री कौशल श्रीवास्तव एवं उत्कर्ष पाण्डेय रहे। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कन्नौजिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर केशरी, चेयरमैन डीसीबी जगदीश सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष भाजपा दिनेश प्रताप सिंह, जिलामंत्री हेमन्त त्रिपाठी, लालबहादुर सरोज, जिला कोषाध्यक्ष संजय यादव, जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश सिंह, सह मीडिया प्रभारी प्रणेश प्रताप सिंह, उदय भान तिवारी, प्रितेश सिंह, नवीन दूबे, डॉली अग्रहरि, नितिन विश्वकर्मा, राहुल, विकास सिंह, आकाश गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, अनुराग दूबे, राजा मिश्रा, संदीप सोनी, राकेश दूबे, सूरज चौबे, संदीप सिंह, शिवम पाण्डेय के साथ सैकड़ो युवा उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दूबे ने दिया।

## दस लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के गलरा पहड़ी से बुधवार को पुलिस ने दस लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को निजी मुचलके पर छोड़ दिया है आरोपित शराब लेकर कही बेचने के लिए जा रहा था ड्रमण्डगंज थाना के हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश यादव मय हमराह कांस्टेबल वेदप्रकाश के साथ क्षेत्र में गस्त में निकले थे कि मुखबिर कि सूचना पर गलरा पहड़ी से एक आरोपित गुलपुर निवासी हरीशचंद्र कोल को दस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को चेतावनी देते हुए निजी मुचलके पर छोड़ दिया है इस संबंध में थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि दस लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को चेतावनी देते हुए निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया है।

## फरार चल रहे अभियुक्त के विरुद्ध मुनादी का नोटिस किया चस्पा

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमण्डगंज थाने में गोवध निवारण अधिनियम पर क्रूरता अधिनियम एमवी एक्ट के आरोपी के फरार चल रहे अभियुक्त के घर न्यायलय के आदेश पर बुधवार को पुलिस में नोटिस चस्पा कर मुनादी कराई है और उप निरीक्षक अखिलेश कुमार यादव हेड कांस्टेबल संजय कुमार ने आरोपी जमशेद खान उर्फ बाबू पुत्र समीर खान निवासी नूरुद्दीन शाहिद फुलवरिया थाना कैंट जिला वाराणसी के घर जाकर नोटिस चस्पा कर मुनादी कराई है।

## कार्यालय नगर पंचायत, भानपुर बस्ती।

पत्रांक : 39/निविदा/न0पं0भा0/2025–26 दिनांक 28.04.2025

### निविदा आमंत्रण सूचना
### (ई–प्रोक्यूरमेंट सूचना)

एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर विकास अनुभाग–6 के पत्र संख्या 648/नौ–6–2025–ई–1904479 दिनांक 18.03.2025 द्वारा मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना (CM-VNY) के अन्तर्गत प्राप्त स्वीकृति के क्रम में कार्य की ऑन लाइन निविदा आमंत्रित की जा रही है। कर्यो से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा। वेबसाईट पर उपलब्ध निविदा नोटिस में धरोहर धनराशि, निविदा डालने की तिथि, समय, श्रेणी, कार्य करने की अवधि एवं निविदा लागत तथा निविदा के विस्तृत नियम एवं शर्तों का उल्लेख है।

| क्रमांक | वेबसाईट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | ई–निविदा प्रकाशित किये जाने की तिथि एवं समय | 30.04.2025 | 12:00 PM बजे |
| 2. | ई–निविदा डाउनलोड किये जाने की प्रारम्भ तिथि एवं समय | 30.04.2025 | 12:00 PM बजे |
| 3. | ई–निविदा अपलोड किये जाने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.05.2025 | 12:00 PM बजे |
| 4. | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 20.05.2025 | 14:00 PM बजे |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत भानपुर, बस्ती।

प्रशासक नगर पंचायत भानपुर/प्र0 अधि0 स्था0 निकाय
अपर जिलाधिकारी, बस्ती

## पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना संख्या: NER-BSB0SnT-OT-04-2025

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे /वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए "खुली–ई" निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रमांकः– 1., निविदा सूचना सं एवं कार्य का नामः– NER-BSB0SnT-OT-04-2025: कार्य का नामः–** व.म.सि.दू.ई.–II/वाराणसी के अनुभाग में एलएचएस आदि से संबंधित इंजीनियरिंग कार्य के संबंध में सिग्नलिंग कार्य।, **विवरणः– अनुमानित लागतः–** रु. 11412745.22, **बयाना की राशिः–** रु. 207100.00, **निविदा प्रपत्र की कीमतः–** रू. 00.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः–** 12 माह, **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समयः–** 26.05.2025 को 15:00 बजे, 1. ई–निविदा दिनांक 26.05.2025 को 15:00 बजे तक आनलाईन जमा किया जा सकेगा। 2. पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाईट **i.e. www.ireps.gov.in** देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार
मुजाधि/सिग्नल–07 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## कार्यालय नगरपालिका परिषद गौरा बरहज, जनपद-देवरिया

पत्रांक– 2921/2025 न0पा0परि0 (2025–26) दिनांक 30.04.2025

### अल्पकालिक ई–निविदा सूचना

इससे सम्बन्धित सभी फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गौरा बरहज देवरिया द्वारा मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत शासनादेश संख्या–261/2025/813 मु0मं0न0सृ0यो0/9–2–2025–ई0–1911133 नगर विकास अनुभाग–2 लखनऊ दिनांक 31 मार्च 2025 द्वारा स्वीकृत निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु टेक्निकल एवं फाइनेन्शियल निम्नलिखित विवरण के अनुसार वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर आनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा को वेबसाईट www.etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। ई–निविदाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद गौरा बरहज से कार्यालय समय एवं दिवस में जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वेबसाईट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | 01.05.2025 09.00 AM |
| 2. | ई–निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 01.05.2025 10.00 AM |
| 3. | ई–निविदा अपलोड की प्रारम्भ की तिथि/समय | 01.05.2025 10.00 AM |
| 4. | ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 08.05.2025 10.00 AM |
| 5. | ई–निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 08.05.2025 03.00 PM |

(निरूपमा प्रताप)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, गौरा बरहज
देवरिया

(श्वेता जायसवाल)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, गौरा बरहज
देवरिया

## कार्यालय नगरपालिका परिषद गौरा बरहज, जनपद-देवरिया

पत्रांक– 2920/2025 न0पा0परि0 (2025–26) दिनांक 30.04.2025

### अल्पकालिक ई–निविदा सूचना

इससे सम्बन्धित सभी फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गौरा बरहज देवरिया द्वारा मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत शासनादेश संख्या–258/2025/810 मु0मं0न0सृ0यो0/9–2–2025–ई0–1914543 विकास अनुभाग–9 दिनांक 30 मार्च 2025 द्वारा स्वीकृत निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु टेक्निकल एवं फाइनेन्शियल निम्नलिखित विवरण के अनुसार वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर आनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा को वेबसाईट www.etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। ई–निविदाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद गौरा बरहज से कार्यालय समय एवं दिवस में जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वेबसाईट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | 01.05.2025 09.00 AM |
| 2. | ई–निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 01.05.2025 10.00 AM |
| 3. | ई–निविदा अपलोड की प्रारम्भ की तिथि/समय | 01.05.2025 10.00 AM |
| 4. | ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 08.05.2025 10.00 AM |
| 5. | ई–निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 08.05.2025 02.00 PM |

(निरूपमा प्रताप)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, गौरा बरहज
देवरिया

(श्वेता जायसवाल)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, गौरा बरहज
देवरिया

## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सूचना

मेरे द्वारा दि.-23/4/25 को विक्रय किया गया म.सं.- F-510 राजाजीपुरम लखनऊ का आवंटन पत्र आवास विकास परिषद लखनऊ कार्यालय से प्राप्त लेटर आवंटन पत्रांक सं.- 846 तथा कब्जा पत्रांक सं.- 1728 वास्तव में खो गया है। प्रकाश सरन सक्सेना पुत्र स्व. बी.एस. सक्सेना, नि.- देवा रोड, चिनहट, लखनऊ।
सी.आर.-197/L-39

### सूचना

मेरी B.Tech (Civil Engineering) की डिग्री रोल नं.- 1801018101022 Years-2021 की मूल प्रति वास्तव में खो गयी है। वीरेश कुमार सिंह पुत्र नर्वेद सिंह, नि.-6/981 विकास नगर लखनऊ।
सी.आर.-198/L-25

### सूचना

मैंने अपना नाम MANJESH PANDEY से बदलकर MANJESH KUMAR PANDEY रख लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। MANJESH KUMAR PANDEY S/o- TARKESHWAR PANDEY ADD-529 GHA/299- KA VIVEKANAND PURAM KALYANPUR DIST-LUCKNOW-226022(U.P)
सी.आर.-199/L-25

### सूचना

मैंने अपना नाम MOINUDDIN से बदलकर MOINUDDIN KHAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o- IRTAKA HUSAIN ADD-624-F KOTWALI ROAD BUDDH VIHAR COLONY PO-CHINHAT DIST-LUCKNOW+226028(U.P)
सी.आर.-199/L-25

### सूचना

मैंने अपना नाम MOHAMMAD YOOSUF से बदलकर नया नाम MOHD YUSUF S/o- MOHAMMAD HANIF रख लिया है। ADD-NAYA KAMLABAD ANSHIK MADIYAAW DIST-LUCKNOW (U.P)
सी.आर.-199/L-25

### सूचना

मैंने अपने पुत्री का नाम BAQA ILAHI से बदलकर नया नाम BAQUA ILAHI D/o- NISAR AHMAD रख लिया है। ADD-FATTUPUR DARGAH BHADOHI-221401(U.P)
सी.आर.-199/L-25

### सूचना

मेरा सही नाम अरशद अंसारी तथा पिता का सही नाम फुरकान अली है, भविष्य में इसी नाम से जाना, पहचाना व लिखा पढ़ा जाए। अरशद अंसारी पुत्र फुरकान अली निवासी मोहल्ला उम्मरपुर वार्ड नं.21 तिलहर-शाहजहांपुर।
सी.आर.-205/D-30

### NOTICE

I, Shweta Chatarjee, mother of Devanshi Chatterjee, residing at B-506 Arsha Madhav Residency, Lucknow, declare a change in the spellings of me and my husband's names on my daughter Devanshi Chatarjee's 10th and 12th's mark-sheets. Previously listed as Shweta Chatterjee and Nishit Chatterjee, I would like them to be changed to Shweta Chatarjee and Nishit Chaterji.
सी.आर.-202/D-47

### सूचना

मैं रमेश कुमार 861/477 चक्र रघुनाथ नैनी, प्रयागराज, मेरे पुत्र का जन्म 28/07/2011 को मेरे घर पर हुआ था। जिसका नाम सम्मान गुप्ता है। लिपिंक त्रुटिवश जन्म प्रमाणपत्र में इसका नाम समान गुप्ता हो गया है। अतः इसका सही नाम सम्मान गुप्ता (Samman Gupta) है। इसी नाम से ये जाना पहचाना जायेगा।
सी.आर.-200/D-42

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि SANJIV KUMAR MADIRATTA था जो अब बदलकर SANJEEV KUMAR MADIRATTA हो गया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। SANJEEV KUMAR MADIRATTA S/O Harbans Lal Madiratta 37-A Guru Nanak Nagar, Naini , Prayagraj UP.
सी.आर.-200/D-32

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम ASHA RANI CHAKARVARTI था जो अब बदलकर ASHA RANI CHAKARVARTY हो गया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। ASHA RANI CHAKARVARTY W/O Ajit Masih 162/68 Muirabad, Near Chureh,Prayagraj UP.
सी.आर.-200/D-33

**अदालती नोटिस**
**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय**
**तहसील पट्टी,प्रतापगढ़**
**अं. धारा 33/39, उ.प्र.रा.सं.**
**पेशी तारीख 19.07.2025**
**राम जानकी मन्दिर आदि वादी**
**बनाम**
**अवध नारायन सिंह आदि प्रतिवादी**
1.चन्द्रदेव सुत देवी प्रसाद निवासी ग्राम महुली पोस्ट पूरे धनी,परगना व तहसील पट्टी जिला प्रतापगढ़
उपरोक्त वाद पत्र वादी ने अतएव एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 19.07.2025 को पूर्वाह्न बजे मे स्वयं या समय रुपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने मे असफल होने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना और अवधरित किया जाएगा।
**आज्ञा से माननीय न्यायालय**
सी.आर.-202/D-CN

**In the Office of the Administrator General and Official Trustee, Uttar Pradesh, Allahabad.**
Dated Allahabad, The 11 day of अप्रैल 2025 Case File No. 03/2025 In the Matter of the Goods of स्व. यासमीन बानो (Deceased) R/o- ग्राम पुराना शिवगढ़, सोरांव, जिला प्रयागराज। Citation under rule 26 of the Administrator General (U.P.) Rules, 1929
Whereas an application has been made to this office by श्रीमती किश्मतुन निशां R/o- ग्राम पुराना शिवगढ़, सोरांव, जिला प्रयागराज। माता Of the deceased for the grant of a certificate under section 29 of the Administrator General's Act, 1963 (Act 45 of 1963) in respect of the Estate of स्व. यासमीन बानो Who died at प्रयागराज on the 30 day of जुलाई 2024 this citation is issued calling upon all persons claiming to have any interest in the estate of the deceased, to come and see the proceedings before the grant of certificate in this office on the 09 day of मई 2025 at 11.30 A.M in the forenoon.
By order of the Administrator General Uttar Pradesh.
Senior Assistant
Office of the Administrator General Uttar Pradesh.
सी.आर.-200/D

अदालती सूचना ता. पेशी 01.05.2025 न्यायालय कर्मचारी प्रतिकर आयुक्त/सहायक श्रमायुक्त, सैनिक कालोनी, निगोही रोड़, शाहजहांपुर वाद संख्या-13/ई.सी.ए./2023 राहुल सिंह पुत्र सर्वेन्द सिंह उर्फ बब्लू सिंह व अन्य सर्वनिवासीगण ग्राम घसा कल्यानपुर थाना गढियारंगीन तह9 तिलहर जिला शाहजहांपुर..वादीपक्ष बनाम श्री नेत्रपाल पुत्र दूगपाल नि.ग्रा. कुईया खेंडा पो. लौंगपुर फरीदपुर जिला बरेली...प्रतिवादीपक्ष। उपयुक्त अधिनियम के अन्तर्गत मेरे समक्ष एक वाद पत्र प्रस्तुत किया गया, जो कि आपके विरुद्व दावा दायर किया गया है। अतएव आप समस्त सारवान प्रश्नों का उत्तर देने के लिए व्यक्तिगत रुप से अथवा तदर्थ प्राधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दिनांक 01.05.2025 को अपराहन 01.30 बजे अपने प्रतिवाद का उत्तर देने के लिए मेरे समक्ष इस न्यायालय में उपस्थित हों। यह विदिन रहे कि पूर्व उल्लिखित दिनांक व समय पर आपके हाजिर न होने पर आवेदन पर सुनवाई होगी तथा आपकी अनुपस्थिति में अवधारित किया जायेगा। इस सम्मन नोटिस के एक बार तामील होने के उपरांत पक्षों को अगली तिथियों की सूचना नहीं भेजी जाएगी। वह सूचना स्वयं न्यायालय से ज्ञात करेंगें। आज दिनांक 04.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर से जारी हुये। **(नासिर खान) कर्मचारी प्रतिकर आयुक्त/सहायक श्रमायुक्त, शाहजहांपुर।**
सी.आर.-205/D-CN


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# बेशर्मी : पाक विदेश मंत्री ने मानी टीआरएफ को बचाने की बात

## कहा- हमने सुरक्षा परिषद के बयान से हटवाया नाम

**इस्लामाबाद।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से भारत लगातार पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया हुआ है और पाकिस्तान में बैठे नेता और मंत्री इससे बौखला कर बेवजह के बयान दे रहे हैं, जिससे खुद उनकी किरकिरी हर जगह हो रही है। इस बीच पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने पाकिस्तानी संसद में इस बात को बेशर्मी के साथ कुबूल किया है कि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव से पहलगाम आतंकी हमले के जिम्मेदार आतंकी संगठन टीआरएफ का नाम हटवाया था।



टीआरएफ, लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा एक आतंकी संगठन है जिसने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली है। सबसे बड़ी बात यह है कि भारत ने पहलगाम हमले के लिए टीआरएफ को जिम्मेदार नहीं ठहराया था, बल्कि खुद टीआरएफ ने हमले के जिम्मेदारी ली थी। इसके बावजूद पाकिस्तान ने सुरक्षा परिषद की ओर से भेजे गए प्रस्ताव से टीआरएफ का नाम हटवाया है। पाकिस्तान फिलहाल सुरक्षा परिषद के 10 सदस्यों में शामिल है, जो दो-दो साल के लिए चुने जाते हैं। संसद में बोलते हुए इशाक डार ने कहा कि सुरक्षा परिषद की ओर से पहलगाम में हुए आतंकी हमले से जुड़ा एक निंदा प्रस्ताव आया था और उसमें सिर्फ पहलगाम का जिक्र था, जम्मू-कश्मीर का नहीं। इस पर पाकिस्तान की ओर से आपत्ति जताई गई। डार ने कहा, प्रस्ताव में टीआरएफ को इस हमले के लिए जिम्मेदार ठहराया गया था। पाकिस्तान को यह प्रस्ताव मंजूर नहीं था और हमने बदलाव किए बगैर प्रस्ताव पर साइन करने से इनकार कर दिया। इशाक डार ने कहा कि हमने यूएन में अपने स्थाई प्रतिनिधि से कहा कि आप इस प्रस्ताव का विरोध करें और पहलगाम के साथ जम्मू-कश्मीर का नाम लिखवाएं, साथ ही टीआरएफ का नाम प्रस्ताव से हटवाएं। इशाक डार ने दावा करते हुए कहा कि इसके बाद कई देशों से उनके पास फोन आए और कहा गया कि आप प्रस्ताव को क्यों बदलवा रहे हैं, लेकिन पाकिस्तान अड़ा रहा और प्रस्ताव को बदलवाया।

## नवाज शरीफ की बेटी मरियम की गीदड़ भभकी

# 'अल्लाह ने पाकिस्तानी सेना को ताकत दी है'

**लाहौर।** पहलगाम हमले के बाद से पाकिस्तान के नेताओं की तरफ से लगातार बेवजह की बयानबाजी की जा रही है और गीदड़भभकी दी जा रही है। इसी बीच पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने कहा है कि कोई भी पाकिस्तान पर इतनी आसानी से हमला नहीं कर सकता है, क्योंकि उसके पास परमाणु शक्ति है। बता दें, मरियम ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर कोई भी बयान जारी नहीं किया था। उन्होंने पहली बार भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर बयान दिया है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और सत्तारूढ़ पीएमएल-एन के प्रमुख नवाज शरीफ की बेटी मरियम ने एक समारोह को संबोधित करते हुए



कहा, आज भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव मंडरा रहा है। लेकिन घबराने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि अल्लाह ने पाकिस्तानी सेना को देश की रक्षा की ताकत दी है। उन्होंने कहा, कोई भी पाकिस्तान पर इतनी आसानी से हमला नहीं कर सकता, क्योंकि हम एक परमाणु शक्ति हैं। चाहे हमारी कोई भी राजनीतिक संबद्धता क्यों न हो, हमें किसी भी बाहरी आक्रमण के खिलाफ सशस्त्र बलों के पीछे स्टील की दीवार की तरह एकजुट रहना चाहिए।

# भारतीय सेना को खुली छूट से खौफ में आई पाक सरकार

**इस्लामाबाद।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। इस हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। इस घटना के बाद से पाकिस्तान को डर है कि भारत उस पर कभी भी अटैक कर सकता है। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय सेना को आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के लिए खुली छूट दे दी है। इस फैसले ने पाकिस्तानी मीडिया और हुक्मरानों में खलबली मचा दी है, और वहां इस मुद्दे पर जमकर चर्चा हो रही है। कई पाकिस्तानी अखबारों ने लिखा है कि भारत अब कभी भी पाकिस्तान पर हमला कर सकता है क्योंकि उसकी सेना को हरी झंडी मिल गई है। पहलगाम के बैसारन घाटी में हुए इस आतंकी हमले को 2019 के पुलवामा हमले के बाद सबसे बड़ा आतंकी हमला माना जा रहा है। भारत सरकार ने इस हमले के पीछे पाकिस्तान समर्थित आतंकियों का हाथ होने का दावा किया है। पाकिस्तानी मीडिया में भारत के इस कदम को लेकर व्यापक चर्चा हो रही है। कई पाकिस्तानी समाचार चैनल और अखबार दावा कर रहे हैं कि भारत का हमला होना तय है। भारत की पिछली कार्रवाइयों, जैसे 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 की बालाकोट एयर स्ट्राइक, का हवाला देते हुए पाकिस्तानी मीडिया में डर का माहौल है।

# हार्वर्ड विवि में 'पाकिस्तान सम्मेलन' को लेकर बवाल

**वाशिंगटन।** हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के साउथ एशिया इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित पाकिस्तान सम्मेलन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। छात्रों

### छात्रों ने कहा प्रायोजित आतंकवाद को मिलेगी वैधता

ने इस आयोजन की आलोचना करते हुए कहा कि इससे राज्य प्रायोजित आतंकवाद को वैधता मिल सकती है, खासकर उस समय जब जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में एक दर्दनाक आतंकी हमला हुआ, जिसे छात्रों ने धार्मिक आधार पर किया गया नरसंहार बताया। पाकिस्तान सम्मेलन को लेकर हावर्ड यूनिवर्सिटी की छात्रा सुरभि तोमर ने अपनी नाराजगी जताई। एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए




उन्होंने कहा कि पहलगाम में जो हुआ वह एक धर्म-आधारित लक्षित हत्या थी। ऐसे समय में जब हार्वर्ड ऐसे लोगों को बुलाता है, जिन्होंने वैचारिक रूप से ऐसे हमलों को जायज़ ठहराया है, तो यह खतरा होता है कि हमारे कैंपस में आतंक समर्थक विचारों को वैधता मिल जाए। सुरभि ने आगे कहा कि धार्मिक कारणों से हुए हमले के बाद चुप रहना गलत है। हमने 65 देशों के छात्रों से समर्थन पाया। उन्होंने कहा कि हमने पीड़ितों की गवाही पढ़ी और नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए बोलने का फैसला लिया। एक अन्य छात्रा रश्मिनी कोपरकर ने भी निराशा जताई। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में भाग लेने वाले मेहमानों ने पहलगाम हमले की न तो निंदा की और न ही कोई संवेदना दिखाई।

# आंध्र प्रदेश में मंदिर की दीवार गिरने से सात की मौत

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में बुधवार सुबह सिम्हाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर में दीवार गिरने से सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। सरकार ने यह जानकारी दी। सिम्हागिरि बस स्टैंड से घाट रोड पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के पास टिकट खरीदने के लिए लगी लोगों की कतार पर यह दीवार गिर गई। राज्य की गृह मंत्री अनीता ने संवाददाताओं को बताया कि रात भर तेज हवाएं चलने और भारी बारिश के कारण मिट्टी धंस गई, जिससे दीवार गिर गई। जिस वक्त यह घटना हुई उस वक्त अनीता मंदिर में मौजूद थीं और जानकारी मिलने पर वह तत्काल घटनास्थल पहुंचीं।

## एक नज़र

### कोलंबिया में नेवी का हेलिकॉप्टर क्रैश, नौ सैनिक मरे

**कोलंबिया।** दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में सोमवार को नौसेना का एक हेलिकॉप्टर देश के उत्तरी क्षेत्र में आपूर्ति मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार 9 सैनिक की मौत हो गयी। कोलंबियाई नौसेना ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि बेल 412ईपी हेलिकॉप्टर मालागाना शहर के पास उड़ान भरने के तुरंत बाद पानी में गिर गया। चालक दल के 3 अन्य सदस्यों को बचा लिया गया है और उनका इलाज चल रहा है।

### इजरायल के लिए जासूसी के आरोप में ईरान ने दी युवक को फांसी

**दुबई।** परमाणु हथियारों और कार्यक्रमों को लेकर इजरायल से तनातनी के बीच ईरान ने बुधवार को एक युवक को इजरायल के लिए जासूसी करने और खुफिया जानकारी शेयर करने के आरोप में फांसी दे दी। सरकारी मीडिया के अनुसार, जिस व्यक्ति को मौत की सज़ा दी गई, उसका नाम मोसेन लंगरनेशिन है। उन पर इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद के लिए दो साल तक जासूसी करने और ईरान के खिलाफ कई अहम साजिशों में शामिल होने का आरोप था। ईरानी न्यायपालिका की मीडिया शाखा मिजान के अनुसार, मोसेन को 2022 में रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स के कर्नल सैयद खोदाई की हत्या में भूमिका निभाने का दोषी पाया गया। इसके अलावा, उन्होंने रक्षा मंत्रालय से जुड़े ईस्फहान के एक औद्योगिक केंद्र पर हमले के लिए भी कथित तौर पर सहयोग किया था। रिपोर्ट्स में कहा गया कि मोसेन ने पूछताछ के दौरान सभी आरोपों को कबूल कर लिया था।

### अमेरिका में दो भारतीय छात्र गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में पढ़ाई कर रहे दो भारतीय छात्रों को एक बुजुर्ग व्यक्ति से ठगी और चोरी के गंभीर आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी छात्र महम्मदिलहम वाहोरा (24) और हाजियाली वाहोरा शिकागो की ईस्ट-वेस्ट यूनिवर्सिटी में पढ़ते हैं और छात्र वीजा पर अमेरिका में रह रहे थे। एल पासो काउंटी शेरिफ कार्यालय के मुताबिक, दोनों को इस महीने एल पासो काउंटी जेल में बंद किया गया है और उन पर बुजुर्गों के खिलाफ अपराध, चोरी, डकैती और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे संगीन आरोप लगाए गए हैं। यह मामला अक्टूबर 2024 का है, जब शेरिफ के क्षेत्रीय संचार केंद्र को एक बुजुर्ग से शिकायत मिली कि उन्हें एक ठग ने फोन कर खुद को सरकारी एजेंट बताया और बार-बार धमकाया। डर के कारण बुजुर्ग ने क्रिप्टोकरेंसी एटीएम के जरिए पैसे भेजे और सोना खरीदा, जिसे बाद में आरोपी उनसे व्यक्तिगत रूप से लेकर चले गए।

### वैश्विक शिखर सम्मेलन में जुड़ेंगे विभिन्न क्षेत्रों के लोग

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मई के पहले सप्ताह मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में होने वाले 'विश्व आडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) के दौरान वैश्विक मीडिया संवाद का नेतृत्व करेंगे। कार्यक्रम 1 से 4 मई तक होगा। पीएम मोदी कार्यक्रम के दौरान 'भारत में सृजन करें, विश्व के लिए सृजन करें' के अपने दृष्टिकोण के अनुरूप भारत को वैश्विक मीडिया और मनोरंजन केंद्र के रूप में स्थापित करने की आधारशिला भी रखेंगे। रिपोर्ट के अनुसार वेव्स को विभिन्न देशों के रचनाकारों को जोड़ने और मीडिया व मनोरंजन क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के मकसद से एक मंच के रूप में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन रचनात्मक पेशेवरों, नीति निर्माताओं, उद्योग जगत के नेताओं, प्रौद्योगिकी कंपनियों, स्टार्टअप और निवेशकों को एक मंच पर लाएगा। सम्मेलन में वैश्विक मीडिया संवाद, क्रेता-विक्रेता बैठकें, युवा रचनाकारों के लिए पिचिंग अवसर और उभरते डिजिटल स्टोरीटेलिंग प्रारूपों के प्रदर्शन सहित कई सत्र होंगे। मुंबई वेव्स से नम्रता शुक्ला की रिपोर्ट।

### हूती विद्रोहियों पर अब अमेरिका के साथ ब्रिटेन का हमला

**लंदन।** यमन में बैठे हूती विद्रोहियों की अब खैर नहीं है। अमेरिका के बाद अब ब्रिटेन ने भी हूतियों को खत्म करना शुरू कर दिया। ब्रिटेन की रॉयल एयर फोर्स (आरएएफ) ने अमेरिका के साथ मिलकर यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकाने पर हमला किया। ब्रिटेन और अमेरिका के लड़ाकू विमानों ने यमन में ड्रोन कारखाने को निशाना बनाया। यहां पर लाल सागर और अदन की खाड़ी में अंतरराष्ट्रीय जहाजों पर हमला करने के लिए ड्रोन बनाए जाते थे। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 29 अप्रैल 2025 को ब्रिटेन की सेना ने यमन में हूती सैन्य लक्ष्य के खिलाफ अमेरिकी सेना के साथ एक संयुक्त अभियान में भाग लिया। यह कार्रवाई ब्रिटेन सरकार की लंबे समय से चली आ रही नीति के अनुरूप थी। हूतियों ने नवंबर 2023 में अपने हमले शुरू किए थे। इससे लाल सागर में नौवहन की स्वतंत्रता को खतरा था। हूतियों ने अंतरराष्ट्रीय जहाजों पर हमला किया और निर्दोष व्यापारी नाविकों की हत्या की थी।

# 'यूक्रेन से जंग में नॉर्थ कोरिया के चार हजार सैनिक मरे'

**सियोल।** रूस के साथ मिलकर यूक्रेनी सेना के खिलाफ लड़ रहे 4,700 उत्तर कोरियाई सैनिक अबतक हताहत हो चुके हैं। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने बुधवार को सांसदों को यह जानकारी दी। यह आकलन उत्तर कोरिया द्वारा पहली बार पुष्टि किए जाने के दो दिन बाद आया है। उत्तर कोरिया की ओर से कहा गया था कि उसने रूस को कुर्स्क क्षेत्र के कुछ हिस्सों पर फिर से कब्जा करने में मदद के लिए अपने सैनिक भेजे थे। संसदीय समिति की बैठक में भाग लेने वाले सांसद ली सेओंग क्वेउन ने कहा कि जनवरी और मार्च के बीच 2,000 घायल उत्तर कोरियाई सैनिकों को उत्तर कोरिया वापस भेजा गया।

# अमेरिका में सीईओ ने पत्नी-बेटे को उतारा मौत के घाट

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में वाशिंगटन के न्यूकैसल में एक भारतीय टेक उद्यमी ने अपनी पत्नी और बच्चे को गोलीमार कर खुद आत्महत्या कर ली। मृतकों की पहचान हर्षवर्धन एस किक्केरी (57), उनकी पत्नी श्वेता पन्याम (44) और उनके



### फिर खुद की आत्महत्या स्कूल गया मासूम बचा

14 वर्षीय बेटे के रूप में हुई है। दंपति का एक बेटा बच गया, क्योंकि वह घटना के समय घर पर नहीं था। घटना के पीछे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। हर्षवर्धन एस किक्केरी मैसूर में मुख्यालय वाली रोबोटिक्स कंपनी होलोवर्ल्ड के संस्थापक और सीईओ थे। उनकी पत्नी कंपनी की सह-संस्थापक थीं। किक्केरी और उनकी पत्नी ने 2017 में भारत लौटकर होलोवर्ल्ड की सह-स्थापना की, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण कंपनी 2022 में बंद हो गई और वे अमेरिका लौट आए।


# विदेशी छात्रों की कानूनी मान्यता खत्म करेगा ट्रंप प्रशासन

**वॉशिंगटन।** ट्रंप प्रशासन ने विदेशी छात्रों की कानूनी मान्यता को समाप्त करने का एलान किया है। हाल ही में छात्रों के वीजा रद्द किए जाने के मामलों के बाद अमेरिका सरकार ने

### अमेरिकी सरकार ने कोर्ट को बताई पूरी योजना

संघीय अदालत को नई नीति की पूरी जानकारी कोर्ट को दी।

मार्च के अंत से अब तक 170 से ज्यादा यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में पढ़ रहे हजारों छात्रों के वीजा या कानूनी स्थिति को खत्म कर दिया गया था। इसे लेकर तमाम छात्रों ने अदालत में मुकदमे दायर किए हैं। छात्रों का आरोप है कि उन्हें न तो कोई चेतावनी दी गई, न ही सफाई



का मौका मिला। सरकार की कार्रवाई के बाद कुछ छात्र आव्रजन अधिकारियों द्वारा पकड़े जाने के डर से छिप गए या अपनी पढ़ाई छोड़कर घर लौट गए।

कानूनी मान्यता रद्द करने के विरोध में अदालत पहुंचे छात्र अक्षर पटेल के मामले में अदालत में सरकार ने अपनी नई नीति की जानकारी दी। अक्षर पटेल टेक्सास में सूचना प्रणाली का अध्ययन करने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्र हैं। पटेल की कानूनी स्थिति इस महीने समाप्त कर दी गई थी और फिर बहाल कर दी गई। निर्वासन बचने के लिए उन्होंने प्रारंभिक अदालती फैसले की मांग की थी।

कोर्ट में अधिकारियों ने कहा कि सरकार नई नीति के तहत अंतरराष्ट्रीय छात्रों की कानूनी स्थिति को बहाल कर रही है। नीति में छात्रों की कानूनी स्थिति को रद्द करने के कई कारण बताए गए हैं। इसमें उनके वीजा को रद्द करना भी शामिल है।

# इजरायल की आबादी पहली बार एक करोड़ के पार

**तेल अवीव।** इजरायल की आबादी पहली बार एक करोड़ के पार हुई है। 1948 के बाद से यह पहला मौका है,

### कई देशों से अकेले लड़ता है यहूदी देश

जब इजरायल की संख्या 10.1 मिलियन हुई है। देश की स्थापना के बाद से अब तक यहूदी मुल्क की आबादी में 12 गुना तक इजाफा हो चुका है। इजरायल के जनसांख्यिकी विभाग के अनुसार बीते साल की तुलना में इजरायल की आबादी में 1 लाख 35 हजार यानी 1.4 फीसदी का इजाफा हुआ है। दिलचस्प बात है कि अब भी यहूदियों की आबादी 80 लाख भी नहीं पहुंची है। इजरायल का संघर्ष पड़ोस के फिलिस्तीन, लेबनान,



मिस्र जैसे देशों से लंबे समय से रहा है। 1948 में देश की स्थापना के बाद से ही यह संघर्ष चलता रहा है। ऐसे में यहूदियों और पूरे इजरायल की ही आबादी एक करोड़ से कम होना चर्चा का विषय रहा है। अब इजरायल की आबादी तो एक करोड़ के आंकड़े तक पहुंच गई है, लेकिन यहूदियों की संख्या अब भी 80 लाख से नीचे है। आंकड़े के अनुसार इजरायल की आबादी में यहूदियों की संख्या फिलहाल 77.6 फीसदी ही है। देश में 2.1 मिलियन यानी करीब 20 फीसदी मुसलमान, ईसाई और अरब हैं। इसके अलावा ढाई लाख लोग यानी 2.5 फीसदी ऐसे भी हैं, जो किसी भी कैटिगरी में नहीं आते। इनमें विदेशी छात्र, मजदूर और अवैध रूप से वहां पहुंचे प्रवासी शामिल हैं। आंकड़ा बताता है कि इजरायल में बीते एक साल में 1 लाख 74 हजार बच्चों का जन्म हुआ। इसके अलावा 28 हजार लोग दूसरे देशों से आकर वहां बस गए और 50 हजार इजरायलियों की मौत हो गई।

### गाजा पर हमले में 12 मरे

**गाजा।** इजरायल और हमास के बीच का संघर्ष दिन-प्रतिदिन और घातक होता हुआ जा रहा है। इसी बीच बुधवार को गाजा में इजरायल ने एक बार फिर जोरदार हमला किया। इस हमले में लगभग 12 लोगों की मौत हो गई, जिसमें तीन बच्चे भी शामिल है। अल-अक्सा अस्पताल के मुताबिक, हमले नुसेरात शरणार्थी शिविर के तीन घरों पर किए गए। बच्चों में दो सगे भाई थे, जिनके शवों के टुकड़े अस्पताल पहुंचे।

# स्पेन, पुर्तगाल में बिजली सेवा बहाल

**मैड्रिड।** स्पेन और पुर्तगाल में बिजली लगभग पूरी तरह बहाल कर दी गई है। हालांकि यूरोप के सबसे गंभीर 'ब्लैकआउट' के कारणों को

### 'ब्लैकआउट' की वजह अब भी रहस्य

लेकर कई सवाल बने हुए हैं, जिसके कारण उड़ानें रोक दी गईं, मेट्रो प्रणाली ठप हो गई, मोबाइल संचार बाधित हो गया और इबेरियन प्रायद्वीप में एटीएम निष्क्रिय रहे।

स्पेन के विद्युत संचालक 'रेड इलेक्ट्रिका' ने कहा कि सुबह 7 बजे तक बिजली की 99 प्रतिशत से अधिक आपूर्ति बहाल कर दी गई। मंगलवार तक जनजीवन सामान्य तरीके से पटरी पर दौड़ने लगा। स्पेन में स्कूल और दफ्तर पुनः खुल गए, राजधानी के मुख्य मार्गों पर यातायात सुचारू हो गया और काफी समय के बाद सार्वजनिक परिवहन सेवाएं भी पुनः शुरू हो गईं। स्पेन के अधिकारियों ने 'ब्लैकआउट' के कारणों को लेकर कोई नया स्पष्टीकरण नहीं दिया है।

स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने राष्ट्र के नाम अपने टेलीविजन संदेश में कहा कि इस दक्षिण यूरोपीय देश के पावर ग्रिड में मात्र पांच सेकंड में 15 गीगावाट बिजली का नुकसान हुआ, जो उसकी राष्ट्रीय मांग के 60 प्रतिशत के बराबर है। सांचेज ने कहा, 'हमारी व्यवस्था कभी भी पूरी तरह धराशायी नहीं हुई।' उन्होंने कहा कि देश में सबकुछ ठप पड़ जाने के इतने घंटे बाद भी अधिकारी अभी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर हुआ क्या था।

# सिमरन कौर ने सीखा ऑटो चलाना!



मोस्ट पॉपुलर फिक्शन शो 'जमाई नं. 1' के आने वाले हाई-वोल्टेज एपिसोड में दर्शकों को एक जबर्दस्त इमोशनल रोलरकोस्टर का सफर देखने मिलेगा, जब रिद्धि का किरदार निभा रहीं सिमरन कौर अपने एक हिम्मत भरे कदम से सबका दिल जीत लेंगी। कहानी में एक ड्रामेटिक मोड़ तब आता है जब रिद्धि के ऑन-स्क्रीन ससुर को अचानक दिल का दौरा पड़ता है। मदद का कोई रास्ता न देख, रिद्धि बिना एक पल गंवाए पास खड़े एक ऑटो-रिक्शा में बैठती है और अपने हौसले, जज़्बे और परिवार के लिए प्यार भरे जज़्बातों की शानदार मिसाल पेश करते हुए उन्हें अस्पताल पहुंचाने के लिए निकल पड़ती है। इस सीन की शूटिंग करना सिमरन के लिए एक बिल्कुल अलग और चुनौती भरा अनुभव रहा। अपने किरदार को पूरी सच्चाई से निभाने के लिए मशहूर सिमरन ने इस पूरे सीन को बिना बॉडी डबल के खुद करने का फैसला किया। इससे पहले उन्होंने कभी ऑटो-रिक्शा नहीं चलाया था, लेकिन उन्होंने इस चुनौती को पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनाया। प्रोडक्शन टीम के सपोर्ट से उन्होंने जल्दी ही बेसिक बातें सीख लीं और दबाव भरे माहौल में भी इस सीन को शानदार तरीके से अंजाम दिया। सिमरन ने कहा, ''ये अब तक का सबसे अलग और एक्साइटिंग अनुभव रहा! मैंने इससे पहले कभी ऑटो नहीं चलाया था, तो ये पूरा सीन मेरे लिए नया था। टेक से एक घंटे पहले ही मैंने इसे चलाना सीखा, और शायद इसी वजह से सीन में एक रॉ और रियल इमोशन आ गया।

# जल्द ऑफएयर होगा 'कैसे मुझे तुम मिल गए'!

बेहद लोकप्रिय शो 'कैसे मुझे तुम मिल गए' अपने 500 से भी ज्यादा एपिसोड्स पूरे कर चुका है। और यह कमाल सिर्फकहानी की




दमदार पकड़ का नहीं, बल्कि दर्शकों के प्यार और भरोसे का भी है। पिछले डेढ़ सालों से अमृता (सृति झा) और विराट (अर्जित तनेजा) की यह खूबसूरत कहानी दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बना चुकी है। एक ऐसी प्रेम गाथा, जो कई मुश्किलों और समाज की सोच के खिलाफलड़ती रही, और बार बार ये साबित करती रही कि सच्चा प्यार हर मुश्किल जीत सकता है। इस शो की परतदार कहानी ने हर उस चुनौती को सामने रखा जो एक लड़की और लड़के को समाज से मिलती है। बबीता (किशोरी शहाणे) की कड़ी आपत्ति, खुद विराट का महिलाओं को लालची समझना, और प्रियंका (प्रतीक्षा होनमुखे), मानवी (अकांक्षा चमोला), और अबीर (पुलकित बांगिया) जैसे किरदारों का बार-बार उनके बीच दीवार बनना, लेकिन फिर भी, प्यार ने हर बार राह बना ही ली। इस दौरान, कई शानदार कलाकारों की एंट्री ने शो को और रंगीन बना दिया। किशोरी शहाणे, हेमांगी कवी, प्रतीक्षा होनमुखे, पुलकित बांगिया, अकांक्षा चमोला जैसे कलाकारों ने अपने अपने किरदारों से शो में जान डाल दी। अब ये शो एक दिल छू लेने वाले क्लाइमैक्स की ओर बढ़ रहा है, जहां अमृता और विराट की लव स्टोरी को मिलेगा एक खुशियों भरा अंत। सृति झा ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा, ''कैसे मुझे तुम मिल गए' मेरे लिए प्यार, हंसी और अनगिनत यादों के 500 एपिसोड्स का एक खूबसूरत सफर रहा है।

## बाजार दर्पण

AWPL
परिवार का हिस्सा बने और बने निरोग खुद भी जिये औरो को भी जीना सिखायें
सुख और समृद्धि दोनो पायें
आयुर्वेद अपनाये जीवन और पैसा दोनो बचायें
जय किशन यादव



फ्रेंचाइजी विनायक एसोसिएट
पता– 6/2 कटरा माधोकुँज प्रयागराज
मो. 9935657889



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099 +918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089